शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद
शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 249
मूल्य ₹ 6
आमंत्रण मूल्य ₹ 3 मात्र
पृष्ठ संख्या 12

विनिसियस जूनियर और बोनमाटी को फीफा... ▸10 | रांची में 1.88 लाख और राज्य में 7 लाख... ▸02 | यामी गौतम ने पति, बेटा व संजय दत्त के साथ... ▸08

न्यूज इन ब्रीफ

चैंपियंस ट्राफी में भारत-पाक मैच होगा

मुंबई। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मामले पर बड़ी जानकारी शेयर की है. उसने बताया है कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत ही होगा. टीम इंडिया अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी. हालांकि अभी तक आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल जारी नहीं किया है. बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से इंकार कर दिया था. लिहाजा बीसीसीआई की बात को मानते हुए आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल पर मुहर लगा दी है. इसके साथ ही आईसीसी ने पाकिस्तान को एक खुशखबरी भी दी है. आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर अपनी वेबसाइट पर जानकारी शेयर की है.

कुलगाम मुठभेड़ में पांच आतंकी ढेर

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष कमांडर सहित हिज्बुल मुजाहिदीन के पांच आतंकवादी मारे गए हैं. इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार रात जिले के बेहीबाग इलाके के कद्दर में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था. उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर भारी फायरिंग की. जिसके जवाब में सुरक्षाबल के जवानों ने फायरिंग की. इस फायरिंग में पांच आतंकवादी मारे गए.

पंजाब में फिर थाने पर ग्रेनेड अटैक

चंडीगढ़। पंजाब में एक बार फिर पुलिस थाने पर हमला किया गया है. बख्शीवाला पुलिस थाने पर ग्रेनेड से हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है. एक महीने के अंदर यह सातवां ग्रेनेड हमला है. इस हमले से पहले पंजाब में बीते 25 दिनों में छह बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया गया है. पंजाब पुलिस की प्राथमिक जांच में इस बात की भी पुष्टि हो गई है कि इनके पीछे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल, खालिस्तान टाइगर फोर्स, केजेडएफ व अन्य संगठनों का हाथ है.

कार्टून कोना

सर्राफा

सोना (बिक्री)	70,900
चांदी (किलो)	90,000

मंईयां सम्मान योजना: विभागीय प्रक्रिया पूरी, रांची या संथाल में कार्यक्रम, सीएम हेमंत सोरेन जारी करेंगे राशि

28 तक पांचवीं किश्त के ₹2500 महिलाओं के खाते में जाएंगे

विशेष संवाददाता। रांची

हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की पांचवी किस्त की राशि 2500 रुपये 28 दिसंबर तक महिलाओं के बैंक खाते में भेज दी जाएगी. सीएम हेमंत सोरेन इसे खुद जारी करेंगे. अधिकारियों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं. मिली जानकारी के अनुसार इसकी विभागीय प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. संभवतः रांची या संथालपरगना से मुख्यमंत्री पांचवी किश्त की 2500 रुपये की जारी कर सकते हैं. पहले लाभुक महिलाओं की संख्या करीब 57 लाख थी, जिन्हें एक हजार रुपये की राशि की चार किश्त मिलती थी. लेकिन अब लाबुक महिलाओं की संख्या 60 लाख पार हो जाने का दावा किया जा रहा है.

किन महिलाओं को नहीं मिलेगा लाभ

- जिनका नाम झारखंड के किसी तरह के राशन कार्ड में नहीं है.
- **जो सरकारी सेवक हैं, उनके पत्नी को या खुद उस महिला को नहीं मिलेगा**
- जो किसी अन्य सरकारी योजना जैसे पेंशन आदि का लाभ ले रही हों
- **आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पारा शिक्षक या अन्य अनुबंध कर्मी जो सरकार का मानदेय लेते हैं.**
- लाभुक यदि झारखंड की निवासी नहीं हैं, तो योजना का लाभ नहीं मिलेगा

पैसा नहीं आया तो हो सकता है यह कारण

- **अगर आपने मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन करते समय गलत खाता नंबर डाला है, तो आपको इस योजना के पैसे नहीं मिलेंगे.**
- बैंक का गलत आईएफसी कोड डालने वाली महिलाओं के खाते में भी मंईयां सम्मान योजना के पैसे नहीं आएंगे.

ऐसे चेक कर सकते हैं बैंक और आधार से लिंक है या नहीं

- बैंक खाता आधार से लिंक है या नहीं चेक करने के लिए आपको सबसे पहले नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा.
- **आपको वेबसाइट खुलने पर आप होम पेज पर दिये गये कंज्यूमर का विकल्प दिखेगा, उसे क्लिक करें.**
- इसके बाद एक नया पेज खुलने पर दायीं ओर भारत आधार सीडिंग इनेबलर (बीएएसई) ऑप्शन दिखेगा, उसे क्लिक करें. इसे क्लिक करते ही आपके सामने एक नया पेज खुलेगा.
- **यहां आपको मैपड स्टेटस पर क्लिक करना होगा. फिर आपको आधार कार्ड नंबर भरने का विकल्प मिलेगा. उसे भरने पर आपके सामने डीबीटी स्टेटस आ जाएगा. फिर आप बैंक से संबंधित सभी विवरण देख सकते हैं.**
- इस बात पर ध्यान दें कि यदि मैपिंग स्टेटस में इनेबल्ड के अलावा कुछ और लिखा होने पर आपका बीडीटी चालू नहीं होगा.

संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की

भाजपा सांसद घायल, राहुल गांधी पर धक्का देने का आरोप

अस्पताल में इजाजरत भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के मुद्दे पर संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की तक हो गई. इसमें भाजपा सांसद व पूर्व मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए. उनके माथे पर चोट लगी और वहां से खून निकलने लगा. जिसके चलते उन्हें तत्काल एबुंलेंस से अस्पताल ले जाया गया. आरोप है कि संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उलझ पड़े. राहुल गांधी ने संसद भवन में प्रवेश करने के चलते एक सांसद को धक्का दे दिया, वे आगे खड़े प्रताप चंद्र सारंगी के ऊपर गिरे, जिससे सारंगी चोटिल हो गए. व्हील चेयर पर बैठ कर एबुंलेंस तक जाते हुए सारंगी ने कहा, मैं सीढ़ियों के पास खड़ा था, राहुल गांधी आए और उन्होंने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिर गया, जिससे मैं भी गिर पड़ा.

स्वयं राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि वे संसद भवन के भीतर जाना चाहते थे. उन्होंने कहा मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था. लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे. ये संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है.बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे प्रताप चंद्र सारंगी पर गिरे थे. मुकेश राजपूत को अचेतावस्था में आईसीयू में भर्ती कराया गया है.

इंडिया ब्लॉक ने किया प्रदर्शन

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी नेतृत्व में गुरुवार को संसदीय दल की बैठक हुई. बाद में आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया. विपक्षी सांसदों ने डॉ भीम राव अंबेडकर की मूर्ति से लेकर संसद के मकर द्वार तक मार्च निकाला. इसी बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि उन्होंने राज्यसभा की कार्यवाही में अमित शाह के बयान को पढ़ कर सुनाया जिसमें वे कह रहे हैं, मान्यवर, अभी एक फैशन हो गया है- अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर. इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों में स्वर्ग मिल जाता. श्रीनेत ने कहा कि ये शब्द गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सदन में कहे हैं. इस वक्तव्य को किसी प्रकार से तोड़ा- मरोड़ा नहीं गया है. इस वक्तव्य का साक्ष्य राज्य सभा की वेबसाइट पर है. अमित शाह को इस अक्षम्य अपराध के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए.

भाजपा सांसदों ने हमें सदन में घुसने से रोका : राहुल

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान खरगे ने कहा कि हम संसद में रोज धरना देते थे, आज तक हिंसा नहीं हुई. हम देशव्यापी आंदोलन करेंगे. भाजपा सांसदों ने मुझे धक्का दिया. हमारी महिला सांसदों को धक्का दिया. सरकार ने शांति भंग की. हमारे ऊपर हमला किया गया. वो लोग हमारा मजाक उड़ा रहे थे.वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि संसद में बीजेपी ने अडानी के मामले पर चर्चा को रोकने की कोशिश की. बीजेपी शुरू से इस पर डिस्ट्रैक्शन कर रही थी. इसके बाद गृह मंत्री का अंबेडकर को लेकर बयान आया. बीजेपी की सोच अंबेडकर विरोधी है. आज फिर बीजेपी ने नया डिस्ट्रैक्शन किया. हम संसद जा रहे थे, संसद की सीढ़ियों पर बीजेपी के सांसद डंडे लेकर खड़े थे और हमें अंदर नहीं जाने दे रहे थे. हम शांति से संसद जा रहे थे. उन्होंने कहा कि गृह मंत्री का इस्तीफा होना चाहिए. साथ ही वह अंबेडकर के अपमान पर माफी भी मांगें.

भाजपा ने राहुल गांधी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया

उधर, राहुल गांधी पर बीजेपी ने अपने सांसदों को धक्का देने का आरोप लगाया है, जिसमें दो सांसद जख्मी हुए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं. वहीं महिला सांसद ने भी राहुल गांधी पर आरोप लगाया है. इस धक्का कांड को लेकर बीजेपी और कांग्रेस, दोनों ने संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई है. बीजेपी ने अपनी शिकायत में हत्या का प्रयास तक का आरोप राहुल गांधी पर लगाया गया है.बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई है. इसके बाद बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि इनको कानून के उल्लंघन की आदत है. उनकी धक्का-मुक्की में 2 सांसद गिरे और उनको चोट आई. हत्या के प्रयास की धाराओं में शिकायत दी है. बीएनएस की धारा 109 के तहत शिकायत दी गई है. घटना के बाद भी राहुल गांधी का आहंकार नहीं टूटा और वो बिना सांसदों से मिले निकल गए. राहुल गांधी अपने आप को कानून से ऊपर समझते हैं.

राहुल गांधी के खिलाफ इन धाराओं में दी गई शिकायत-

- **धारा 109:** हत्या का प्रयास
- **धारा 115:** स्वेच्छा से चोट पहुंचाना
- **धारा 117:** स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना
- **धारा 121:** सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य से विचलित करने के लिए चोट पहुंचाना
- **धारा 351:** आपराधिक धमकी
- **धारा 125:** दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालना

'कांग्रेस ने मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा दी'

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान ने संसद में घायल हुए सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत से अस्पताल में भेंट कर उनका हाल जाना. इस दौरान शिवराज चौहान ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने जो गुंडागर्दी की है, उसका दूसरा उदाहरण नहीं मिलता. ये संसद के इतिहास में काला दिन है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं की धज्जियां उड़ा दी गई. शिवराज सिंह ने कहा कि अमित शाह जी ने अपने भाषण में कांग्रेस की जो पोल खोली, उसकी खीज इतनी कि ये गुंडागर्दी पर उतर आए हैं. उन्होंने कहा कि सांसद सारंगी घायल हैं, उनके सिर से ब्लीडिंग हो रही थी, उनकी आंख के पास टांके लगाए गए हैं. सांसद मुकेश राजपूत यहां एडमिट हैं, उन्हें घबराहट हो रही है और बीपी बढ़ा हुआ है.

मैं असहज हो गयी: फांनोन कोन्याक

संसद में प्रदर्शन के दौरान हुए वाकये पर आरोपों की झड़ी लग गयी है. बीजेपी की राज्यसभा सांसद फांनोन कोन्याक ने राहुल

गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. भाजपा सांसद ने कहा कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे. तभी, राहुल गांधी मेरे बहुत करीब आ गए. राहुल के करीब आने से मैं असहज हो गई. मुझे ये अच्छा नहीं लगा. बीजेपी सांसद ने राज्यसभा चेयरमैन को चिट्ठी लिखी है. उन्होंने चिट्ठी में आगे कहा कि राहुल गांधी मेरे ऊपर चिल्लाने लगे. आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए. हमें उनकी धमकी देने का तरीका पसंद नहीं आया.

शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया

नयी दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है. यह जानकारी कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने दी है. गुरुवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव राज्यसभा में डॉ अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए पेश किया गया. कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि सदन की उपस्थिति में कोई भी दुर्व्यवहार या अपमानजनक बयान देना विशेषाधिकार का उल्लंघन है.

भारत जोड़ो अभियान में संदिग्ध संगठन थे

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान में संदिग्ध 13 संगठन सक्रिय रहे हैं. इन संगठनों पर कार्रवाई करने की मांग कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही की गई थी. मुख्यमंत्री फडणवीस गुरुवार को नागपुर विधानसभा में संबोधन दे रहे थे. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में पूर्व गृहमंत्री आरआर पाटिल ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों को सरकार विरोध में उकसाने वाले 48 संगठनों की सूची तैयार की थी और तत्कालीन केंद्रीय सरकार को भेजी गई थी. इसी तरह देश के अन्य क्षेत्रों से भी इस तरह की सूची मंगवाई गई थी.

शेयर बाजार में लगातार तबाही जारी

मुंबई। शेयर बाजार में लगातार पांच दिन से भारी गिरावट का मंजर जारी है. वहीं अब अमेरिका के रेट कटौती के ऐलान के बाद तो यह गिरावट और तेज हो गई है. गुरुवार को सेंसेक्स 964 अंक से टूट कर 79218 पर क्लोज हुआ, जबकि निफ्टी 247 अंक गिरकर 23951 पर बंद हुआ. वहीं बैंक निफ्टी 563 अंक टूटकर 51575 पर बंद हुआ. पिछले पांच दिनों में सेंसेक्स 2915 अंक या 3.55 फीसदी गिर चुका है. वहीं निफ्टी 816 अंक या 3.3 फीसदी तक गिर चुका है. आईटी, बैंकिंग, मेटल शेयरों में बिकवाली रही, जबकि रियल्टी, पीएसई, एफएमसीजी शेयरों पर भारी दबाव रहा.

सुर्खियों में पेंटागन की ताजा रिपोर्ट में खुलासा, कहा- पड़ोसी सीमा पार बढ़ा रहा ताकत

गलवान संघर्ष के बाद चीन ने नहीं बदली पोजीशन

शुभम संदेश डेस्क

चीन लगातार लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) की तरफ मिलिट्री बिल्ड अप बढ़ा रहा है. यानी सैन्य ताकत और ढांचागत निर्माण. ये खुलासा हुआ है अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस ने 2024 की सालाना रिपोर्ट में.इसमें कहा गया है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) लगातार अपनी सेना की ताकत को एलएसी के आसपास बढ़ा रहा है. साल 2020 में गलवान संघर्ष के बाद ये बढ़ते जा रहे हैं. उसने अपनी सेना पीछे नहीं खींची है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सबसे बड़ी कमांड है वेस्टर्न थिएटर कमांड (डब्ल्यूटीसी). ये लद्दाख के पास वाली कमांड है. यहां पर सीमा के पास चीन अपनी ताकत को मजबूती से बढ़ा रहा है.

यहां पर बीजिंग में मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर दिया है. सड़कें बनाई हैं. एयरबेस बनाए हैं. लॉजिस्टिक फैसिलिटी बनाई है.

चीन इनकी मदद से एलएसी पर तैनात कई ब्रिगेड्स को सहायता प्रदान कर सकता है. या नए ब्रिगेड तैनात कर सकता है. इस हरकत से पता चलता है कि चीन विवादित सीमा और इलाके को लेकर क्या तैयारी कर रहा है. ताकि भारत के डिफेंसिव मैकेनिज्म को काउंटर कर सके.

पेंटागन की रिपोर्ट के महत्वपूर्ण बिंदु

1. 2020 के बाद से निर्माण... भारत और चीन के बीच 21 दौर की कोर कमांडर-स्तर की वार्ता के बावजूद, चीन की सेना ने 2020 के बाद से स्थापित अपनी अग्रिम स्थिति बनाए रखी है. इसमें डी-एस्केलेशन के कोई संकेत नहीं हैं.

2. सैन्य बुनियादी ढांचे में वृद्धि... रिपोर्ट में सीमा क्षेत्रों में पीएलए की लंबे समय तक तैनाती को सक्षम करने वाले बेस, एयरफील्ड और अन्य लॉजिस्टिक नोड्स के निर्माण का विवरण दिया गया है.

3. वेस्टर्न थिएटर कमांड पर फोकस... डब्ल्यूटीसी का प्राथमिक मिशन तिब्बत और शिनजियांग में भारत के साथ चीन की सीमा की सुरक्षा करना है. इसमें संयुक्त हथियार ब्रिगेड, यूएवी यूनिट और मिसाइल बेसों सहित अपने शस्त्रागार को आधुनिक बनाना शामिल है.

4. आतंकवाद विरोधी और क्षेत्रीय स्थिरता... घरेलू स्तर पर, डब्ल्यूटीसी को तिब्बत और शिनजियांग में कथित अलगाववाद और आतंकवाद को दबाने का काम सौंपा गया है.

5. शी जिनपिंग के निर्देश... रिपोर्ट में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इस्लाम को कम करने और शिनजियांग में धार्मिक और जातीय गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण पर जोर देने का उल्लेख किया गया है.

बारिश के बाद रहेगा घने कोहरे का असर, अलर्ट जारी

संवाददाता। रांची

झारखंड में शीतलहर का प्रभाव लगातार बना हुआ है. मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण शुक्रवार को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हो सकती है. विशेष रूप से पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां में बारिश होने की संभावना जताई गई है.

बारिश के बाद झारखंड में घने कोहरे का भी असर रहेगा. इस संबंध में येलो अलर्ट जारी किया गया है. शनिवार की सुबह राज्य के उत्तर-पश्चिमी और मध्य भागों में घना कोहरा छाने की संभावना है. रांची, गुमला, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा, पलामू और रामगढ़ में कोहरे के कारण दृश्यता कम हो सकती है. वहीं, 22 दिसंबर को राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में भी सुबह के समय घने कोहरे की संभावना है. गुमला, रांची, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जैसे इलाकों में कोहरा रहने की संभावना है. इस दौरान सड़क पर वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है. साथ ही मौसम विभाग ने बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखने की अपील की है.

बकाया मुद्दा : बाबूलाल ने फिर साधा निशाना, कहा-

यूपीए शासन व शिबू के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली हुई थी

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार और केंद्र में बकाया को लेकर छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर सरकार पर निशाना साधा है. मरांडी ने एक्स पर पोस्ट साझा किया है. साथ ही उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से सवाल भी किए हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ के कोयला रॉयल्टी के दावे पर जनता को सच्चाई जानने का हक़ है. उन्होंने सीएम से सवाल करते हुए कहा कि यह बकाया किस-किस साल का है और किस-किस योजना/परियोजना का है.इसका आधार क्या है. यूपीए शासन और शिबू सोरेन के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली गयी थी.

दस्तावेज और फैक्ट पारदर्शिता के साथ रखें: मरांडी ने कहा, पारदर्शिता क्यों नहीं. झारखंड के भ्रष्टाचार से भरे इतिहास को देखते हुए, जनता सबकुछ जानना चाहती है. सही दस्तावेज़ और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ रखें, तब बात करें. भाजपा झारखंड- झारखंडियों के हर अधिकार के लिए खड़ी है, जहां भी ज़रूरत होगी हम आपके साथ खड़े होंगे. लेकिन झूठे व फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे. सच्चाई पर चलिएगा तो हम हमेशा सहयोग करेंगे. उन्होंने कहा कि कहीं आप जानबूझ कर आगे मंईयां सम्मान योजना की राशि देने में विफलता के दोषारोपण की भूमिका तो तैयार नहीं कर रहे. झूठी राजनीति छोड़िए, झारखंड के असली मुद्दों पर ध्यान दीजिए.

सुप्रीम कोर्ट सख्त | **सबसे बड़ा सवाल- अब आगे क्या होगा?**

रांची में 1.88 लाख और राज्य में 7 लाख अवैध मकान

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार लंबे समय से बिना नक्शा पास कराए और नक्शे का विचलन कर बनाये गए मकानों - भवनों के नियमितिकरण की योजना पर काम कर रही थी. सिर्फ राजधानी रांची में ही लगभग1.88 लाख अवैध निर्माण हैं, जबकि राज्य भर में लगभग सात लाख अवैध मकान-भवन बने हुए हैं. इनमें से अधिकांश निर्माण बिना नक्शा पास कराये बने हैं. नक्से का विचलन कर बनाये गये मकानों की संख्या भी काफी ज्यादा है. तत्कालीन रघुवर सरकार के समय भी भवन नियमितिकरण को लेकर योजना लायी गयी थी, जिसके तहत कुछ लोगों निर्धारित शुल्क जमा कर संबंधित नगर निगम व नगर निकायों में आवेदन भी किया था. लेकिन बाद में योजना पर काम आगे नहीं बढ़ सका और मामला लटका रह गया. इसके बाद हेमेत सोरेन सरकार ने भी भवन-मकान नियमितिकरण योजना पर काम शुरू किया था. फेडेरेशन ऑफ झारखंड चैंबर की पहल पर तत्काली नगर विकास सचिव विनय चौबे के कार्यकाल में कच्चा मसौदा भी तैयार किया गया था. लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी थी. सरकार भी चैंबर की पहल पर आगे बढ़ी थी

अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए फेडरेसन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कामर्स भी सक्रिय रहा है. झारखंड सरकार भी अवैध निर्माण के नियमितिकरण की योजना पर काम कर रही थी. लेकिन सुप्रीम कोर्ट के बुधवार के आदेश में कहा कि अवैध तरीके से बने मकानों को किसी भी हालत में वैध नहीं किया जा सकता. इस फैलसे के बाद राज्य के 40 शहरों में करीब 7 लाख अवैध मकानों को वैध करने की योजना को झटका लगा है.

सरकार बना रही थी मसौदा

राज्य सरकार पिछले कुछ सालों से इन मकानों को वैध बनाने के लिए मसौदा तैयार कर रही थी. इसके लिए ओडिशा, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के मॉडल का अध्ययन कराया गया था. हेमंत सोरेन सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस पर काम शुरू किया था. योजना यह थी कि बिना नक्शा पास किए बने मकानों को नियमों के तहत रेगुलराइज कर दिया जाए.

सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि बिना नक्शा पास कराए या गलत तरीके से बनाए गए भवनों को वैध करना नियमों के खिलाफ है. कोर्ट ने कहा कि ऐसे निर्माण को नियमित करके लोगों को नियम तोड़ने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता, चाहे मकान कितने भी पुराना क्यों न हों, अवैध निर्माण को वैध करना गलत होगा.। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भवन निर्माण के नियमों का पालन अनिवार्य है.

माइनिंग घोटाला

पूर्व खान निदेशक इंद्रदेव पासवान ने किया सरेंडर, मिली सशर्त जमानत

रांची। उषा मार्टिन को माइन आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे तत्कालीन खान निदेशक इंद्रदेव पासवान ने गुरुवार को रांची सीबीआई के विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया. अदालत ने 25-25 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत दी. उनपर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में भ्रष्टाचार का आरोप है. वर्ष 2005 में कंपनी को पश्चिमी सिंहभूम के घाटकुरी में लौह अयस्क खदान आवंटित हुई थी. इसमें कथित भ्रष्टाचार हुआ. आईएएस अरुण कुमार सिंह तब खनन सचिव थे और पासवान निदेशक थे. सीबीआई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत में 220/2016 में प्राथमिकी दर्ज करायी थी. इसमें उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था. कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी. कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटेकिंग भी दिया था. हालांकि सीबीआई ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुए इस बात से मुकर गई कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था.

राष्ट्रीय जांच एजेंसी 23 नक्सली और उग्रवादियों की तलाश में जुटी हुई है

एनआईए की मोस्ट वांटेड सूची में जेल में बंद व मारे गए नक्सली भी शामिल

संवाददाता रांची

एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की टीम झारखंड के 23 नक्सली और उग्रवादियों की तलाश में जुटी हुई है. हालांकि जांच एजेंसी की सूची में कुछ वैसे भी नक्सली व उग्रवादियों के नाम हैं, जो या तो मारे जा चुके हैं, या सरेंडर कर और गिरफ्तार किये जाने के बाद जेल में बंद हैं. ऐसे उग्रवादियों पर एनआइए ने इनाम घोषित कर रखा है.

उल्लेखनीय है कि एनआईए झारखंड टेरर फंडिंग, माओवादी उग्रवाद और मानव तस्करी से संबंधित कई बड़े मामलों की जांच कर रही है. एनआईए ने कई जगहों पर छापेमारी भी की है और कई नक्सली, उग्रवादी और टेरर फंडिंग से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. जेल में बंद नक्सली व उग्रवादियों को भी एनआईए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है.

ये है एनआईए के मोस्ट वांटेड की सूची में मारे गए, सरेंडर करने वाले और पकड़े गए नक्सली

- दिनेश गोपः(गिरफ्तार) 05 लाख इनाम
- रामदयाल महतोः (सरेंडर) 03 लाख इनाम
- कृष्णा दाः(गिरफ्तार) 02 लाख
- नागेश्वर गंझू (सरेंडर)
- सौरभ दाः(गिरफ्तार) 05 लाख इनाम
- छोटू खेरवारः (मृतक)05 लाख इनाम
- राजेश उरांवः(मृतक) 01 लाख इनाम
- रंथू उरांवः (गिरफ्तार) 03 लाख इनाम
- लाज़िम अंसारीः (मृतक) 02 लाख इनाम
- अनम हस्सा पूर्तिः(गिरफ्तार) 50 हजार इनाम
- जितेंद्र नगेसियाः(सरेंडर)

एनआईए को है इन नक्सलियों की तलाश

- पतिराम मांझीः 15 लाख इनाम
- प्रयाग मांझी : 01 लाख इनाम.
- प्रदीप मंडलः 50 हजार इनाम
- अतुल महतोः 01 लाख इनाम
- गुलशन मुंडाः 02 लाख इनाम
- प्रभात मुंडाः 02 लाख इनाम
- अमित मुंडाः 05 लाख इनाम
- सचिन मारडीः 07 लाख इनाम
- निश्चल गंझुः 03 लाख इनाम
- अनिल तुरीः 02 लाख इनाम
- नागेंद्र यादवः 03 लाख इनाम
- नीरज खेरवारः 04 लाख इनाम
- मृत्युंजय भुइयाः 04 लाख इनाम
- मनीष यादवः 03 लाख इनाम
- रवीन्द्र गंझुः 05 लाख इनाम
- नवीनः 04 लाख इनाम
- चंचलः 02 लाख इनाम
- आक्रमणः 03 लाख इनाम
- अजय महतोः 03 लाख इनाम

विधायकी जाने के बाद अब सुदेश को एक और झटका

खाली करना होगा कांके रोड का आवास

राजनीति

विशेष संवाददाता। रांची

- सीएम हेमंत सोरेन का नया आवासीय कार्यालय सुदेश के आवास में होगा शिफ्ट

विधायकी जाने के बाद अब सुदेश महतो को एक और बड़ा झटका लगा है. कांके रोड स्थित वर्षों पुराना सरकारी आवास अब उन्हें खाली करना पडेग़ा. इस आवास में अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नया आवासीय कार्यालय बनेगा. भवन निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री और भवन निर्माण मंत्री ने मंजूरी दे दी है, जिसके बाद विभागीय अवर सचिव घरशोभित पंडित ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया. अब मुख्यमंत्री का आवास और आवासीय कार्यालय इसी नए आवास में शिफ्ट किया जाएगा.

आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के वर्तमान आवासीय कार्यालय का पुनर्निर्माण किया जाना है. इस बीच जब तक पुनर्निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता, मुख्यमंत्री का आवास कांके रोड स्थित आवास संख्या पांच में ही रहेगा. भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने 10 दिसंबर को विभाग को इस बारे में सूचित किया था और आवास संख्या पांच को मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय के रूप में आवंटित करने का सुझाव दिया था. इस भवन का आवंटन समय भी समाप्त हो चुका है. इस आवास में फिलहाल आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रह रहे हैं, जिन्हें यह आवास खाली करना पड़ेगा. कांके रोड स्थित यह आवास मुख्यमंत्री के पुराने आवास के पास है, और अब इसे मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के रूप में घोषित कर दिया गया है.

गया - रांची- गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रांची। ट्रेनों मे परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 03640/03639 गया - रांची - गया परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलेगी. इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 2 एवं सामान्य 14 कोच, कुल 16 कोच होंगे. ट्रेन संख्या 03640 गया -रांची परीक्षा स्पेशल, यात्रा प्रारंभ 22, 23, 25, 26, 27, 28 व 29 दिसंबर को गया से प्रस्थान (कुल 08 ट्रिप) करेगी. इसका गया प्रस्थान 14:45 बजे, कोडरमा आगमन व 15:55 बजे प्रस्थान 15:57 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 16:28 बजे व प्रस्थान 16:30 बजे, गोमो आगमन 17:30 बजे व प्रस्थान 17:32 बजे, धनबाद आगमन 18:30 बजे व प्रस्थान 18:50 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 20:35 बजे व प्रस्थान 20:40 बजे, मुरी आगमन 21:40 बजे व प्रस्थान 21:45 बजे व रांची आगमन 23:00 बजे होगा इसी तरह ट्रेन संख्या 03639 रांची - गया स्पेशल 21, 23, 24, 26, 27, 28, 29 व 31 दिसंबर को रांची से प्रस्थान (कुल 08 ट्रिप) करेगी.इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 00:30 बजे, मुरी आगमन 01:30 बजे, बोकारो 02:50 बजे, धनबाद 04:50 बजे, गोमो 5:35 बजे व प्रस्थान 05:37 बजे, हजारीबाग रोड आगमन 06:18 बजे व प्रस्थान 06:20 बजे, कोडरमा आगमन 06:50 बजे व प्रस्थान 06:52 बजे और गया आगमन 08:30 बजे होगा.

मंत्री दीपिका पांडेय का गुजरात सरकार पर बड़ा आरोप, कहा

झारखंड की बेटी से दुष्कर्म मामले में वहां के मंत्री ने मिलने का समय तक देने से इनकार कर दिया

- रांची लौटीं मंत्री, ग्रामीण विभाग की समीक्षा बैठक की, अबुआ आवास की कठनाईयों को दूर करें अफसर

विशेष संवाददाता। रांची

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गुजरात से रांची लौट आयी हैं. यहां उन्होंने गुजरात सरकार पर बड़ा हमला किया. आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने वहां के मंत्री से मिलने का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं मिला. राज्य सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को 4 लाख का चेक और 50 हजार नगद दिया गया है. जरूरत पड़ने पर उसके इलाज का खर्च सरकार देगी. बता दें कि गुजरात के भरूच में झारखंड की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ था. इसके बाद पीड़िता का इलाज अंकलेश्वर अस्पताल से भरूच सिविल और अब वडोदरा एसएसजी अस्पताल में हो रहा है. जानकारी मिलने पर सीएम हेमंत सोरेन ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में टीम को भरूच भेज कर बच्ची को मदद पहुंचाई है.

योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की: इधर रांची पहुंचने के बाद मंत्री दीपिका पांडे ने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई. अधिकारियों से विभाग की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की गयी और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाना और उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना था.

समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने का निर्देश : संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अहम दिशा निर्देश दिया.

उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर गंभीरता से आगे बढ़े, अबुआ आवास योजना को लेकर आ रहे कठिनाइयों को दूर करे, किसको तीसरा किस्त नहीं मिला है उसकी जानकारी लेकर जल्द भुगतान करे, मनरेगा मजदूरी के बकाए भुगतान की अड़चने दूर हों, इस वित्तीय वर्ष की योजनाओं को कम से कम समय पर पूरा किया जाए. मंत्री दीपिका पांडे ने कहा विभाग में बहुत काम है. सरकार ग्रामीण विकास को लेकर गंभीर है.

राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार को 4.50 लाख की मदद दी, जरूरत पड़ने पर इलाज का पूरा खर्च सरकार करेगी

गिरिडीह नगर निगम की टोल टैक्स वसूली पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

संवाददाता। रांची/गिरिडीह

झारखंड हाईकोर्ट ने गिरिडीह में नगर निगम द्वारा की जा रही टोल टैक्स वसूली पर रोक लगा दी है. यह आदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने दिया है. बता दें कि इस मामले में हाईकोर्ट ने गिरिडीह नगर निगम को तत्काल प्रभाव से आदेश को लागू करने का निर्देश दिया है. साथ ही कोर्ट ने अपने इस आदेश की कॉपी नगर विकास विभाग के मुख्य सचिव, गिरिडीह के उपायुक्त, गिरिडीह नगर निगम के नगर आयुक्त और गिरिडीह एसडीएम को भी देने की बात कही है.

टोल टैक्स के खिलाफ मोंगिया स्टील ने खटखटाया था कोर्ट का दरवाजा : बता दें कि गिरिडीह नगर निगम द्वारा टोल टैक्स वसूली मामले में मोंगिया स्टील ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. इसमें मोंगिया स्टील की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया और अधिवक्ता शिल्पी सांडिल्य ने बहस करते हुए कोर्ट को बताया कि गिरिडीह नगर निगम के पास टोल टैक्स वसूली का अधिकार नहीं है. इसके बावजूद निगम टैक्स की वसूल कर रहा है, इसी कारण नगर निगम के खिलाफ मोंगिया स्टील ने हाईकोर्ट का रुख किया था.

आईएचएम के प्राचार्य ने राज्यपाल से मिल संस्थान की उपलब्धियां बतायीं

500 दीदी को प्रशिक्षण दिया जाएगा 100 पलाश दीदी कैफे खोले जाएंगे

अच्छी खबर

संवाददाता। रांची

होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम, रांची के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार ने गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं. संस्थान की उपलब्धियां साझा की. बताया कि 2024 में संस्थान को पूरे भारत वर्ष में इंडिया टुडे रैंकिंग में प्रथम इमर्जिंग होटल मैनेजमेंट संस्थान, जीआरडीसी की रैंकिंग सर्वे में छठा स्थान और कम्पटीशन सक्सेस रिव्यू में प्रथम स्थान मिला. खाद्य सेवा क्षेत्र में ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में आईएचएम में जेएसएलपीएस की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के तहत अगले तीन वर्षों में 500 दीदी को प्रशिक्षण दिया जाएगा और 100 पलाश दीदी कैफे खोले जाएंगे

प्राचार्य ने बताया कि राज्य के स्थानीय एवं विलुप्त हो रहे व्यंजनों पर शोध के लिए दो दिनी अंतरराष्ट्रीय शेफ सम्मेलन एवं कुकरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. स्थानीय व्यंजनों एवं परंपराओं को एक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन करने के साथ झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों को विश्व स्तर की पहचान दिलाने के लिए आईएचएम द्वारा मड़ुआ को इंडिया बुक ऑफ़ रिकाड्र्स 2023 में स्थापित कीर्तिमान जैसे विषयों के बारे में बताया.

छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा : प्राचार्य ने बताया कि विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, लोहरदगा व इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में एमओयू करके लोहरदगा के गरीब छात्रों को रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में दाखिला दिया जा रहा है और पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद शत प्रतिशत रोजगार भी मुहैया कराया जा रहा है. बताया कि होटल एवं पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में संस्थान बच्चों को त्रिवर्षीय बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी और होटल एमिनिस्ट्रेशन व डिप्लोमा एवं क्राफ्ट्समेनशिप पाठ्यक्रम में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ - साथ देश-विदेश में शत प्रतिशत रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है. शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मड़ुआ आधारित विभिन्न प्रकार की रेसिपी पुस्तक मड़ुआ कुकीज़ फ्रॉम हिड्न ट्रेजर ऑफ झारखंड व विद्यार्थियों द्वारा तैयार केक व अन्य बेकरी उत्पाद भी भेंट किया गया.

बड़ी पहल | कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अफसरों के साथ बैठक कर लिया बड़ा निर्णय

बीज की किल्लत दूर करने के लिए 10 बीज ग्राम बनेंगे

विशेष संवाददाता। रांची

मंत्री बनने के बाद राज्य की नयी कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एक्शन मोड में आ चुकी हैं. गुरूवार को उन्होंने पशुपालन भवन, हेसाग में अफसरों के साथ की मीटिंग की. मीटिंग में उन्होंने राज्य में बीज की कमी को दूर करने के लिए 10 बीज ग्राम की स्थापना करने का निर्णय लिया है. इसका उद्देश्य उन्नत बीज के साथ _ साथ राज्य में बीज की कमी को पाटना है. इसके लिए पश्चिम सिंहभूम, चतरा और लातेहार के 10 गांव के साथ एमओयू किया गया. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में अच्छे बीज की हमेशा से कमी रही है . इसके साथ ही डिमांड के अनुरूप राज्य में बीज उपलब्ध नहीं हो पाता है . इस बात को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने 10 अलग _ अलग गांव को बीज ग्राम के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है . किसानों के द्वारा तैयार बीज को खुद सरकार खरीदने का काम करेगी . फिर उस बीज को राज्य के किसानों के बीच तय सब्सिडी दर पर वितरित किया जाएगा .

एफपीओ को मजबूत किया जाएगा : पशुपालन भवन में समीक्षा के दौरान मड़ुवा का उत्पादन करने वाले राज्य के 1400 किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम राशि हस्तांतरित की गई . राज्य सरकार मड़ुवा की खेती करने वाले किसानों को तीन हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से राशि का भुगतान करती है . विभाग के द्वारा पंचायत स्तर पर इसकी मैपिंग की जाती है . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग एफपीओ को मजबूत करने में जुटा है . इसी क्रम में लोहरदगा के ईपीओ को 15 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई . समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा हुई . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओं को गति देने को लेकर अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए.

मड़ुआ पैदा करने वाले 1400 किसानों के खाते में भेजी गई तीन-तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि

ईडी को मैनेज करने के मामले में राज्य सरकार पहुंची अब सुप्रीम कोर्ट

रांची। ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ के लेन-देन का मामला अब अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा गया है. हाईकोर्ट ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ के लेन-देन का मामले में दर्ज एफआईआर की पुलिस जांच पर पूर्व की रोक को बरकरार रखने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को भी सुरक्षित रखने के आदेश को भी 11 फरवरी तक बरकरार रखा है. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में राज्य की ओर से आईए दाखिल कर एकल पीठ को बताया गया कि पुलिस जांच पर रोक के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल किया है,सुनवाई लंबित है. इसलिए सुनवाई छह सप्ताह बाद की जाए. एकल पीठ ने सरकार के आग्रह को देखते हुए मामले में जवाब दाखिल करने या आपत्ति दाखिल करने के लिए छह सप्ताह का समय देते हुए अगली सुनवाई 11 फरवरी 2025 निर्धारित की है.

साहिबगंज में जलापूर्ति योजना मामला

राज्य सरकार को फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

संवाददाता। रांची

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को साहिबगंज में पेयजलापूर्ति योजना के संबंध में फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है. मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि साहिबगंज में जो ठेकेदार काम कर रहे थे, वह इस कार्य को गति नहीं दे पा रहे थे. इस कारण उन्हें हटा दिया गया है और काम पूरा करने के लिए फ्रेश टेंडर जारी किया गया है. टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए ठेकेदार को कार्य आवंटित होने के बाद जल्द ही साहिबगंज में पेयजल जलापूर्ति योजना को पूरा किया जाएगा. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए सुनवाई फरवरी निर्धारित की है. सिद्धेश्वर मंडल की जनहित याचिका पर खंडपीठ ने सुनवाई की. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव शर्मा व ओम प्रकाश ने पक्ष रखा.

पूर्व में हाईकोर्ट ने कार्रवाई का दिया था निर्देश: पूर्व की सुनवाई में खडपीठ ने साहिबगंज में जलापूर्ति योजना में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था. कोर्ट ने कहा था कि पानी लोगों की मूलभूत जरूरत होती है. गुड गवर्नेंस के तहत सरकार को लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना होगा. वहीं महाधिवक्ता ने बताया था कि साहिबगंज में योजना के लिए रेलवे से एनओसी मिल चुका है, तीन माह में प्रगति दिखेगी. कई जगहों पर पाइप भी बिछा दी गई है.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष पंचमी संवत 2081

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	26.0	09.4
जमशेदपुर	27.0	08.6
धनबाद	24.0	11.2

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

सीएम साय से अनुराधा पौडवाल ने सौजन्य मुलाकात की

ब्रीफ खबरें

डॉ. अतानु ने काला मोतिया की मशीन विकसित की

रांची । परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा के पूर्व विद्यार्थी और टीएमएच अस्पताल नोवामुंडी में ऑप्टोमेट्रिस्ट के रूप में कार्यरत डॉ. अतानु मजुमदार ने एक मशीन विकसित की है, जिससे काला मोतिया (ग्लूकोमा) जैसी आंखों की गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को राहत मिल सकती है. उनका यह आविष्कार भारत सरकार द्वारा 10 अक्टूबर 2024 को पंजीकृत किया गया है और इसका प्रमाण पत्र हाल ही में उन्हें मिला है. डॉ. अतानु मजूमदार ने बताया कि काला मोतिया, जिसे ग्लूकोमा भी कहा जाता है, एक ऐसी बीमारी है, जिसमें आंखों की नसें सूख जाती हैं और इससे आंखों की रोशनी भी जा सकती है. हालांकि, यह बीमारी खतरनाक नहीं है, यदि समय पर इसका इलाज किया जाए, तो मरीज अपनी आंखों की रोशनी बचा सकते हैं.

भाटडीह पुलिस ने जब्त किया कोयला

महुदा । सीआईएसएफ टीम एवं भाटडीह ओपी प्रभारी के द्वारा गुरूवार को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर दामोदर नदी किनारे चल रहे अवैध खदानों से लगभग 5 टन कोयला बरामद किया. इस दौरान कोयला तस्करी में शामिल लोग पुलिस को देखते ही कोयला छोड़कर वहाँ से फरार हो गये. भाटडीह ओपी पुलिस कोयला को जब्त कर ओपी ले गयी. सीआईएसएफ की टीम ने बीसीसीएल से जेसीबी मंगाकर सभी अवैध खदानों की भराई कर दी. इस संबंध में ओपी प्रभारी अनिल कुमार मंडल ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से बार-बार सूचना मिल रहा था कि दामोदर नदी किनारे तस्करों द्वारा अवैध खदान चलाकर कोयला की तस्करी कर रहे है.

रंजय हत्याकांड : गवाह पेश करने का आदेश

धनबाद। विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में गुरूवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डीसी अवस्थी की अदालत में सुनवाई हुई. अदालत ने अपर लोक अभियोजक को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया. वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की.

दुस्साहस : खनन निरीक्षकों की पिटाई, लैपटॉप मोबाइल तोड़ा, बोलेरो किया क्षतिग्रस्त

सीओ को पीटने के बाद बालू माफिया ने खनन विभाग की टीम पर किया हमला

खास बातें

- अवैध बालू लदे जब्त दो वाहन को जबरन ले गए
- खनन विभाग ने थाना में कराई नामजद एफआईआर

संवाददाता। धनबाद

बालू तस्करों की जमात निडर होती जा रही है. सीओ को पीटने के बाद अब इन लोगों ने खनन विभाग की पूरी टीम पर हमला बोल दिया. जवानों की मौजूदगी में खनन निरीक्षकों को पीटा, मोबाइल और लैपटॉप तोड़ दिया. सिर्फ इतना ही नहीं बालू तस्करों ने खनन विभाग द्वारा जब्त किए गए दो वाहनों को भी छुड़ा कर साथ ले गए. बालू तस्करों की दुस्साहस के बाद खनन विभाग की टीम ने मामले की शिकायत सरायढेला थाने में की है. पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है.
गुरुवार को बालू माफिया द्वारा अंजाम दी गई यह वारदात सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत गोल बिल्डिंग बाला जी पेट्रोल पम्प के समीप घटी है.खनन विभाग की टीम पर अवैध बालू लदा वाहन जब्त करने के दौरान हमला कर दिया गया. हमलावरों ने खान निरीक्षक बंसत उरांव का मोबाइल, लैपटॉप और बेलेरो वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और बल पूर्वक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को मौके से लेकर फरार हो गए. मामले की जानकारी जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को दी गई. इसके बाद खनन विभाग ने इंस्पेक्टर बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने सरायढेला थाना में नामजद लिखित शिकायत दर्ज कराई.
मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बिनोद बिहारी प्रमाणिक बताया कि खनन विभाग की टीम बगैर चलान के बालू का परिवहन किये जाने की सूचना पर छापेमारी की थी.जिसमें टीम ने अवैध बालू लदे चार 407 वाहनों को जब्त किया और संबंधित कार्रवाई के लिए थाने के सुपुर्द कर दिया था. इसके बाद टीम शहर में औचक निरीक्षण के लिए निकली. इस दौरान गोल बिल्डिंग के समीप बलियापुर रोड में 2 बालू लदे ट्रेक्टर को रोका और कागजात की जांच करने लगे. इस दौरान 7-8 की संख्या में बालू माफिया एकजुट हो गए और खनन विभाग की टीम और मौजूद पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया. टीम में तीन खान निरीक्षक बसंत उरांव, विजय करमाली ,सुमित प्रसाद ,तीन जिला पुलिस बल के जवान और एक ड्राइवर थे. उन्होंने कहा कि इस हमले में खनन विभाग के अधिकारी का मोबाइल ,लैपटॉप और बोलेरो वाहन पर बेलचा से हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया. इसके बाद मामले की जानकारी जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को दी गई और उक्त स्थल पहुंच कर हमलावरों की पहचान के लिए पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान पता चला कि राजेन्द्र सिंह ,असीम मंडल ,राहुल सिंह , राकेश मंडल अपने अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया है. जिसके बाद सरायढेला थाना में नामजद शिकायत दर्ज करा दी गई है. उन्होंने यह भी कहा कि बालू माफिया के इस हमले से खनन विभाग के अधिकारियों का मनोबल टूटने वाला नहीं है. विभाग द्वारा खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी.

राजेन्द्र सिंह, असीम मंडल, राहुल सिंह, राकेश मंडल ने साथियों के साथ किया हमला : बिनोद

बंसत उरांव

सीओ को पीट चुके हैं बालू माफिया

इससे पूर्व भी अवैध बालू माफिया का दुस्साहस देखने को मिला है. विगत दिनों गोविंदपुर अंचल अधिकारी पर भी बालू माफियाओं ने हमला किया था . उपरोक्त घटनाएं धनबाद में बढ़ते बालू माफिया के मनोबल को दर्शाने के लिए काफी है. हैरान करने वाली बात ये है कि सीओ के बयान पर दर्ज मामले में कई लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था. लेकिन इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है.

सतीश झा होंगे ईसीएल के नए सीएमडी

रांची/नयी दिल्ली। कोल इंडिया की सहायक कंपनी ईसीएल के सीएमडी की नियुक्ति की मंजूरी मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने दे दी है. लोक उद्यम चयन बोर्ड की अनुशंसा पर कोयला मंत्रालय ने इस पद पर सतीश झा की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा था. ईसीएल के सीएमडी के पद के लिए लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 30 जुलाई 2024 को इंटरव्यू किया था. इंटरव्यू के बाद बोर्ड ने सतीश झा के नाम की अनुशंसा कर दी है. झा ने अपने करियर की शुरुआत बीसीसीएल से की थी. वर्तमान में वह सीएमपीडीआई के निदेशक तकनीकी के पद पर कार्यरत हैं. एमडी के पद के लिए हुए इंटरव्यू में कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के 10 अधिकारियों ने हिस्सा लिया था. इसमें सीएमपीडीआई के कई निदेशक भी शामिल हुए थे. इंटरव्यू के बाद बोर्ड ने सतीश झा के नाम की अनुशंसा की थी.

सिंदरी में ठीकेदार के मुंशी को मारी गोली

हालत चिंताजनक प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर

खास बातें

- घटनास्थल से जिंदा कारतूस व खोखा बरामद
- प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने ली जिम्मेवारी, वायरल किया लेटर

संवाददाता। धनबाद/झरिया

बलियापुर थाना अंतर्गत मार्शलिंग यार्ड रेलवे गेट के निर्माणधीन अंडरपास पुल के निर्माण कार्य करा रहे ठीकेदार के मुंशी प्रमोद कुमार सिन्हा 27 वर्षीय को गुरुवार की शाम करीब 6:30 बजे बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी. गोली प्रमोद कुमार सिन्हा के बाईं ओर सीने में लगी है. जख्मी प्रमोद कुमार सिन्हा को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजा गया है. उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है. प्रमोद कोडरमा निवासी ठीकेदार बिनोद यादव का काम देखते हैं. वारदात के पीछे रंगदारी कारण माना जा रहा है, वहीं गैंग्स्टर प्रिंस खान के गुर्गे मेजर ने वारदात की जिम्मेवारी लेते हुए कहा कि जो भी ठेकेदार फहीम खान और उसका बेटा को पैसा देगा, वहां गोली चलते रहेगा और लोग मरते रहेंगे. इधर वारदात की खबर पाकर घटनास्थल पर गौशाला ओपी, सिंदरी थाना बलियापुर थाना और सिंदरी डीएसपी पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल शुरु कर दी. घटनास्थल पर छानबीन के दौरान एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक बुलेट का टोपी पुलिस ने बरामद किया है. गोली चलने की घटना के बाद एंबुलेंस मंगा कर पेटी ठेकेदार व परसबनिया पंचायत के वार्ड सदस्य जयप्रकाश सिंह घायल प्रमोद को लेकर पीएमसीएच अस्पताल धनबाद पहुंचे थे. प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज चल रहा है वही पीएमसीएच में प्रमोद की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया गया है.

भाई ठीकेदार नहीं मजदूर है : महेश

प्रमोद सिन्हा के भाई महेश सिन्हा ने बताया कि उनका भाई ठीकेदार नहीं है बल्कि ठीकेदार के पास मजदूरी का काम करता है. ऐसे में उसे क्यों गोली मारी गई है. ये समझ से परे है. न ही उससे कभी रंगदारी मांगी गई थी. हो सकता है ठीकेदार से रंगदारी मांगी गई हो, इसका खामियाजा उनके भाई को उठाना पड़ा है.उन्होंने प्रशासन से उचित कार्रवाई के साथ भाई के बेहतर इलाज की गुहार लगाई है.

इधर प्रिंस ने वायरल किया लेटर

हम छोटे सरकार के शूटर मेजर- कान खोलकर सुन लो, दुर्गा कंपनी जब तक छोटे सरकार को सीएसटी नहीं देगा, तब तक तेरा साइडिंग पर गोली चलते रहेगा. जो भी ठेकेदार डीआरएम का पैसा फहीम खान और उसका बेटा लोग को देगा, उसका पैसा वेस्ट जाएगा. जितना भी ठेकेदार है सब छोटे सरकार को पैसा दो. नहीं तो ऐसे साइडिंग पर गोली चलते रहेगा, आदमी मरते रहेगा. फहीम खान सिर्फ फोन वाला गुंडा है और छोटे सरकार मारने वाला है .जितना भी ठेकेदार है एक बार फहीम खान का बेटा पर केस करो,फिर वो दोबारा पैसा नहीं लेगा. एकबाल खान साहेबजादे खान, रज्जन खान ये तीनों बेटा पर केस कीजिए.

सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में देवेन्द्र सिंह रिहा

धनबाद। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के चर्चित मामले के आरोपी एंटी करप्शन कंट्रोल कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह को अदालत से बड़ी राहत मिली. धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी निर्भय प्रकाश की अदालत ने वरीय अधिवक्ता जया कुमार की दलील सुनने के बाद देवेन्द्र सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है. 13 अगस्त 2016 को यातायात परिचारी सिलवेस्तर बार बेकारबांध के समीप गाडियों की जांच कर रहे थे. पुलिस को सूचना मिली थी कि गाड़ी में अवैध शराब ले जायी जा रही है. उसी वक्त एक गाड़ी जेएच10एई-3741 आई, रोक कर जांच किया जाने लगा तो उसमें सवार व्यक्ति ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार तथा धक्का-मुक्की की. देवेन्द्र के विरुद्ध धनबाद थाना कांड संख्या 530/16 13 अगस्त 16 को दर्ज किया गया था.

जेल से फरार सजायाफ्ता चार साल बाद गिरफ्तार

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जेल से फरार अभियुक्त देव भुइयां को लोयाबाद पुलिस ने चार साल बाद गिरफ्तार कर लिया है. जेल से फरार होने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. देव को पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर सेन्द्रा 10 नंबर से गिरफ्तार करने में कामयाब हुई है. लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि देवा ने जेल से भागने के बाद कई कांड को भी अंजाम दिया है. कतरास थाना, राजगंज थाना और ईस्ट बसुरिया थाना क्षेत्र में इसने वारदात की है. अलग-अलग थाने में दर्ज कांड से मामले का खुलासा हुआ है कि देव आदतन अपराधी है. अब तक देव पर कुल 9 मामले दर्ज है. इसमें लोयाबाद थाना में कुल तीन कांड अंकित है. जेल से देवा और अंकित रवानी के फरार होने पर धनबाद थाना में धारा 224 के तहत कार्रवाई की गई थी. देव पर पोस्को एक्ट के तहत कतरास थाना कांड संख्या 216/2020 दर्ज है. देवा को कोर्ट ने पोस्को एक्ट में दोषी पाया और 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी. तब से देव जेल में बंद था और मौका देखते ही केंदुआ थाना कांड के आरोपी अंकित रवानी के साथ फरार हो गया था. अंकित और देव एक जेल के एक ही वार्ड में बंद थे. जेल से फरार होने के बाद अंकित ईस्ट बसुरिया स्थित अपने भाई के घर से गिरफ्तार हुआ था. अंकित ने पुलिस को बताया था कि देव के साथ मिल कर उसने पहले वार्ड की खिड़की की सलाखें काटी. प्रथम तल स्थित वार्ड के कोरिडोर से वह सीढ़ियों के सहारे नीचे आया. जेल में बिजली नहीं रहने के कारण अंधेरा था. देवा के कंधे पर चढ़ कर वह जेल के महिला वार्ड के ऊपर चढ़ा. भागने के लिए हम दोनों ने गमछे का भी सहारा लिया. वहां से दीवार फांद कर दोनों बेकारबांध की तरफ कूद गए थे.

छत से गिरकर सीआईएसएफ जवान के इकलौते पुत्र की मौत

- बिनोद नगर में छाया मातम

संवाददाता। धनसार

बिनोद नगर हीरापुर में बुधवार की रात सीआईएसएफ जवान सुनील गोप का 12 वर्षीय पुत्र शिवांश छत से गिर गया. इलाज के दौरान गुरुवार की अहले सुबह उसकी मौत हो गई. बच्चे की मौत के बाद सुनील के घर में मातम पसर गया. सुनील धनसार सीआईएसएफ कैंप में तैनात हैं. बताया जा रहा है कि बुधवार की रात सुनील खाना खाकर अपनी पत्नी व बच्चे के साथ घर के छत पर टहल रहे थे. छत पर रैलिंग नहीं होने के कारण शिवांश छत से नीचे गिर गया. आननफानन में उसे असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया. बच्चे के मौत के बाद उस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. सुनील हीरापुर बिनोद नगर में भाड़े के मकान पर रहते थे. सुनील के साथियों ने बताया कि दो पुत्री के बाद एक पुत्र हुआ था. वारदात के बाद बिनोद नगर में मातम पसर गया.

खादी महोत्सव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन, कई राज्यों के स्टॉल लगेंगे

राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव आज से, तैयारी पूरी

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है. इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेसवार्ता की. उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा. खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा. देशभर के विभिन्न राज्यों से स्टॉल लगाए गए हैं.

साबरमती थीम पर सजा खादी महोत्सव

खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल बनाए गए हैं. महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी एवं साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा. इसमें खादी संस्था, पीएमईजीपी, सरस, फूड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाए गए है. इसमें 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं. महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे. महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा.

20 रुपये में मिलेगा प्रवेश : मेले के लिए 20 रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है. उद्घाटन समारोह में महोत्सव परिसर में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा. वाहनों के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गयी है. किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं सीसीटीवी लगाया गया है. वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है.

खादी ग्रामोद्योग संघ के अध्यक्ष अभय, बिमलेश बने सचिव

धनबाद। उच्च न्यायालय झारखंड के आदेश पर खादी ग्रामोद्योग संघ, धनबाद का चुनाव संपन्न हुआ. निबंधन विभाग झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई सत्यापित सूची के अनुसार तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग रांची के प्रतिनिधि, जिला प्रशासन धनबाद एवं नियुक्त दण्डाधिकारी की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ. अध्यक्ष के रूप में अभय कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष सरस्वती सिंह, सचिव बिमलेश कुमार, सह सचिव विभांशु कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा सर्वसम्मति से चुने गए. उपस्थित सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष ध्वनि से अपनी खुशियां व्यक्त की. बता दें कि संघ का यह चुनाव विधानसभा चुनाव से पूर्व ही कराया जाना था लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण नहीं कराया जा सका था.

झारखंड आंदोलनकारियों को अब अधिक पेंशन

10 हजार रुपये प्रति माह देने की तैयारी

- अब तक करीब 40 हजार आंदोलनकारी किये जा चुके हैं चिह्नित

संवाददाता। रांची

झारखंड आंदोलनकारियों को अब राज्य सरकार प्रतिमाह 10 हजार रुपये पेंशन देंगी. आंदोलनकारियों की पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही इसकी श्रेणियों को भी खत्म कर एक समान पेंशन देने की व्यवस्था की जा रही है. अब तक यह पेंशन जेल में रहने की अवधि के आधार पर तीन श्रेणियों में दी जा रही थी. ज्ञात हो कि तीन माह तक जेल में रहने वालों को 3500 रुपये, छह माह तक जेल में रहने वालों को 5000 रुपये व छह माह से अधिक समय तक जेल में रहने वालों को 7000 रुपये प्रतिमाह की पेंशन अभी मिल रही है. जो जेल नहीं गए, लेकिन आंदोलन में शामिल रहे, उन्हें केवल प्रशस्ति पत्र व सम्मान मिलता था. अब प्रशस्ति पत्र के अलावा 1000 से 1500 रुपये की राशि भी दी जाएगी. अब तक करीब 40 हजार आंदोलनकारी चिह्नित किए जा चुके हैं. मुख्यमंत्री के पास भेजी गई फाइल आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन देने संबंधित फाइल गृह विभाग के विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन को भेजी गई है. गृह मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के बाद उक्त फाइल कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजी जाएगी.

डीवीसी के नाराज विस्थापितों ने किया अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

संवाददाता। मैथन

मैथन। दामोदर वैली वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले डीवीसी के विस्थापित गुरुवार को डीवीसी के प्रशासनिक भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए. विस्थापितों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएगी, तब तक हमलोग भूख हड़ताल जारी रहेंगे. समिति अध्यक्ष वासुदेव महतो ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन विस्थापितों की मांगों पर विचार नहीं कर रही है. मजबूरन हमें भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा. पहले दिन भूख हड़ताल पर गोराचंद्र मोदी, कालीपद मंडल, हमीद मियां, नेहरूलाल हेंब्रम, द्विजपद सहनी, सत्य साधन दा, हसमत अंसारी, पंचवटी मांझीयाईन, श्रीमती मुर्मू एवं बसंत हेंब्रम दस विस्थापित बैठे हैं. इस मामले पर डीवीसी प्रबंधन की ओर से कहा गया कि विस्थापितों की अधिकतर मांगे पूरी कर दी गई है. एक-दो केस बचे हुए हैं, जिनमें समिति से पेपर मांगा गया है. विस्थापित अपने मांगों के आलोक में उचित कागजात प्रस्तुत कर देंगे तब उनका समाधान कर दिया जाएगा. मालूम रहे की वास्तुहारा संग्राम समिति के बैनर तले डीवीसी के विस्थापितों ने बुधवार को प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया था. मांगे पूरा नहीं होते देख गुरुवार दोपहर 11 बजे से भूख हड़ताल पर बैठ गए.

33 प्रोफ़ेसर की टीम ने देखा मुनीडीह भूमिगत खदान

संवाददाता। पुटकी

आईआईटी/आईएसएम धनबाद के प्राचार्य डॉ मृणाली पाण्डेय नेतृत्व में देश के अलग अलग राज्यों जम्मू कश्मीर,उत्तराखंड, कोलकाता, पटना में स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी सहित अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के 33 प्रोफ़ेसर की टीम एन 0 फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम के तहत गुरुवार को मुनीडीह भूमिगत लोंगवाल माइंस का अवलोकन किया. उक्त टीम के सदस्यों को मूनीडीह प्रोजेक्ट ऑफिसर एस के पांजा, मैनेजर डॉ सन्नी राव,सहायक प्रबंधक सीता राम राऊत के नेतृत्व मे मुनीडीह खदान के 500 मीटर डेपथ में स्थित 16 नम्बर सीम में चल रहे खनन, उत्पादन एवं डिस्पैच, सेफ्टी के संदर्भ में जानकारी ली. मुनीडीह खदान के खनन से सम्बंधित अन्य तकनिकी जानकारी भी प्राप्त की. कोलियरी प्रबंधन द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया.

कार्यालय में बिचौलिया को बैठने नहीं दें : मंत्री संजय

संवाददाता। गोविंदपुर

श्रम नियोजन प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय यादव ने गुरुवार को पार्कलेन कौवाबांध में थे. उन्होंने कहा कि झारखंड से मजदूरों का पलायन रोकने की दिशा में वह काम करेंगे . राज्य में उद्योग फले- फूले, इस दिशा में भी काम करेंगे. झारखंड में उद्योग चलेंगे तो यहां के मजदूरों को पलायन करना नहीं पड़ेगा . मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मजदूरों को अधिक से अधिक सुविधा देने तथा झारखंड में उद्योगों का जाल बिछाने की दिशा में प्रयासरत है . देश-विदेश कहीं भी मजदूरों पर आफत आती है तो मुख्यमंत्री ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हैं . विभागों के सभी अधिकारियों को निर्देश दे दिया है कि कार्यालय में बिचौलिया और दलालों को बैठने नहीं दे . ऐसे लोगों से सावधान रहें . बिचौलियावाद एवं दलाली से विभाग की बदनामी होती है. इसके पूर्व पार्कलैंड रिजॉर्ट कौवाबांध पहुंचने पर राकेश यादव एवं संतोष कुमार की अगुवाई में मंत्री का स्वागत किया गया . यादव महासभा के बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. स्वागत करने वालों में कांग्रेस नेता सुंदर प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद यादव, आरएन सिंह, लालमुनी यादव, महेंद्र यादव, मुमताज कुरैशी, मजहर आलम, मानस रंजन, शंकर यादव, बसंत यादव, शशि शेखर, बालेश्वर यादव, शिवजी सिंह यादव, चंद्रदेव यादव, राजेश्वर यादव, संजय यादव आदि शामिल थे.

ब्रीफ खबरें

कोयला लदे दो ट्रैक्टर किया जब्त

निरसा बाजार : निरसा थानांतर्गत मुगमा स्टेशन रोड स्थित हाई स्कूल के पास बुधवार रात्रि लगभग 9:00 बजे शीतलपुर सीआईएसफ हेड क्वार्टर की एक टीम द्वारा कोयला लोड दो ट्रैक्टर को जब्त किया. जब्त दोनों ट्रैक्टरों को निरसा थाना के हवाले कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गयी है. टीम को सूचना मिली थी कि हाई स्कूल के बगल स्थित सक्षम भट्ठा में चोरी का कोयला ट्रैक्टर, पिकअप वाहन व बाइक साइकिल से धड़ल्ले लिया जा रहा है. फैक्ट्री में जमा कोयले को ट्रकों के माध्यम से जाली कागजात लगाकर पश्चिम बंगाल, बिहार एवं यूपी भेजा जा रहा है. इसी आधार पर सीआईएसएफ की टीम ने बीती रात्रि सक्षम फैक्ट्री के बगल जब छापेमारी करने पहुंची तो टीम ने देखा कि सक्षम फैक्ट्री के बाहर कोयला लोड दो ट्रैक्टर अंदर जाने के लिए खड़ा है.

छापेमारी कर अवैध कोयला किया जब्त

झरिया । गुरुवार को लोदना एक नम्बर चानक के नीचे जंगल में सीआईएसफ, लोदना पुलिस और बीसीसीएल प्रबंधक द्वारा छापामारी की गई जहां से लगभग 2 टन कोयला जप्त किया गया है. छापामारी होते ही कोयला तस्कर भाग खड़े हुए जब्त कोयले को बागडिगी कोलियरी डम्प में गिरा दिया गया है. वहीं इस छापेमारी के बाद लोगों को चर्चा करते सुना गया कि लोदना क्षेत्र में लगभग एक महीने से अवैध कोयला डिपू का संचालन किया जा रहा है.

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

AFFIDAVIT

I, **Arati Devi** w/o, C/o. Umakant Kumar, D.O.B. 01/10/1997, by faith-Hindu, by occupation-Housewife, R/0. Khodovelly, Bahaldih, P.O. Nawagarh, P.S. Barora, Dist. Dhanbad, (Jharkhand 828306 Aadhar no. 8352 1590 6046 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows-

1. That, My Actual name spelling is Arati Devi as per my Aadhar Card vide No. 8352 1590 6046 and PAN Card No. JPDPD4290C, but in my Bank account of Bank of India, BAghmara Branch, Vide A/c. 471710110015615, my name has been mentioned as Arati Kumari.
2. That, My both name as Arati Devi and Arati Kumari is the name of same and one person /lady i.e. myself.
3. That, I intend to correction my name in my Bank account as Arati Devi in pace of Arati Kumari by Bank authority.
4. That, I am affixing my photograph on this affidavit for my proper identification.
5. That, I am swearing this affidavit if before the Authority concern and for needful purpose.

Affidavit No. 41782 Dt. 27.11.2024

BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD

AFFIDAVIT

I, **VEENA KUMARI**, W/o. - Kunj Bihari Mahto, Aged about - 22 Years, by faith - Hindu, Resident of Gram - Koriyatand, P.O. - Achaljamu, P.S. - Bishungarh, Dist.- Hazaribagh, Jharkhand - 825312, Aadhar Card Vide No. - 3194 2584 9310. do hereby solemnly affirm as under :-

1. That, as per my Aadhar Card Vide No. 3194 2584 9310. My name appeared as **Veena Kumari vi.**
2. That, my name **Bina Kumari** mentioned in my Bank Account of Bank of India, Bhendra Branch, Vide Account No. - 488510510002289. My actual name is **Veena Kumari.**
3. That, **Veena Kumari** and **Bina Kumari** is same, one and only person's name i.e. myself.
4. That, if any type of litigation/ fraud arise due to name change the individual customer himself/ herself will be solely responsible.
5. That, I am affixing my recent coloured photograph in this affidavit for my proper identification.
6. That, the above given statement are fully correct and genuine to the best of my knowledge and belief.
7. That, I am swearing this affidavit to file for correction of my name **Veena Kumari** in place of **Bina Kumari** in my above said Bank Account from authority concern for needful purpose.

Affidavit No. 132 Dt. 17.12.2024

गोपीनाथपुर कोलियरी में दोनों पक्ष का धरना जारी

विधायक अरूप चटर्जी व पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता धरनार्थियों का मनोबल बढ़ाने पहुंचे

संवाददाता। निरसा बाजार

इसीएल मुगमा क्षेत्र के गोपीनाथपुर कोलियरी में रेवेन्यू शेयरिंग में कार्यरत गोपीनाथपुर कोलफील्ड प्राइवेट लिमिटेड में स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन के सवाल पर भाकपा-माले समर्थित निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति एवं भाजपा समर्थित गोपीनाथपुर कोलियरी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को भी जारी रहा. भाजपा समर्थित धरनार्थियों का मनोबल बढ़ाने पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, जिप सदस्य संजय सिंह पिंटू, भाजपा नेता मुन्ना सिंह इत्यादि पहुंचे तथा कहा कि हम लोगों की मांगे जायज है। कंपनी प्रबंधन को प्रभावित पंचायतों के स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देना होगा। वहीं दूसरी ओर भाकपा-माले समर्थित निरसा बेरोजगार संघर्ष समिति के समर्थन में विधायक अरूप चटर्जी पहुंच कर धरनार्थियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। अरुप चटर्जी ने कहा कि कंपनी हठधर्मिता पर उतर आई है। गुंडा एवं आपराधिक तत्वों के सहारे चाहती है कि कोलियरी चला ले यह नहीं होगा। स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार समेत आसपास के ग्रामीणों को अन्य सुविधाएं देनी होगी।

लोदना में पिट वाटर की आपूर्ति को लेकर प्रबंधन से वार्ता

झरिया ।लोदना कोलियरी क्षेत्र में पिट वाटर की आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. क्षेत्र में पिट वाटर को लेकर आए दिन लोगों में विवाद हो रहा है. पिछले दिनों पानी को लेकर हिंसक झड़प भी हो गया था. इसके बाद से पिट वाटर को लेकर लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन रेस है. गुरुवार को लोदना कोलियरी पीओ कार्यालय में प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई. पीओ एके पाण्डेय ने क्षेत्र के सभी मुहल्ले में पिट वाटर की आपूर्ति ठीक तरह से हो, इसके लिए लोगों से बातचीत की. लोगों ने प्रबंधन से कहा कि क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है. करीब बीस हजार की आबादी पिट वाटर पर ही निर्भर है. कम पवार का समरसिर्बल पंप के कारण पानी आपूर्ति नहीं हो पाती है. अवैध कनेक्शन के कारण भी मुहल्ले में पानी नहीं पहुंच पाता है. पीओ एके पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पाइप लाइन का निरीक्षण किया गया है. सभी मुहल्ले में पिट वाटर की आपूर्ति के लिए जो समान की जरुरत होगी. उसे पूरा कर क्षेत्र में पानी का आपूर्ति की जाएगी. मौके पर अभियंता अंकित कुमार, संजय पाण्डेय, निवर्तमान पार्षद संजय यादव, प्रजा पासवान, नौशाद अंसारी, संजय पासवान, संजय निषाद, सुरज पासवान, विरेन्द्र पासवान थे.

सैलून के एसी का केबल ले गए चोर

पुटकी। पुटकी नीचे मोड़ कोलियरी गेट के समीप स्थित रंजीत सैलून से बुधवार की रात चोरों ने एसी के आउट डोर में लगे केबल व पम्प को काटकर फरार हो गए. भुक्तभोगी पुटकी 13 नम्बर निवासी दुकान संचालक रंजीत ठाकुर नें बताया की बुधवार रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे. गुरुवार सुबह करीब 9 बजे दुकान खोलने आया तो देखा की एसी के आउट डोर में लगा केबल व पम्प गायब था. जिसकी कीमत लगभग 3 हजार रूपये है. भुक्तभोगी ने घटना की सुचना पुटकी पुलिस को दी है.

ग्रामीणों ने बताई विधायक मथुरा को समस्याएं

गोमो। टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो गुरुवार को हरिहरपुर गांव पहुंचे. स्थानीय कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर श्री महतो का स्वागत किया. मौके पर ग्रामीणों ने अस्पताल में इलाज नहीं होना, पानी और बिजली आदि की समस्या को प्रमुखता से रखा. विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी को गांव में ही बुलाकर गांव में ही समस्या के समाधान करवाया जाएगा । ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से इलाके के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था नहीं है. इलाज के अभाव में स्थानीय ग्रामीण भटक कर मर रहे हैं. राज्य सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराने में नाकामयाब है. जनप्रतिनिधि समस्या पर पहल नहीं करते हैं. आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता है.

न्यूज अपडेट

निरसा विधानसभा में 80 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

निरसा : भारतीय जनता पार्टी एग्यारकुंड मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक मुगमा स्थित पार्टी कार्यालय में गुरूवार को हुई. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरजीत चंद्रा, संचालन अजय चौधरी व धन्यवाद ज्ञापन संजय ठाकुर ने किया. बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, मंडल प्रभारी मधुरेन्द्र गोस्वामी उपस्थित हुए. बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीण जिलाअध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान चलाने, 25 दिसंबर को अटल जी की जयंती मनाने, 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने एवं 29 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी के मन की बात को बूथ स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया. मंडल प्रभारी मधुरेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि निरसा विधानसभा में 80 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने निर्धारित किया है.

सड़क दुर्घटना में पुटकी का युवक घायल

पुटकी। करकेंद पारबाद पुल के समीप गुरुवार की दोपहर दो बाइक की टककर में एक बाइक सवार घायल हो गया. जानकारी के अनुसार पुटकी बैंक ऑफ़ इंडिया के समीप रहने वाले 38 वर्षीय राकेश आनंद उर्फ़ मोंटी पोद्दार दोपहर करीब 2 बजे अपनी स्कूटी से धनबाद से पुटकी अपने घर आ रहे थे, तभी पारबाद पुल के पास कच्छी बलिहारी की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टककर मार दी. घटना के बाद मोंटी सड़क पर बेसुध होकर गिर पड़े, जिसे स्थानीय युवकों के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं घटना में उसके पैर, सीने व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं. इधर करकेंद पारबाद पुल का इलाका क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र बन गया है. पिछले एक महीने में कई लोग उक्त स्थल के आसपास सड़क दुर्घटना में घायल हो चुके हैं.

चापापुर कोलियरी में बीसीकेयू की सभा

निरसा/निरसा बाजार । बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले चापापुर कोलियरी के असंगठित मजदूरों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर जुलूस निकाला व सभा की. सभा को संबोधित करते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आगम राम ने प्रबंधन पर जमकर अपनी भड़ास निकाली. उन्होंने कहा कि प्रबंधन की मनमानी चलने नहीं दिया जाएगा. मजदूरों को उसका हक और अधिकार दिलाकर ही दम लेंगे. मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजे भी की. तत्पश्चात अभिकर्त्ता एवं टाईकुन इंडस्ट्री और बीजीआर आउटसोसिंग कंपनी को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा. मांग पत्र में मजदूरों के बकाया वेतन ओर बोनस भुगतान अविलंब करने, प्रबंधक द्वारा बिना कोई कारण बताए 09 अगस्त 24 से नो वर्क- नो पे निर्देश को वापस करने, टाईकुन के मजदूरों को चापापुर की नई आउटसोसिंग कंपनी में नियोजन दिया देने, मजदूरों का ईपीएफ अपडेट करने आदि शामिल है. जुलूस एवं सभा में अमित मुखर्जी, रबिलाल मूरमु, बिपिन सिंह, पारितोस, बिजय, दूलाल, हाराधन, विजय, संतोष, मंगल सहित सैकड़ों की संख्या में मजदूर मौजूद थे.

शहीद संदीप सिंह का तृतीय शौर्य दिवस समारोह

टुंडी: पश्चिमी टुंडी चरक में गुरुवार को शहीद संदीप सिंह की तृतीय शौर्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बीते 14दिसंबर को एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट,15दिसबंर को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. इस मौके पर आसपास के गणमान्य लोगों ने उनके स्मारक पर फुलमालाएं चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी व उन्हें याद किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जदयू के महासचिव दीपनारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा राज्य सरकार अभी तक शहीद संदीप सिंह को शहीद का दर्जा नहीं दिया है जो निंदनीय है. अगर राज्य सरकार तीन माह अंदर शहीद संदीप सिंह को शहीद का दर्जा नहीं देती है तो हम आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे.भाजपा नेता मोहन कुंभकार ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के इस अमर लाल को अबतक राज्य सरकार शहीद का दर्जा नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण बताया. इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य सहदेव सिंह, बिनोद सिंह, प्रदीप सिंह हराधन साव आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस कार्यक्रम में गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नहीं आने पर चर्चाओं बाजार गर्म रहा.

कांग्रेसियों ने गृहमंत्री का पुतला जलाया

कतरास। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा भीम राव अम्बेडकर पर कथित अपमान किए जाने के खिलाफ में गुरुवार को कतरास थाना चोक में कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया. नारेबाजी कर गृहमंत्री का पुतला जलाया . जानकारी देते हुए ज़िला परिषद प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता राजेश राम व रंजीत पाण्डेय ने कहा कि अमित शाह ने बाबा भीमराव अम्बेडकर को अपमानित कर भाजपा की गलत मानसिकता को दर्शाया है. अमित शाह ने देश के संविधान निर्माता को अपमानित कर देश के लोगों को गाली देने का काम किया है . मौके पर भोलाराम, विनोद शर्मा, माधव सिंह, राजाराम यादव, राजेश राम, रंजीत पांडे, जिया उल हक ,शौकत खान, अजय पासवान, रॉबिन पाल, करूं भुइया, रिंकू केसरी, भोलू केसरी, अनीता देवी मुन्ना स्वर्णकार, रमाशंकर लाल, कुंदन भुइया, विमलेश पाठक आदि थे.

भामसं छोड़ जश्रसं में शामिल हुए विनोद सिंह बने अध्यक्ष

तेतुलमारी। वेस्ट मोदीडीह में जनता श्रमिक संघ ने केन्द्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में बीसीसीएल कतरास क्षेत्र की कमेटी का गठन किया. टोनी सिंह को बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया. इस दौरान भारतीय मजदूर संघ कतरास क्षेत्र के शाखा अध्यक्ष विनोद सिंह अपने दर्जनों पदाधिकारीयों के साथ संघ में आस्था व्यक्त करते हुए जश्रसं का दामन थामा. उन्हें कतरास क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह के शाखा अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया. सभी नए पदाधिकारीयों को जनता श्रमिक संघ की महामंत्री एवं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बुके के एवं मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया. श्रीमती सिंह ने सभी नए पदाधिकारी को मजदूर हित में कार्य करने कि बात कहते हुए कहा कि मजदूरों की ताकत हमारी ताकत है. इसलिए मजदूरों को कोई परेशानी नहीं हो. मजदूरों की परेशानी को प्राथमिकता से दूर कर करें ताकि वे हमेशा खुश रहे। निस्वार्थ भावना से मजदूर हित में कार्य करना ही जश्रसं का पहली प्रथामिकता है.

विधायक शत्रुघ्न महतो ने दिया सदस्यता अभियान पर जोर

संवाददाता। कतरास

भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व के तहत मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई. कार्यक्रम में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो मुख्य रुप से उपस्थित हुए. विधायक श्री महतो ने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आग्रह किया. भाजपा कार्यकर्ताओं ने कतरास मंडल से पचास हजार सदस्य बनाने का संकल्प लिया. सदस्यता अभियान प्रभारी विजय शर्मा, वरिष्ठ नेता प्रिंस शर्मा, मंडल महामंत्री राजेश स्वर्णकार, महेश पासवान, प्रकाश राम गुप्ता, मुकेश झा, दिनेश उपाध्याय, छोटू साहू, पप्पू साव, धर्मेंद्र गुप्ता, रघुनाथ हजारी, विनय पासवान, विजय यादव, आनंद यादव, आनंदी यादव, इंद्रदेव पासवान, विजय चौहान, अशोक उड़ाव, नितिन शर्मा, चेतन शर्मा, विवेक हजारी, रविंद्र विजन सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कतरास में भाकपा माले ने दी शहीद अशफाक उल्ला खान को श्रद्धांजलि

संवाददाता। कतरास

काकोरी कांड के शहीद अशफाक उल्ला खान की शहादत दिवस पर गुरुवार को डीएवी स्कूल कतरास के समीप शहीद के प्रतिमा स्थल पर भाकपा माले समर्थकों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्तिक महतो सहित उपस्थित लोगों ने शहीद के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. सभा को संबोधित करते हुए भाकपा- माले के पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड हलधर महतो ने कहा कि भारत की आजादी के लिए मुस्लिम समुदाय के अशफाक उल्ला खान जैसे क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत के दम पर भारत को आजादी दिलाई थी. वर्तमान स्थिति में भाजपा हिंदू मुसलमान करके संप्रदाय सद्भाव बिगड़ना चाह रहा है. संविधान को खत्म कर मनुस्मृति की स्थापना करना चाह रही है. मगर देश के मजदूर किसान छात्र नौजवान, बुद्धिजीवी, महिलाएं ,ऐसे नापाक मंसूबे को कभी सफल होने नहीं देंगे. सभा में दीनदयाल रवानी, बबलू गंजू,कार्तिक महतो, चेतू साहू,दिलीप महतो, ठाकुर महतो, रॉबिन महतो, तरुन महतो, विष्णु राम, राजा चक्रवर्ती, सनतु चक्रवर्ती, अरुण कुमार, कपूर पंडित,शंकर पंडित, शिवा पंडित, कृष्णा पंडित, संजय पंडित ,लाखपती पंडित, प्रकाश पंडित आदि शामिल हुए.

बीएसके कॉलेज में यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला

यौन हिंसा के खिलाफ लड़ने का किया आह्वान

संवाददाता। मैथन

बीएसके कॉलेज, मैथन में गुरुवार को 'यौन उत्पीड़न, अधिनियम एवं निवारण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष व बर्सर प्रोफेसर सुमिता खलखो ने विद्यार्थियों को यौन हिंसा और घर परिवार के बीच हो रही यौन उत्पीड़न की घटनाओं से बचने का सुझाव दिया. उन्होंने लड़कों के साथ होने वाली चाइल्ड एब्यूज पर भी विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया. अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष और आईक्यूएसी को-आर्डिनेटर डॉ. पी रिबेका ने अपने वक्तव्य में विमेन सेल को कॉलेज का अनिवार्य और पुराना अंग बताया. उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या को शिक्षकों से साझा करें. कॉलेज आपको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. वहीं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. नितिशा खलखो ने ₹भारत में यौन हिंसा की वर्तमान स्थिति और अतीत₹ विषय पर कुछ डॉक्यूमेंट्री वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने पर जोर दिया. उन्होंने देश भर की महिला मिसालों, जिसमें भंवरी देवी, फूलन देवी, मनोरमा देवी, आसिफा, निर्भया, सोनी सोरी, बिल्किस बानो आदि पर वीडियो क्लिप दिखाकर विद्यार्थियों को यौन हिंसा के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया. इन महिलाओं के साथ अतीत में हुए घटनाओं का जिक्र करते इस प्रकार की घटनाओं से सचेत रहने और उनका विरोध करने के लिए भी प्रोत्साहित किया. इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ. आकर्ष अकूल ने विभिन्न प्रकार के अधिनियम और निवारण का जिक्र विद्यार्थियों से साझा किया. उन्होंने बताया कि सबसे पहले हमारे साथ हो रही उत्पीड़न की घटनाओं के विरुद्ध भी हमें ही आवाज उठाना है. अपने अभिभावक को शिक्षकों और भरोसेमंद लोगों को इसके बारे में बताना है. शर्मिंदगी, भय आदि के डर से से चुप्पी बनाए नहीं रखना है. सभी शिक्षकों ने अपने निजी जीवन से भी कुछ मिसालें रखीं और इस ₹टैबू₹ से विषय पर खुलकर बात करने की पहल पर जोर दिया. कार्यक्रम में प्रो. मनीला समद, प्रो. महावीर दास, प्रो. उज्जवल कुमार, प्रो. निरुपमा, प्रो. राजू लकड़ा, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. इशीता, डॉ. सुभदीप, डॉ. सुषमा, प्रो जयश्री आदि उपस्थित थी. कार्यशाला में सभी विभाग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया.कार्यशाला में निबंध प्रतियोगिता में छात्रा अमीषा कुमारी, कल्याणी कुमारी चौधरी, आरती शाह, ट्विंकल कुमारी ने भाग लिया. इन सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर इनकी हौसला अफजाई भी की गई. मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की शिक्षिका डॉ. संध्या कुमारी ने किया. इस आयोजन के लिए प्रिंसिपल डॉ. डीपी सिंह ने विद्यार्थियों और आयोजक शिक्षकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है.

▼ ब्रीफ खबरें

सदस्यता को लेकर भाजपा ने की बैठक

तलगडिया। भाजपा बिजुलिया मंडल संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024-30 मंडल स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार चौबे की अध्यक्षता में बांधडीह शिव मंदिर में हुआ. बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता कार्यशाला प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष बिनोद कुमार गौराई व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंबिका खावास उपस्थित थे. अभियान को लेकर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया. मौके पर नवल किशोर शर्मा, पाण्डेय जी, साधु महतो, श्याम पैतंडी, शुभंकर पैतंडी, दिलीप सिंह, राजकिशोर मेहता, अभिजित खवास, संटु राय व मंडल के पदाधिकारियों व सदस्य उपस्थित थे.

सदस्यता अभियान में नए सदस्य बनाने पर चर्चा

गावां (गिरिडीह)। भाजपा के सदस्यता अभियान को ले गावां व माल्डा मंडल में भाजपा की बैठक का आयोजन किया गया. गावां मंडल की बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रंजन एवं माल्डा मंडल की बैठक में भाजपा नेता मनोज यादव मुख्य रुप से उपस्थित थे. बैठक में सभी पंचायतों में भाजपा के नए सदस्य बनाने पर चर्चा की गई. तय किया गया कि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा. अभियान की सफलता के लिए सभी पंचायतों के लिए प्रभारी नियुक्त किये गए.

अनुमंडल कार्यालय में रक्तदान शिविर

डुमरी (गिरिडीह)। गिरिडीह रक्त अधिकोष में रक्त की कमी एवं अधिकोष में नियमित रूप से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत सभी अनुमंडल कार्यालय एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अलग-अलग तिथियों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसके तहत 20 दिसंबर (शुक्रवार) को डुमरी अनुमंडल कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है. इस बाबत रेफरल अस्पताल डुमरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश महतो ने आमजनों से अपील की है कि वे रक्तदान कर किसी जरूरतमंद को जीवनदान में अपनी सहभागिता निभायें.

जारंगडीह में छाया रहा घना कोहरा

कथारा। ठंड में आज जारंगडीह में भी घना कोहरा छाया रहा. घना कोहरा के कारण सड़कों पर आवागमन कर रहे वाहनों को बड़ी सावधानी के साथ वाहन चालक चलाते दिखे. वहीं घने कोहरे के कारण स्कूली छात्रों को भी सुबह के समय विद्यालय जाने में थोड़ी परेशानियां हुई. घना कोहरा के कारण सामने आते वाहन सड़कों पर नहीं दिख रहे थे, बस हेड लाईट की रोशनी ही नजर आ रही थी.

उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रबंध समिति का पुनर्गठन

कथारा। जारंगडीह उत्तरी पंचायत के जारंगडीह उत्क्रमित विद्यालय में प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया. बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया फिरोज खातुन के द्वारा की गई. जहां सर्वसम्मति से प्रबंध समिति का अध्यक्ष कोमल देवी, उपाध्यक्ष निशा बेगम, संयोजिका पूजा देवी चुनी गई. मौके पर विद्यालय के प्रभार के रूप में प्रधानाध्यापक जाबी आरा तथा शिक्षिकाओं में रीना देवी और पंचायत प्रतिनिधियों में पंसस अरुणा कुमारी सहित अन्य कई प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही.

पूर्व विधायक की पहल पर चौकीदार बहाली के अभ्यर्थियों की भूख हड़ताल समाप्त

सरकार से ईमानदारी की उम्मीद करना बेइमानी : अमित

- दो दिन से आंदोलन कर रहे थे अभ्यर्थी

संवाददाता। गोड्डा

गोड्डा में चल रहे चौकीदार बहाली में धांधली बरते जाने का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे भूख हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गया. गोड्डा के पूर्व भाजपा विधायक अमित मंडल ने इस संबंध में पहल करते हुए धरना स्थल शहीद स्तंभ पर पहुंचे और छात्रों से वार्ता कर समझाने के बाद दो दिनों से जारी भूख हड़ताल को समाप्त करने पर राजी हुए. वार्ता पश्चात श्री मंडल ने भूख हड़ताल कर रहे छात्रों को अपने हाथों से जूस पिलाकर अनशन को समाप्त करवाया. पूर्व विधायक श्री मंडल ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार जेएसएससी सीजीएल घोटाले पर कोर्ट ने चाबुक चलाया, उसी प्रकार चौकीदार बहाली में हुए घोटाले को लेकर कोर्ट जाना होगा तभी इसका कोई समाधान निकलेगा. इस सरकार में किसी भी विभाग से ईमानदारी की उम्मीद करना बेइमानी होगा. दुर्भाग्य है कि ऐसे मुद्दों को सदन में इन मुद्दों को नहीं उठा पाऊंगा लेकिन जनता का मैंडेट हमें स्वीकार है. अब सड़क पर ही जनता की समस्या को लेकर आवाज बुलंद करूंगा. ज्ञात हो कि गोड्डा जिला में ढाई सौ से अधिक पद पर चौकीदार की बहाली को लेकर पूर्व में निकाले गए विज्ञापन के आलोक में गोड्डा जिला के छात्र-छात्राओं ने आवेदन जमा कराया था. इधर पिछले पंद्रह दिनों पूर्व जिला प्रशासन ने सूची प्रकाशित कर शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों को शारीरिक जांच परीक्षा के लिए महगामा स्टेडियम में जांच के लिए बुलाया. इसके बाद से ही छात्र आंदोलित हो गए और जिला प्रशासन के खिलाफ धांधली बरते जाने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर गए. छात्रों का कहना है कि यह बहाली सिर्फ जिला के ही अभ्यार्थियों के लिए है लेकिन इसमें बाहरी लोगों को भी प्रवेश पत्र जारी किया गया है. अधिक अंक लाने वालों को फेल कर दिया गया. जबकि कम अंक लाने वालों को पास कर दिया. सारी प्रक्रिया को रद्द करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे.

जमीन विवाद में एक की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

- सौतेले भाईयों पर लगा हत्या का आरोप
- तीन पुत्र के साथ मां भी घायल
- दो की हालत नाजुक भागलपुर रेफर

संवाददाता। साहिबगंज

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर दियारा पश्चिम टोला में गुरुवार की अहले सुबह करीब छह बजे जमीन विवाद में जमकर खूनी संघर्ष हुआ. जिसमें एक 55 वर्षीय व्यक्ति की तेज धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई. वहीं उसके पुत्रों व पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. मृतक की पहचान भूपनारायण रजक के रूप में की गई है. जबकि घायल में तीन बेटे व उनकी पत्नी कविता देवी गंभीर रूप से घायल है. दो बेटे की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है. उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया है. हत्या का आरोप सौतेले भाईयों पर लग रही है. बीते बुधवार को खेत में पटवन को लेकर विवाद हुआ था. इसे लेकर घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही है. इधर, मुफस्सिल थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को खदेड़ कर पकड़ा है. घटना के बाद से माहौल पूरा तनावपूर्ण बना हुआ है. आक्रोशित ग्रामीण सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मांग कर रहे हैं. इधर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने घटना स्थल पर पहुंच ग्रामीणों को समझाया-बुझाया. वहीं मामले की जांच पड़ताल भी की.

जमीन विवाद को लेकर मारपीट, पांच घायल

जमुआ (गिरिडीह)। जमुआ थाना क्षेत्र के पंचायत बदडीहा 2 बदडीहा में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में पांच महिला व पुरुष जख्मी हो गये. सभी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमुआ में किया गया . इस बाबत रविता देवी ने कार्रवाई को लेकर जमुआ थाना में आवेदन दी है. जिसमें कहा कि वह सुबह 6 बजे कुआं पर पानी लेने गयी थी. जहां

गांव के ही नरेश दास पर गलत हरकत करने का आरोप लगायी है. राजेश दास, पप्पू दास, मनोज दास, नूनीता देवी, आशा देवी पर मारपीट कर नाक का सोने का नकचन छीन लेने व घर तोड़ने का आरोप लगाई है. कहा कि उक्त लोगों ने मेरे पति सहित 5 परिवार को मारपीट कर जख्मी कर दिया है. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायगी.

जीजीपीएस इंजीनियरिंग डायरेक्टर प्रियदर्शी जरूहार को मातृ शोक

बोकारो। गुरु गोविंद सिंह टेक्निकल एवं इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, कांड्रा के डायरेक्टर, बियाडा अफसर कॉलोनी निवासी की माता का देहांत बुधवार को लंबी बीमारी के उपरांत मुस्कान अस्पताल में हो गई. 81 वर्षीय स्वर्गीय गीता जरूहर, डॉ एस बी जरूहर की पत्नी थी एवं कुछ दिनों से बीमार चल रहीं थीं. उनका अंतिम संस्कार चास गरगा नदी स्थित मुक्तिधाम में दोपहर, बुधवार को कर दिया गया. शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व डीआईजी जीतेन्द्र कुमार सिंह, जीजीपीएस सोसाइटी अध्यक्ष तरसेम सिंह, सचिव एसपी सिंह, प्रिंसिपल सोमन चक्रवर्ती, बियाडा कॉलोनी के पीके सिंह, महेंद्र प्रसाद, सूर्यदेव सिंह, रजत नाथ, मृगेंद प्रताप सिंह सहित अन्य शामिल थे.

राजद ने गृहमंत्री का जलाया पुतला

जमुआ (गिरिडीह)। राजद प्रखण्ड कमिटी ने जमुआ चौक पर अमित शाह का पुतला दहन किया. पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद प्रखंड सचिव ललन यादव ने कहा कि जब से देश में भाजपा सता में आई है तब से बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान को कमजोर किया जा रहा है और अब तो देश के गृह मंत्री अमित शाह को जय भीम से दिक्कत हो रही है.

महिला को कार ने मारा धक्का, इलाज के दौरान मौत

- पूर्व मंत्री बेबी देवी ने पीड़ित परिवार से मिल दी सांत्वना

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

डुमरी थाना क्षेत्र के करिहारी में गुरुवार को एक कार (जेएच 10 सीएस 8047) ने दुकान से सामग्री लेकर पैदल जा रही करिहारी निवासी सह डीलर संघ के उपाध्यक्ष व झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर महतो की पत्नी शांति देवी (58) को जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु बोकारो ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना की खबर सुनकर पूर्व मंत्री बेबी देवी शोक संतप्त परिवार से मिल सांत्वना दी. पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया. साथ ही कार को जब्त कर थाना ले गयी. घटना की खबर सुन डीलर संघ से जुड़े दर्जनों सदस्य, जनप्रतिनिधि, झामुमो कार्यकर्ता, विभिन्न दलों से जुड़े नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी.इधर कुरमी चेतना मंच के अध्यक्ष जिवाधन महतो, सचिव दुर्योधन महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, छोटू, कुडमी समाज व वृहत झारखंड कुडमी आदिवासी मंच के जिलाध्यक्ष बैजनाथ महतो, धनेश्वर विद्यार्थी, टुपलाल महतो, राजकमल महतो, करमचन्द महतो, बिरेन्द्र प्रसाद महतो, बलदेव महतो, भुनेश्वर महतो आदि ने शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी. बताया जाता है कि मृतका दुकान से पैदल आ रही थी, तभी उक्त कार उन्हें ठोकर मारते हुए एक ट्रक से जाकर टकरा गया.

एनईपीएल में सुपरवाइजर और डंपर ऑपरेटर के बीच मारपीट

ऑपरेटर के समर्थकों ने कोलियरी में किया हंगामा

संवाददाता। कथारा

सीसीएल कथारा क्षेत्र के खुली खदान में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी एनईपीएल के सुपरवाइजर चंद्रशेखर कुमार सिंह व डंपर ऑपरेटर मो आरिफ के बीच बीते बुधवार की देर रात किसी बात को लेकर मारपीट हुई. जिसमें डंपर ऑपरेटर मो आरिफ को मुंह तथा अन्य स्थानों पर गंभीर चोट लगी. इसकी जानकारी ऑपरेटर के परिजनों व गांव वालों को लगते ही जारंगडीह पहुंच कर सुपरवाइजर की खोज करने लगे, नहीं मिलने पर हो-हंगामा करने लगे हो. हंगामा देख इसकी सूचना बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह को दी गई. जानकारी मिलते ही सदलबल घटना स्थल में पहुंच कर मामला को शांत कराया. लोग वापस चले गए लेकिन गुरुवार सुबह पुनः लोग जारंगडीह खुली खदान पहुंच कर जमकर बवाल काटा और दोषी सुपरवाइजर को कार्य से हटाने तथा ग्रामीणों के सामने लाने की मांग करने लगे, तभी जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी बिनोद कुमार, मैनेजर आरके यादव, नीरज कुमार, स्थानीय बोकारो थर्मल थाना के पुअनि धनंजय कुमार, सअनि पंकज भारद्वाज आउटसोर्सिंग कंपनी के जीएम रवि कुमार सिंह व खेतको के ग्रामीणों के बीच समझौता वार्ता हुई. जिसमें सुपरवाइजर व ऑपरेटर को भी बुलाया गया. जहां ऑपरेटर ने सुपरवाइजर पर बेवजह मारपीट करने का आरोप लगाया. वहीं सुपरवाइजर ने ऑपरेटर पर नशा कर कार्य में आने का कारण बताया तथा दोनों ओर से हाथपाई की बात स्वीकारी. सभी बातों को सुनाने के बाद आगे से एसी कोई हरकत नहीं करने का हिदायत देते हुए दोनों को आपस में मिलाया गया. जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई.

न्यूज अपडेट

केबी कॉलेज बेरमो में पॉक्सो जागरुकता अभियान

कथारा। राजकीय मध्य विद्यालय गांधी नगर बेरमो में राष्ट्रीय सेवा योजना, के बी कॉलेज बेरमो ने प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के संरक्षण और कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के अगुवाई में बढ़ती यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने हेतु स्वयं सेवकों की मदद से जागरुकता अभियान चलाया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं समेत स्कूल के सभी संबंधित हितधारकों की उपस्थिति रही. डॉ. प्रभाकर कुमार ने कहा कि पॉक्सो कानून, 2012 के दायरे में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ किसी भी तरह का यौन व्यवहार शामिल है. 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिगों के उत्पीड़न होने पर पॉक्सो कानून के तहत तुरंत गिरफ्तारी का प्रावधान अधिनियम में किया गया है. इस अधिनियम में नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न, शोषण, पोनोग्राफी जैसे यौन अपराधों व छेड़छाड़ के मामलों में कारवाई हेतु पॉक्सो कानून के अंतर्गत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा निर्धारित किए गए हैं.

तेनुघाट अधिवक्ता संघ का चुनाव 20 को

कथारा। झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची के आदेश के आलोक में अधिवक्ता संघ तेनुघाट का सत्र 2024/26 का चुनाव 20 दिसंबर शुक्रवार को होगा. मालूम हो कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षक मृत्युजंय कुमार श्रीवास्तव भी तेनुघाट पहुंच चुनाव प्रक्रिया की जानकारी चुनाव पदाधिकारी से ली और उन्हें कई तरह के दिशा निर्देश भी दिए. मनोनीत पर्यवेक्षक मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, अनील कुमार महतो एवं परमेश्वर मंडल के साथ चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, उमेश प्रसाद और बिनोद कुमार गुप्ता के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा. वहीं उनके साथ मनोज कुमार, मजहर जानी और पंकज कुमार झा भी सहयोग करेंगे तथा उनके साथ द्वारिका नाथ तिवारी, बीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, मनोज कुमार चौबे, मो सबीर एव अजय कुमार कपूर भी मौजूद रहेंगे.

बारहवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह

बोकारो। संत जेवियर्स स्कूल 2024-25 के निवर्तमान कक्षा बारहवीं बैच के लिए विदाई कार्यक्रम 19 दिसंबर को आयोजित किया गया. कार्यक्रम शुरू होते ही माहौल पुरानी यादों से भर गया था. कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे., कैप्टन दीप्तेश गुप्ता, उप कैप्टन पलक फोगला के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई. फादर अरुण मिंज एस.जे. ने सभा को संबोधित किया. उन्होंने प्रस्थान करने वाले बैच की शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यालय समुदाय में योगदान को मान्यता देते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी. प्राचार्य ने स्कूल के बाहर लगे हुए बोर्ड पर लिखे हुए वाक्य के बारे में भी समझाया- सीखने के लिए विद्यालय में प्रवेश करें, सेवा करने के लिए छोड़ें.

गृह मंत्री के आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध

गिरिडीह। गृहमंत्री अमित शाह के डॉ भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहर के टावर चौक के पास प्रदर्शन किया गया. आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की गई. विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि 17 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करना निंदनीय है, संवैधानिक पदाधिकारी की ओर से इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक है और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है. जिला अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. अंबेडकर समानता, न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक हैं. यह हमारे देश की सामाजिक सद्भावना के लिए खतरा है.

लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरुकता अभियान

पालोजोरी। पालोजोरी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में लिंग आधारित जागरुकता अभियान चलाया गया. वहीं इस कार्यक्रम को लेकर महिला सखी मंडल के दीदियों के द्वारा बैठक कर कार्यक्रम का आयोजन किया. दीदीयों ने कहा कि आज की पीढ़ी लिंग आधारित प्रक्षेपण कर हिंसा को बढ़ावा देने काम कर रही है. इस बाबत उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रक्षेपण व लिंग आधारित हिंसात्मक का रोकथाम को लेकर हम-सब पंचायत के जन-जन तक इस मुहिम को पहुंचाने का काम कर रहे हैं. वहीं इस मौके पर रूक्मणी कुमारी, बीआरपी आशा कुमारी सहित कई अन्य मौजूद थे.

विद्यालय स्तरीय कहानी पाठ प्रतियोगिता

कसमार (बोकारो)। कसमार स्थित पीएम श्री एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को पोएट्री क्लब की ओर से काव्य सभा, विद्यालय स्तरीय कहानी पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम हिन्दी के विद्वान शिक्षक सह काव्य सभा के नोडल शिक्षक राम बाबू शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया. जिसमें विद्यालय के सभी वर्गो के कुल 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य फारुक अंसारी द्वारा पुरस्कृत किया गया. प्राचार्य ने कहा कि इस काव्य सभा के माध्यम से विद्यार्थियों के अन्दर छिपी हुई रचनात्मक कौशल का विकास करना उद्देश्य है. कहा कि उक्त क्लब द्वारा समय-समय पर काव्य के विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन होता रहेगा.

सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण

साहिबगंज। गुरुवार को सिविल सर्जन साहिबगंज की अध्यक्षता में सिविल सर्जन के सभागार में इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) यानि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत सभी सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया. प्रशिक्षण में सभी सीएचओ को आईडीएसपी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया. साथ ही संचारी रोग से संबंधित सभी बीमारियों आईएचआईपी पोर्टल एवं ऐप में कैसे एंट्री करना है के बारे में जानकारी दी गई. किसी भी बीमारियों के आरंभिक स्थिति में पहचान कर आईएच आईपी पोर्टल में रिपोर्ट करने एवं इसकी सूचना ब्लॉक एवं जिला स्तर को दिए जाने के संबंध में बताया गया. साथ ही साथ अब तक किए गए रिपोर्टिंग का संस्थानवर समीक्षा भी किया गया. अध्यक्ष के द्वारा भी पोर्टल में आंकड़ों की शत प्रतिशत प्रविष्टि करने हेतु निर्देश दिया गया.

देवघर में छात्रों के लिए विशेष भ्रमण

देवघर। मदरज टच स्कूल ने हाल ही में अपने विद्यार्थियों के लिए एक विशेष भ्रमण का आयोजन किया. जिसका उद्देश्य स्वस्थ आहार की आदतों को बढ़ावा देना, दान और करुणा के मूल्यों को सिखाना था. इस भ्रमण के दौरान, छात्रों को इडली-सांभर का पौष्टिक भोजन प्रदान किया गया, जिसे एक स्थानीय चैरिटी द्वारा उदारतापूर्वक दान किया गया था. स्कूल ने इस चैरिटी के प्रयासों को सराहा और उनके समुदाय सेवा में समर्पण की सराहना की. इस पहल के माध्यम से छात्रों को न केवल पोषणपूर्ण आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, बल्कि समाज में दूसरों की मदद करने के महत्व को भी समझाया गया. छात्रों ने करुणा और छोटे-छोटे दान के कार्यों से समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के महत्व को सीखा.

25 हजार लोगों को जलवायु परिवर्तन के लिए वन विभाग देगा प्रशिक्षण

चुनौतियों को लेकर जागरूक रहने की जरूरत : रविरंजन

- जलवायु परिवर्तन भयावह खतरा है, जिससे पूरी दुनियां भयभीत

संवाददाता। कसमार (बोकारो)

वन विभाग की ओर से गुरुवार को पेटरवार स्थित वन विभाग के सभागार में जलवायु परिवर्तन विषय पर स्टेक होल्डर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कार्यशाला का शुभारंभ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग के रवि रंजन कुमार, बोकारो डीएफओ रजनीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया. कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को लेकर लगातार जागरूक रहने की अपील की गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रवि रंजन कुमार ने कहा कि पूरे राज्य में जलवायु परिवर्तन को लेकर वन विभाग अभियान चला रही है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए बोकारो जिले के 25 हजार लोगों को प्रशिक्षित करते हुए इस अभियान को गांव-गांव में पहुंचाना है. जलवायु परिवर्तन एक ऐसी भयावह खतरा है, जिससे पूरी दुनियां भयभीत हैं. इसके लिए गांव-गांव के एक-एक व्यक्ति को जागरूक होते हुए छोटा-छोटा प्रयास करते हुए वनों की पहरेदारी करनी होगी. डीएफओ रजनीश कुमार ने बताया कि आने वाला समय काफी भयावह और खतरनाक होंगे. हम सभी को जलवायु परिवर्तन को समझना होगा. अभी स्थिति विपरित होती जा रही है. जहां वर्षा होती थी, वहां सुखाड़ हो रहा है. जहां बाढ़ से लोग सहमे रहते थे, वहां पानी नहीं है. ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण ओजोन परत को खतरा है. कार्बन की बढ़ती मात्रा से हमारा वातावरण प्रदूषित हो रहा है. एसी, फ्रीज, गाड़ी, सुख सुविधा के बेहतर साधन तो हैं, लेकिन इसका बुरा असर हमारे वायुमंडल पर पड़ रहा है. जलवायु विशेषज्ञ असर के इस्तियाक ने बताया कि लगातार बढ़ते हुए तापमान एवं जलवायु परिवर्तन के कारण वनस्पतियों का अस्तित्व तो खतरे में है ही, जीवों के प्राकृतिक आश्रय स्थलों पर भी खतरा है. तापमान में बेतहाशा वृद्धि के कारण कई नदियां समय पूर्व सूख रही है. सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब चंद्र ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं. आधुनिकता के इस दौर में मानव ने बड़े पैमाने पर पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों का अतिदोहन किया है एवं प्रकृति को क्षति पहुंचाई है. जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों और कुप्रभावों से बचने के लिये हमें तैयारी करनी होगी. कार्यक्रम में हेमंत कुमार, मुखिया अमरेश कुमार महतो, हारु रजवार, सुमित्रा कुमारी, विष्णु चरण महतो सहित सभी वन समिति के अध्यक्ष व सदस्य मौजूद थे.

विस्थापित युवा लायंस फोर्स ने इस्पात मंत्री का फूंका पुतला

संवाददाता। बोकारो

विस्थापित युवा लायंस फ़ोर्स के उपाध्यक्ष मुर्शलिम अंसारी द्वारा केंद्रीय इस्पात मंत्री का पुतला दहन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा उपस्थित हुए . शर्मा ने कहा कि बीएसएल प्रबंधन द्वारा दोहरे चरित्र को दर्शाते हुए जिस तरह फुटपाथ दुकानदारों पर बर्बरतापूर्वक बुलडोजर चलाया गया, इसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है. आज इसी के विरोध में हम सभी केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी कुमारास्वामी का पुतला दहन किया. शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शुरू से ही पूंजीपतियों एवं अमीरों की सरकार है. जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, निचले तबके के लोगों का जीना मुहाल हो गया है. बीएसएल प्रबंधन केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के इशारे पर काम करती है. एक तरफ बीएसएल प्रबंधन बोकारो के बड़े-बड़े पूंजीपतियों और नेताओं द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बड़े-बड़े शो रूम, निजी विद्यालय, मॉल आदि सभी को मोटी रकम लेकर उन्हें अवैध रूप से दान किया जा रहा है. दूसरी और सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान लगाकर रोजी-रोटी जुगाड़ करने वाले गरीब एवं विस्थापितों का रोजगार छीनने की काम कर रही है. विस्थापितों को बिजली-पानी को लेकर आए दिन जद्दोजहद करनी पड़ती है. इनके हिस्से की बिजली-पानी तक को बेचा जा रहा है. एक ओर प्रबंधन अवैध कब्जा ढहाने की बात करती है, दूसरी ओर बीएसएल क्वार्टरों को मन मुताबिक भाड़े पर बैठाया जा रहा है. सीएसआर फंड का दुरुपयोग का ही नतीजा है कि आज विस्थापित एवं गरीब शिक्षा, स्वास्थ जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है. देव शर्मा ने सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ बीएसएल प्रबंधन से मांग रखते हुए कहा कि बीएसएल क्वार्टर एवं करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने वाले पूंजीपतियों के विरुद्ध कडी करवाई हो एवं प्रबंधन द्वारा जल्द से जल्द फुटपाथ दुकानदारों को मुआवजा दिया जाए.

ब्रीफ खबरें

बीबीएमकेयू से हटाए गए कर्मी विधायक से मिले

धनबाद। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को अचानक बैठा दिया गया. हटाये गए कर्मियों ने आरोप लगाया कि दुबारा काम पर रखने के लिए सभी से 10 हजार रुपए की मांग की जा रही है. हटाए गए कर्मी गुरुवार को सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ़ बबलू महतो से मिले. उनके साथ स्थानीय बेरोज़ागार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, चिरंजित मंडल, रणजीत मंडल, कुंदन गुप्ता एवं अन्य भी मौजूद थे. गौतम ने बताया कि आस पास के 30 ग्रामीण शुरू से काम कर रहे थे. जिसमें से कुछ को हटा कर सब अपने लोगो को रखा और अब बचे लोगो को हटा कर अपने लोगो को रखने के लिए सोची समझी साजिश की गई है. आगे कहा कि समानता आउटसोर्सिंग गरीबी हटाने के बजाय गरीबों को ही हटा रही है.

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

धनबाद। नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने रामगढ़ निवासी कृष्ण जीवन पांडे को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर मधुबन थाने में 28 मई 24 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता जब स्कूल जाती थी तो आरोपी हमेशा उसे छेड़छाड़ करता रहता था. आरोप था कि 2 जून 2023 की रात को पीड़िता घर में अकेली थी तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था और इसका वीडियो बना लिया था. आरोप था कि वीडीयो दिखाकर वह बराबर पीड़िता को ब्लैकमेल करता था और उसके साथ दुष्कर्म करता थ. पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 29 मार्च 2024 एवं 2 अप्रैल 2024 को भी आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 25 जुलाई 24 को आरोप पत्र दायर किया था. 30 जुलाई 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. इस दौरान लोक अभियोजक समित प्रकाश ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था.

अखण्ड ज्योत की अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया

झरिया धाम में श्री श्याम रस का प्रवाह

- श्री श्याम बाल मंडल की ओर से 24वां श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ

संवाददाता। झरिया

गुरूवार को झरिया श्याममय हो गया. श्याम नाम के गुणगान की सरिता में काले हीरे की नगरी आप्लावित होती रही. मौका था श्री श्याम बाल मण्डल की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजित 24वें श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ के आयोजन का. दरअसल, श्री श्याम बाल मंडल झरिया द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड ज्योत पाठ का आयोजन श्री श्याम मंदिर झरिया के प्रांगण में हुआ. सुबह दस बजे पंडित कैलाश पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना करायी. कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथा वाचक ज्योति खन्ना (कोलकाता) ने श्याम अखण्ड ज्योति पाठ का वाचन किया. उनके साथ 601 श्याम भक्तों ने पाठ का सस्वर वाचन किया. उनके साथ-साथ भक्तजनों ने श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन पूरे सुर और लय के साथ किया. साथ ही साथ श्याम बाबा की जीवन गाथा नृत्य नाटिका के माध्यम से पूरे श्याम भक्तों के बीच किया गया. ज्योति खन्ना ने एक से एक भजनों को प्रस्तुत किया.साथ ही साथ बाबा श्याम का जन्म उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया. श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ के दौरान बाबा श्याम को नाना प्रकार के भोग अर्पित किए गए. छप्पन भोग, सवामनी, चूरमा, खीर भी खाटू नरेश को लगाए गए. साथ ही, केक भी श्याम प्यारे को चढ़ाया गया साथ ही साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के शानदार आयोजन में श्री श्याम बाल मण्डल के सदस्यगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा.

श्याम के जयकारे से गूंजा कुमारधुबी निकली भव्य निशान शोभा यात्रा

मैथन। श्याम दीवाने एग्यारकुण्ड की ओर से गुरूवार को श्री श्याम प्रभु की भव्य निसान शोभा यात्रा निकाली गयी . गाजे-बाजे और श्याम के जयकारे के साथ एग्यारकुण्ड मोड़ से निसान यात्रा नाचते गाते पश्चिम बंगाल के नियामतपुर रानी सती दादी मंदिर पहुंची . जहां निशान को श्री श्याम के चरणों में अर्पित किया गया . इस दौरान जगह जगह श्याम भक्तों के लिये शरबत पानी की व्यवस्था थी . श्याम दीवाने के विकास अग्रवाल ने बताया कि लगातार 8वां महोत्सव मनाया जा रहा है . 20 दिसंबर को मन की बात सांवरे के साथ एग्यारकुण्ड मोड़ स्थित मैरेज हाल में भजन संध्या का आयोजन होगा . कोलकाता के विवेक शर्मा एवं जमशेदपुर के अनुभव अग्रवाल भजन प्रस्तुत करेंगे .

युवाओं को सदस्यता अभियान से जोड़ेः रागिनी

झरिया। भाजपा के संगठन पर्व के तहत झरिया नगर भाजपा ने सदस्यता अभियान के निमित्त अग्रवाल धर्मशाला में बैठक की. बैठक प्रारंभ में वरिष्ठ नेता स्व. शैलेश सिंह चंद्रवंशी जी को श्रद्धांजलिअर्पित की गई. उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखा गया. बैठक में झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान का महत्व बताया. युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल दिया. युवा वर्ग ज्यादा उर्जावान हैं. झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साहू ने अधिक से अधिक सदस्य बनाने की बात कही. मौके पर सदस्यता प्रभारी जिला मंत्री बाबू जैना, जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी, सिवान श्रीवास्तव, राजकुमार अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण साहब सत्यदेव सिंह, दिलीप भारती, अरिंदम बनर्जी, श्रवण राम, सुनील साहू, अरुण गोस्वामी, अमित साव, मोतीलाल विश्वकर्मा, संजू वर्मा, दिलीप आडवाणी, रंजीत रामानी, अजय वर्मा, मनोज प्रसाद, राहुल सोनी, मुन्ना पांडे, राजेश सिंह, आशीष मालाकार, विश्वनाथ साहू आदि थे.

हाड़ी समाज ने फूंका गृह मंत्री का पुतला

संवाददाता। धनबाद

हाड़ी समाज ने गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका. बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर पर किए गए गृह मंत्री अमित शाह की विवादित टिप्पणी से हाड़ी समाज नाराज है. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर पर टिप्पणी कर गृहमंत्री अमित शाह ने ओछी मानसिकता का परिचय दिया हैं. भारतीय संविधान के रचयिता पर ऐसा बयान अशोभनीय हैं. हम इसकी घोर निंदा करते हैं. बाबा साहेब पर निंदनीय टिप्पणी को नहीं सहेंगे. वक्ताओं ने अमित शाह को गृहमंत्री के पद से हटाने की मांग की. पुतला दहन कार्यक्रम में राजू प्रसाद हाड़ी,अजय हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी, मनोज हाड़ी, कार्तिक हाड़ी, मनु हाड़ी, भोला हाड़ी, संजय हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, दिनेश हाड़ी, मनोज हाड़ी, राम प्रसाद, पाजी हाड़ी, विकाश हाड़ी, सिद्धार्थ उपस्थित हुए.

नगर निकाय चुनाव के लिए प्रगणकों ने लिया प्रशिक्षण

ननि चुनाव में आरक्षण सर्वे पूरा करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय

संवाददाता। धनबाद

नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में वार्ड वार प्रतिनियुक्त प्रगणक एवं वार्ड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया. नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निकाय (आम) चुनाव के निमित्त पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के लिए नगर निगम के 55 एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 21 वार्ड में प्रगणक द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जाना है. प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को सभी कार्य सावधानीपूर्वक और ध्यान करने पर जोर दिया. प्रशिक्षकों को वोटर लिस्ट का वार्ड वार विखंडीकरण करने और डोर टू डोर सर्वे कर त्रुटि रहित प्रपत्र 1 सहित अन्य प्रपत्रों को भरने का प्रशिक्षण दिया गया. साथ ही निवर्तमान वार्ड पार्षद, वार्ड सुपरवाइजर एवं वार्ड में कार्यरत एक सरकारी कर्मी के साथ गठित तीन सदस्यीय वार्ड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सदस्यों को प्रतिदिन सर्वे की निगरानी रखने और प्रगणकों को सहायता करने का अनुरोध किया गया. नगर आयुक्त ने सभी प्रगणकों को 31 दिसंबर 2024 तक सर्वे पूरा कर लेने के लिए निर्देशित किया है. इसके बाद दावा आपत्ति के लिए 7 दिन रहेंगे. सभी प्रगणकों को अपनी पूरी क्षमता के साथ सर्वे करने और निर्धारित समयावधि में सर्वे पूरा करने का निर्देश दिया. बता दें कि नगर निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव ने सभी जिलों के डीसी को पत्र लिखकर ओबीसी आरक्षण को लेकर डोर टू डोर सर्वे कराकर रिपोर्ट मांगी है. 31 दिसंबर तक धनबाद समेत सभी नगर निकाय के डीसी को अपनी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है.

भाजपाइयों ने की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

संवाददाता। धनबाद/झरिया

भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर में सदस्यता अभियान को लेकर गुरुवार को महानगर के कई मंडलों में कार्यशाला का आयोजन किया गया. बैंक मोड़ मंडल की कार्यशाला मटकुरिया भगत सिंह कॉलोनी में सदस्यता अभियान को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि सभी मंडलों में एक सदस्यता संयोजक एवं दो सह संयोजक बनाए गए हैं. सदस्यता अभियान का आरंभ 22 दिसंबर से किया जाना है. प्रत्येक शक्ति केंद्र में 200 प्राथमिक सदस्य बनना है. 50 प्राथमिक सदस्य बनने वाले ही सक्रिय सदस्य बनने की अर्हता पूरी करेंगे. महानगर के सभी बूथों में सदस्यता अभियान युद्ध गति से चलाना है. जिला महामंत्री सह जिला सदस्यता प्रभारी मानस प्रसून ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता ओजस्वी हैं. पिछले सदस्यता अभियान में पूरे झारखंड में धनबाद महानगर जिला अव्वल हुआ था. इस बार भी अपने ही रिकॉर्ड को यहां के कार्यकर्ता तोड़ेंगे एवं ऐतिहासिक सदस्य बनाने का कार्य करेंगे. जिला मंत्री पंकज सिन्हा ने कहा कि आगामी 23 एवं 24 को मंडल के प्रत्येक बूथों पर जाकर भाजपा से जुड़ने के इच्छुक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का कार्यक्रम तय है. 25 को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए विशेष सदस्यता अभियान अभियान चलाना है. मौके पर मंडल अध्यक्ष सन्नी रवानी, संजय गोस्वामी , संजय गोस्वामी, नीरज सिन्हा, परशुराम पासवान एवम सरोज प्रसाद, शिवेन्द्र सिंह सोनू, सुनीता केशरी, रेणु थापा आदि थे.

आसनसोल

कोलकाता में नकली पासपोर्ट रैकेट का पर्दाफाश

तीस हजार फर्जी आईडी के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता। कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने बुधवार को नकली पासपोर्ट रैकेट के मामले में दिपांकर दास नामक पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) के संविदा कर्मचारी को गिरफ्तार किया. उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस को उसके गैजेट्स से प्राप्त डाटाबेस से 30 हजार लोगों की सूची मिली है, जिनके लिए उसने फर्जी भारतीय पहचान पत्र और पासपोर्ट तैयार किए थे. सूत्रों के अनुसार, इन दस्तावेजों में से कई दस्तावेज अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को जारी किए गए थे. पुलिस को शक है कि इनमें से कई लोग पश्चिम बंगाल सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे हैं. पुलिस ने इन नामों की जानकारी सभी स्थानीय थानों को दी है ताकि उनकी पहचान और ठिकानों का पता लगाया जा सके. दिपांकर दास, जो बेहाला में अपने घर से एक छोटा कार्यालय चलाता था, इस रैकेट में सक्रिय था. उसने यह फर्जी दस्तावेज तैयार करने का काम मुख्य रूप से एक अन्य आरोपित एस बिस्वास के निर्देश पर किया. जांच के दौरान अधिकारियों ने दो प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एक यूरोपीय देश के वीजा के फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं. पिछले रविवार से अब तक इस मामले में पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें से दो आरोपित पीओपीएसके के संविदा कर्मचारी हैं, जिनमें दास और दीपक मंडल शामिल हैं. जांचकर्ताओं को शक है कि इस रैकेट में भारतीय डाक विभाग के कुछ स्थायी कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं. यह रैकेट मुख्य रूप से बांग्लादेश की सीमा से सटे गांवों में संचालित हो रहा था.

कोयला लदा डंपर पलटा

संवाददाता। पुरुलिया

पुरुलिया जिला पुलिस प्रशासन ने पुरुलिया जिले भर में बालू, पत्थर, कोयला खनन पर नकेल कस दी है. नतीजा, संतालडीही पुलिस की मदद से माफिया बालू, पत्थर व कोयला चोरी करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं. दिन में लोगों की नजरों से बचकर, रात के अंधेरे को बालू, पत्थर, कोयला चलाने का औजार बनाकर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं. टामना थाना क्षेत्र में रात में नदी से बालू निकालने के दौरान एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई थी. इस बार चोरी से कोयला ले जाने के दौरान कोयला लदा डंपर जलाशय में पलट गया. बुधवार की सुबह पुरुलिया के संतालडीही-रघुनाथपुर रोड पर मोनोग्राम रेल फाटक के पास नयनजुली में कोयला लदा डंपर पलटा हुआ देखा गया. चालक व खलासी फरार हैं. हालाँकि, पुरुलिया जिला पुलिस प्रशासन ने हाल ही में पुरुलिया जिले भर में बालू, पत्थर, कोयला खनन बंद कर दिया है. बहरहाल, हादसे के बाद यह साबित हो गया है कि जिले में सर्द रातों में भी पुलिस की मदद से आम लोगों की नजरों से बचकर बालू, पत्थर और कोयला धड़ल्ले से चल रहा है. जिले की संतालडीही थाने की पुलिस की मदद से अस्त देउली पहाड़ी से पत्थर चोरी कर झारखंड समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में तस्करी की जाती है. संतालडीही थाने के गोई नदी से बालू की तस्करी की जा रही है. इसके अलावा संतालडीही थाना पुलिस की मदद से अवैध रूप से कोयले की तस्करी की जा रही है. हाल ही में इलाके के निवासी और पाड़ा विधानसभा के विधायक नदियारचंद बाउरी ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संतालडीही थाने की पुलिस की मदद से कोयला, बालू और पत्थर तस्करी की शिकायत उठाई थी. अब विधायक की शिकायत पर मुहर लग गई. इस मौके पर विधायक ने कहा, मैंने कुछ दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संतालडीही पुलिस की मदद से कोयला, बालू और पत्थर की तस्करी के बारे में बताया था. इस बार कोयला लदा डंपर पलट गया और इसका सबूत भी मिल गया.

पुरुलिया को मिला मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी वैन

भोजन की गुणवत्ता की होगी जांच

संवाददाता। पुरुलिया

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ही नहीं, पुरुलिया में किसी भी खाद्य दुकान के सामने मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी या मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी वैन खड़े होकर भोजन की गुणवत्ता की जांच करेंगे. हाल ही में पुरुलिया को यह मोबाइल वैन मिली है. वाहन जिले भर में होटल, लॉज, रिसॉर्ट्स और यहां तक कि फुटपाथ की दुकानों और पिकनिक स्थलों तक यात्रा करेगा, यह देखने के लिए कि वहां स्वस्थ भोजन तैयार किया जा रहा है या नहीं. किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर चलती गाड़ी तेजी से कदम उठाएगी. पुरुलिया में ऐसी वैनों के आने की मांग काफी समय से चल रही है. भले ही पड़ोसी बांकुड़ा और पुरुलिया के झाड़ग्राम को यह मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वैन मिल गई, लेकिन यह जंगलमहल जिले में नहीं थी. ऐसे में पुरुलिया में कार्यरत राज्य स्वास्थ्य विभाग के संविदा अस्थायी कर्मचारी अभय महतो ने पुरुलिया के जिला मजिस्ट्रेट को एक पत्र लिखा था. ताकि पुरुलिया में ऐसी वैन मिल सके. हालांकि, यह वैन मिलने के बावजूद चालक की नियुक्ति नहीं की गयी है. लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग यह स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा है कि वह गाड़ी कब सड़क पर आयेगी. पुरुलिया जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अशोक कुमार विश्वास ने कहा, "हम ड्राइवर की तलाश कर रहे हैं. मैंने उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया है. ड्राइवर को एजेंसी के माध्यम से लिया जाएगा." पुरुलिया शहर से लेकर जिले के पर्यटन केंद्रों तक खाने-पीने के कई स्टॉल हैं. लेकिन क्या उन स्टॉलों पर स्वच्छता नियमों का पालन करते हुए तरह-तरह के लुभावने व्यंजन तैयार किए जाते हैं? भ्रमण के दौरान पर्यटकों को ताजा, स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिलता है की नहीं, वैन विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर जाकर उसका सत्यापन करेगी. खाद्य सुरक्षा अधिकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन है. आरोप है कि इस जिले के विभिन्न होटल, लॉज, रिसॉर्ट या फुटपाथ पर लगने वाले ठेलों पर खाने की जांच नहीं की जाती है. कई बार छापेमारी कर जिम्मेदारी की इतिश्री कर ली जाती है. पुरुलिया शहर के विभिन्न होटलों में बासी खाना परोसने का भी आरोप है. फिर भी इस संबंध में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी है. हालांकि, शहरवासियों का मानना है कि मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी वैन इस समस्या का समाधान कर देगी.

निशान यात्रा का स्वागत

संवाददाता। बराकर

बंगाल झारखंड की सीमा स्थित कुमारडुबी एग्यार कुंड से श्री श्याम दीवाने की ओर से निशान यात्रा निकाली गयी. इस यात्रा में शामिल सैकडों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पैदल तय किया. इस जत्था को बंगाल में प्रवेश करते ही बराकर एवं कुल्टी में भिन्न भिन्न जगह पर श्याम परिवार श्याम प्रेमियों ने पैदल ध्वजा पद यात्रियों का जलपान देकर भव्य स्वागत किया गया. निशान यात्रा नियामतपुर श्याम एवं दादी मंदिर पहुँच कर निशान बाबा को अर्पित किया गया. इस अवसर पर मंदिर कमिटी की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रसाद का आयोजन किया गया. जिसमें निशान यात्रा में शामिल लोगों ने भाग लिया. सैकडों की संख्या में लोगों ने भाग लिया. मंदिर कमिटी के सदस्यों ने बताया कि बंगाल एवं झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र से प्रतिदिन सैकडों की जत्था निशान लेकर नियामतपुर श्याम एवं दादी मंदिर पहुँचने लगी है. श्रदालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुये ऐसा लगता है कि नियामतपुर श्याम एवं दादी मंदिर लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.

एडेलडी गांव में सोलर पंप लगाने की मांग

पुरुलिया। पुरुलिया के झालदा के मठारी फार्म ग्राम पंचायत के एडेलडी गांव के निवासियों ने सोलर पंप लगाने की मांग उठाई है, जिससे उन्हें पीने का पानी मिल सके. गांव में लगभग तीस से चालीस आदिवासी परिवार रहते हैं, जो आजादी के बाद भी कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं. अन्य गांवों में सोलर पंप के माध्यम से पेयजलापूर्ति व्यवस्था शुरू की गई है, लेकिन एडेलडी गांव को इस सेवा से वंचित किया जा रहा है. ग्राम पंचायत प्रधान माधुरी सिंह मुरा ने बताया कि पंचायत की ओर से गांव में ट्यूबवेल खोदे गए हैं, लेकिन पथरीले इलाके में हमेशा पानी नहीं मिल पाता है. उन्होंने आश्वासन दिया कि पेयजल समेत अन्य मांगों पर विचार किया जाएगा. इसके अलावा, गांव के निवासी जंगल के पास गांव में ढलाई सड़क और स्ट्रीट लाइट लगाने की भी मांग कर रहे हैं. सरकार की पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंप लगाने के लिए 70% तक की सब्सिडी मिल सकती है.

मारवाड़ी युवा मंच का दिव्यांगों के लिए चार दिवसीय शिविर

प्रदान किए गए मुफ्त कृत्रिम अंग

संवाददाता। रानीगंज

मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा चार दिवसीय दिव्यांगों के अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन सत्यम स्मेल्टर्स एवं श्री महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से कन्हैयालाल सराफ स्मृति भवन में हुआ. मुख्य रूप से उपस्थित आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर अभिजीत घटक एवं रतन लाल जी मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके शिविर का उद्घाटन किया एवं कहा कि विकलांगों को नया जीवन देने के लिए मारवाड़ी युवा मंच ने इस तरह का अभूतपूर्व कैंप लगाया है. इससे बड़ी मानव सेवा दूसरी नहीं हो सकती उन्होंने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य निरंतर सामाजिक कामों में आगे रहते हैं. विशिष्ट अतिथि रानीगंज पुलिस के आईसी विकास दत ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने बहुत बेहतरीन कार्य किया है कई जिला के ग्रामीण क्षेत्र से विकलांग लोग आए हैं उन्हें निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण किया गया. सैकड़ो लोगों को कान की मशीन दी गई और बैसाखी प्रदान की गई. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्तर पर मारवाड़ी युवा मंच की पोजीशन करीब 55 वे स्थान पर है पर मुझे विश्वास है कि जल्दी ही पूरे भारतवर्ष के स्तर पर रानीगंज शाखा का नाम दसवीं स्थान पर आ जाएगा. इस अवसर पर पश्चिम बंगाल प्रांतीय उपाध्यक्ष पंकज राठी ने रानीगंज मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों को शाबाशी दी. संस्था के सलाहकार राजेश जिंदल ने बतलाया कि पिछले 2 वर्ष से पहले इस तरह का कैंप लगाया था सैकड़ो लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान किया गया था. वापस उन लोगों को बेहतर क्वालिटी का कृत्रिम अंग प्रदान किया गया है इसके अलावा कार्यक्रम के संचालक श्याम जलन ने कहा कि हमारी संस्था के सभी सदस्य विगत एक महीना से प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर प्रचार प्रसार कर रहे थे कई दुर दराज ग्रामीण क्षेत्र से कैंप में लोग आए हैं उनके चेहरों पर खुशी झलक रही है इसे हमें भी खुशी है समाज सेवा का काम करने का बल हमें मिला है. आज के कैंप में 150 लोगों को कान की मशीन दी गई एवं करीब 150 लोगों को 22 दिसंबर को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया गया.

रानीगंज गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय एकता रैली

संवाददाता। रानीगंज

रानीगंज गर्ल्स कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय एकता रैली शिविर के चौथे दिन एक राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न प्रांतों से आए सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के सांस्कृतिक परिधान पहने थे. यह रैली गर्ल्स कॉलेज से शुरू होकर रानीगंज एनएसबी रोड होते हुए नेताजी की प्रतिमा तक पहुंची, जहां माल्यार्पण किया गया. इस रैली का उद्देश्य विभिन्नता में एकता और एकता को बढ़ावा देना था, जैसा कि प्रो तुषार क्रांति बनर्जी ने कहा. इस शिविर का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड और पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोसीयारी ने किया था. इस शिविर में 17 राज्यों के 210 स्वयंसेवक और कार्यक्रम अधिकारी भाग ले रहे हैं, जो 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलेगा. यह रैली राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने और एक मजबूत, एकीकृत राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.

बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती हैं ये चीजें

खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं।

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल एक गंभीर समस्या बन गया है, जिससे अधितर लोग परेशान रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल खून में पाया जाने वाला फैट है, जो हार्मोन के उत्पादन और झिल्ली के कामकाज के लिए आवश्यक है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है अच्छा और खराब। यह अच्छा कोलेस्ट्रॉल है, जो शरीर के लिए जरूरी है लेकिन खराब कोलेस्ट्रॉल शरीर को नुकसान ही करेगा। जब अच्छे कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो शरीर इसे खाने-पीने की अच्छी चीजों की मदद से बनाता है। लेकिन जब खराब कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो खाने-पीने की कुछ गलत आदतें इसके लिए जिम्मेदार होती हैं। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से क्या होता है? आपको यह बात होनी चाहिए कि खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल से बचने के उपायों की बात करें, तो रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं। आज हम आपको कुछ कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली पीले रंग की चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कम सेवन करना चाहिए या फिर नहीं करना चाहिए।

डीप फ्राइड फूड

आजकल बहुत से लोग डीप फ्राई फूड खाना पसंद करते हैं। अक्सर देखा गया है कि लोग चिकन, समोसा, कचौरी, आलो टिक्की जैसी डीप फ्राई चीजों का खूब सेवन किया जाता है। जाहिर है इन चीजों में तेल का अधिक इस्तेमाल किया जाता है जिस वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने का जोखिम अधिक रहता है।

घी और मक्खन

घी या मक्खन के बिना भारतीय खाना अधूरा है। मक्खन, देसी घी, पनीर, पाम ऑयल और नारियल के तेल जैसी चीजों में सैचुरेटेड फैट की मात्रा अधिक होती है और इनका सेवन कम किया जाना चाहिए। खाना पकाने के लिए जैतून का तेल, चावल की भूसी का तेल, मूंगफली का तेल, सूरजमुखी का तेल और अन्य वनस्पति तेल का उपयोग करें।

जलेबी जैसी मिठाई

भारतीय मिठाइयों में चीनी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। जलेबी, छेना मिठाई, गुलाब जामुन और कई अन्य गहरी तली हुई मिठाइयों में तेल और चीनी का सबसे ज्यादा उपयोग होता है। जाहिर है यह दोनों चीजें कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का काम करती हैं।

अंडे की जर्दी

अंडे की जर्दी में किसी भी भोजन का सबसे अधिक कोलेस्ट्रॉल 1234 एमजी प्रति 100 ग्राम या दैनिक मूल्य का 411% होता है। एक अंडे की जर्दी 210 एमजी कोलेस्ट्रॉल प्रदान करेगी, जबकि पूरा अंडे केवल 212 एमजी प्रदान करता है। इस प्रकार अंडे में सबसे ज्यादा कोलेस्ट्रॉल जर्दी में पाया जाता है।

फास्ट फूड

फास्ट फूड, कोलेस्ट्रॉल से भरे होते हैं। पिज्जा, बर्गर और फ्रेंच फ्राई जैसी चीजों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है। इन चीजों को बनाने के लिए तेल, मक्खन, और चीज जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता हिया जिसमें कोलेस्ट्रॉल अधिक पाया जाता है।

शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है पोटेशियम

शरीर को तोड़ देती है इसकी कमी

पोटेशियम की कमी शरीर को तोड़कर रख सकती है, यह तत्व नर्वस सिस्टम और शरीर में तरल पदार्थों को कंट्रोल करने में सहायक है, जानिए शरीर में पोटेशियम की कमी दूर करने के लिए क्या खाना चाहिए।

अगर आपको हमेशा थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, कब्ज या बार-बार पेशाब आना जैसी समस्याएं रहती हैं, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में पोटेशियम की भारी कमी हो गई है। प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन की तरह भी एक जरूरी पोषक तत्व है, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, पोटेशियम को इलेक्ट्रोलाइट के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें एक छोटा इलेक्ट्रिक चार्ज है, जो सेल्स और नर्व फंक्शन को एक्टिव करता है। पोटेशियम का काम शरीर में कोशिकाओं के अंदर मौजूद तरल पदार्थ के लेवल को बनाए रखना है। ध्यान रहे कि सोडियम कोशिकाओं के बाहर तरल पदार्थ का लेवल बनाए रखता है। पोटेशियम मांसपेशियों के संकुचन को कंट्रोल करने और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने का भी काम करता है।

शरीर को रोजाना कितने पोटेशियम की जरूरत

14-18 वर्ष की लड़कियों को रोजाना 2,300 मिलीग्राम, महिलाओं को 2,600 मिलीग्राम और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 2,500-2,900 मिलीग्राम पोटेशियम की जरूरत होती है। इसी तरह 14-18 वर्ष की आयु के युवाओं को 3,000 मिलीग्राम जबकि पुरुषों को 3,400 मिलीग्राम पोटेशियम चाहिए।

पोटेशियम की कमी के लक्षण

- कमजोरी
- थकान महसूस करना
- मांसपेशियों में ऐंठन
- बेचैनी या उलझन
- कब्ज की शिकायत रहना
- दिल की धड़कन अनियमित होना
- झुनझुनी या सुन्नता
- बार-बार पेशाब आना

पोटेशियम के फायदे

पोटेशियम रोजाना खाए जाने वाले कई खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। अगर आप पोटेशियम से भरपूर चीजों का सेवन करते हैं, तो संभव है कि आपको नीचे बताई स्वास्थ्य समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है-

- ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सहायक
- स्ट्रोक के खतरे को कम करता है पोटेशियम
- ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद कर सकता है
- पेशाब में कैल्शियम कम करके किडनी की पथरी से बचाने में सहायक
- शरीर में जमा अतिरिक्त तरल पदार्थों को हटाकर Water Retention से बचाने में सहायक

पोटेशियम की कमी से नुकसान

दिमाग कमजोर होना और उसका कामकाज प्रभावित होना
हाई ब्लड शुगर की समस्या
मांसपेशियों का कमजोर होना और उनकी ताकत कम होना
सांस लेने में दिक्कत
अनियमित दिल की धड़कन

पोटेशियम रिच फूड्स

- ड्राई फ्रूट्स (किशमिश, खुबानी)
- बीन्स, दाल
- आलू
- पालक
- ब्रोकोली
- केले
- खरबूजा
- संतरे का रस
- नारियल पानी
- टमाटर
- सोया और बादाम का दूध
- दही
- काजू, बादाम
- चिकन
- सैमन मछली

पोटेशियम शरीर के लिए क्यों जरूरी है?

पोटेशियम इलेक्ट्रोलाइट की तरह कम करता है और इसका सबसे बड़ा काम शरीर की कोशिकाओं के अंदर तरल पदार्थों को कंट्रोल करना है। यह नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाए रखने में सहायक है। खून में पोटेशियम की कमी होने से शरीर की तंत्रिका आवेग उत्पन्न करने की क्षमता को प्रभावित हो सकती है। पोटेशियम का लेवल कम होने से नर्वस सिस्टम का संकेत भेजने का काम प्रभावित हो सकता है और इसकी कमी से मांसपेशियों का संकुचन कमजोर हो सकता है।

हार्ट अटैक-कैंसर से बचाने वाला मसाला है सौंफ

सौंफ का इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है। काफी लोग इसे खाने के बाद माउथ फ्रेशनर की तरह भी खाते हैं। लेकिन क्या सौंफ का रोल सिर्फ इतना ही है? बिल्कुल नहीं। सौंफ का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। सौंफ के अंदर कई सारे गुण होते हैं, जो पाचन के बाद खून में घुलकर अलग-अलग काम करते हैं। विभिन्न रिसर्च के मुताबिक, इस मसाले से हार्ट अटैक और कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव किया जा सकता है। आइए इसके पीछे की पूरी प्रक्रिया जानते हैं।

दिल के लिए फायदेमंद है सौंफ

सौंफ के अंदर फाइबर होता है, जिसे कई रिसर्च में दिल के लिए लाभदायक पाया गया है। रिसर्च के अनुसार हाई फाइबर डाइट को दिल की बीमारी का खतरा कम करने वाला पाया गया है।

कई तरह के कैंसर से बचाव

Anethole सौंफ का मुख्य कंपाउंड है, जिसमें कैंसर से लड़ने वाले गुण देखे गए हैं। एक टेस्ट ट्यूब स्टडी में इस कंपाउंड को ब्रेस्ट कैंसर की सेल्स के विकास को रोकने में मददगार पाया गया है। जिस वजह से इस मसाले को कैंसर के बचाव में महत्वपूर्ण माना गया है।

वेट लॉस में आ सकती है काम

अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो खाने में सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि, यह मसाला भूख को दबाने का काम करता है। जिससे आप कैलोरी इनटेक कंट्रोल कर पाते हैं। आप सौंफ की चाय का सेवन भी कर सकते हैं।

मिलते हैं कई सारे न्यूट्रिएंट

सौंफ के अंदर सिर्फ फाइबर और प्लांट कंपाउंड ही मौजूद नहीं है। बल्कि यह अन्य जरूरी विटामिन और मिनरल्स की सप्लाई भी करती है। इसके सेवन से विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, मैंगनीज आदि पा सकते हैं।

ये फायदे भी कर लें याद

- बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव
- इंफ्लामेशन से बचाव
- मेंटल हेल्थ के लिए बढ़िया
- मेनोपॉजल सिंप्टम्स से राहत



आपके पेट के लिए नुकसानदायक हो सकता है प्रोटीन पाउडर

प्रोटीन मसल्स के लिए बहुत जरूरी होता है। यह मैक्रो न्यूट्रिएंट कई अमिनो एसिड से मिलकर बनता है, जो मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करता है। इसलिए सभी एक्सपर्ट हर दिन डाइट में प्रोटीन फूड शामिल करने की सलाह देते हैं। बॉडी बिल्डिंग या जिम जाने वाले लोगों को प्रोटीन की अधिक जरूरत होती है। इसे पूरा करने के लिए वो प्रोटीन पाउडर का सहारा लेते हैं। यह सप्लीमेंट फिटनेस गोल को पाने में मदद करता है और जरूरी मात्रा प्रदान करता है। लेकिन क्या यह आपके पेट के लिए नुकसानदायक हो सकता है?

गैस, पेट फूलना, क्रैम्प

इन पाउडर को बनाने में डेयरी या प्लांट बेस्ड प्रोटीन का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ लोगों का पाचन तंत्र इन्हें पचाने में काफी मुश्किलों का सामना करता है। जिसकी वजह से गैस, पेट फूलना और पेट में क्रैम्प की दिक्कत हो सकती है।

गट बैक्टीरिया में असंतुलन

कई प्रोटीन पाउडर के अंदर आर्टिफिशियल स्वीटनर, फ्लेवर और कलर होते हैं, जो गट हेल्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें पेट में मौजूद हेल्दी गट बैक्टीरिया को असंतुलित कर सकती हैं और पाचन को खराब कर सकती हैं।

बढ़ा सकती हैं ब्लड शुगर

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए खूब सारी शुगर का इस्तेमाल किया जाता है। इसका सेवन इंसुलिन को तेजी से बढ़ाता है और वजन बढ़ाता है। इससे डायबिटीज का जोखिम बढ़ सकता है।

हो सकते हैं जहरीले पदार्थ

डॉ. ने क्लीन लेवल प्रोजेक्ट की हालिया रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि कुछ प्रोटीन पाउडर में लेड, आर्सेनिक और कीटनाशक जैसे टॉक्सिक प्रॉडक्ट हो सकते हैं, जो आपके पेट को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।

मंथन

अंबेडकर विवाद : बखेड़ा या विरोध का बहाना

सदन में भारतीय संविधान पर चर्चा हुई. इसमें अंबेडकर का जिक्र हुआ. सबने अपने-अपने तरीके से उनकी बातों सदन में रखा. भारतीय संसद में अंबेडकर के नाम पर संसद व उसके बाहर जो बखेड़ा हो रहा है, वह न केवल राजनीतिक संघर्ष का प्रतीक है बल्कि यह समाज में उत्पन्न हो रहे विचारों और ध्रुवीकरण का भी संकेत है. डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के महान नेता, संविधान निर्माता और सामाजिक सुधारक थे. उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन संसद में उनके नाम पर उठने वाला विवाद यह दर्शाता है कि उनकी विरासत पर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सोच और नीतियों का रंग चढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं. कुछ दलों ने अंबेडकर के नाम पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि अन्य ने इसे अपने एजेंडे के तहत प्रचारित करने की कोशिश की. इस बखेड़े से यह स्पष्ट हो जाता है कि अंबेडकर का नाम अब राजनीतिक अखाड़ा बन चुका है. यह राजनीतिक विचारधारा की बजाय एक माध्यम बन गया है, जिसका इस्तेमाल वोट बैंक को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है. वास्तव में अंबेडकर के विचार और कार्यों का वास्तविक सम्मान तभी हो सकता है, जब समाज में समानता और न्याय की वास्तविक भावना कायम हो. इस प्रकार का विवाद केवल बेवजह का विरोध प्रतीत होता है, जो डॉ. अंबेडकर के महान योगदान को अपमानित करता है. हमें उनकी सोच को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए, न कि इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए.

नजरिया

नेताओं का आचरण और बात-व्यवहार में गिरावट

भारत में राजनीति की दिशा अब चिंता का विषय बन गई है. आजकल के नेताओं का आचरण और उनके बात-व्यवहार में जिस प्रकार की गिरावट आई है, वह लोकतंत्र के स्वस्थ विकास के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत करता है. राजनीति के सर्वोत्तम आदर्शों से दूर होते हुए, कई नेता अब न केवल शब्दों से बल्कि कृत्यों से भी समाज को बांटने और संवेदनाओं को भड़काने का काम कर रहे हैं. आजकल की राजनीतिक भाषाई शैली में अपशब्दों का प्रयोग, व्यक्तिगत हमले, और एक-दूसरे के खिलाफ घटिया आरोप-प्रत्यारोप आम हो गए हैं. यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खतरनाक है, क्योंकि इससे समाज में विद्वेष और हिंसा को बढ़ावा मिलता है. जहां पहले नेताओं का काम समाज के हित में निर्णय लेना था, वहीं अब कई नेता सत्ता और प्रचार के लिए अनैतिक तरीके अपनाने में जुटे हैं. भारत के लोकतंत्र में जनता का विश्वास नेताओं पर होना चाहिए, लेकिन जब नेता खुद अपने आचरण से उस विश्वास को तोड़ते हैं, तो यह लोकतंत्र के भविष्य को खतरे में डालता है. राजनीति को सेवा और समर्पण का माध्यम बनाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा का खेल. यदि इस गिरावट पर काबू नहीं पाया गया, तो यह न केवल राजनीतिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में भी असमंजस और तनाव पैदा करेगा. समाज और राजनीति में सुधार लाने के लिए नेताओं को अपने आचरण में सुधार करना होगा, ताकि लोकतंत्र के मूल्यों का सम्मान किया जा सके.

डॉ मोहन यादव का पहला साल बेमिसाल

अतुल मलिकराम

> मुख्यमंत्री के तौर पर उनका सबसे पहला फैसला लाउडस्पीकर्स की आवाज को धीमा करवाना था

> एक वर्ष का आकलन किया जाए तो डॉ मोहन सियासी मोर्चे पर खुद को साबित करने के साथ-साथ प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के मामले में भी सफल नजर आते हैं. लगभग 2 दशक तक एक ही मुख्यमंत्री की छत्रछाया में रही प्रदेश की जनता के लिए एक नए मुख्यमंत्री को सहजता से स्वीकार कर पाना आसान नहीं था. छिंदवाड़ा लोकसभा जैसे कांग्रेसी किले को जीतकर पार कर लिया और मध्य प्रदेश में अपनी जमीनी पकड़ का शानदार नमूना पेश किया. इसके अतिरिक्त पिछले एक साल में डॉ यादव ने कुछ ऐसे निर्णय लिए और ऐसी योजनाओं की शुरुआत की

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को प्रदेश की भागदौड़ संभाले हुए एक साल का समय हो गया है. बीते एक वर्ष का आकलन किया जाए तो डॉ मोहन सियासी मोर्चे पर खुद को साबित करने के साथ-साथ प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने के मामले में भी सफल नजर आते हैं. लगभग 2 दशक तक एक ही मुख्यमंत्री की छत्रछाया में रही प्रदेश की जनता के लिए एक नए मुख्यमंत्री को सहजता से स्वीकार कर पाना आसान नहीं था, लेकिन अपने कुशल नेतृत्व और कार्य क्षमता की बदौलत सीएम यादव ने साल भीतर ही प्रदेशवासियों में अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि पार्टी आलाकमान भी उनका कायल हो गया. इसकी बानगी इस बात से समझी जा सकती है कि उन्हें न केवल हरियाणा चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में गृह मंत्री अमित शाह के साथ शामिल किया गया बल्कि लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में भी विभिन्न राज्यों के दौरे पर भेजा गया.

मुख्यमंत्री के तौर पर उनका सबसे पहला फैसला लाउडस्पीकर्स की आवाज को धीमा करवाना था, जो सीधा इशारा था कि प्रदेश का नया सीएम अपने फैसलों को लेकर पूरी तरह साफ़ है. ऐसे ही प्रदेश की महत्वकांक्षी लाडली बहना योजना को लेकर भी उनका दृष्टिकोण न केवल स्पष्ट था बल्कि दृढ़ भी था, जिसे तमाम कयासों को झूठा साबित करते हुए उन्होंने न केवल जारी रखा बल्कि त्योहारों पर बहनों को अतिरिक्त धनराशि का तोहफा भी दिया. ये वो निर्णय थे जिन्होंने एकाएक उनकी छवि को निखारने का काम किया लेकिन दिल्ली ने जो भरोसा उन पर जताया था उस पर खड़ा उतरना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती थी. हालांकि इसे भी उन्होंने छिंदवाड़ा लोकसभा जैसे कांग्रेसी किले को जीतकर पार कर लिया और मध्य प्रदेश में अपनी जमीनी पकड़ का शानदार नमूना पेश किया. इसके अतिरिक्त पिछले एक साल में डॉ यादव ने कुछ ऐसे निर्णय लिए और ऐसी योजनाओं की शुरुआत की, जिनके बेहद दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे. फिर बात संबल योजना 2.0 की हो या रानी दुर्गावती प्रशिक्षण अकादमी, पीएम श्री एम्बुलेंस सेवा, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना या मुख्यमंत्री जनजाति विशेष वित्त पोषण योजना की, ये सभी योजनाएं प्रत्येक वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर शुरू की गईं हैं.

अपने एक साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री यादव ने अफसरशाही पर लगाम लगाने से लेकर लम्बे समय से अटकी पड़ीं विकास परियोजनाओं की शुरुआत, इंडस्ट्री इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिये नए अवसरों की तलाश और हर वर्ग विशेष तक पहुंचने का प्रयास किया. उन्होंने कलक्टर, एसपी और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को उनकी ड्यूटी याद दिलाने से लेकर लगभग दो दशक से चले आ रहे मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच चंबल-कालीसिंध और पार्वती नदी के पानी के विवाद को बेहद शालीनता से सुलझाने तक कई अति-आवश्यक कदम उठाएं हैं. इतना ही नहीं मध्य प्रदेश सिविल सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला भी मोहन सरकार का ऐतिहासिक फैसला कहा जा सकता है. वहीं आदिवासियों के लिए 40 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाना भी जनजातीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम समझा जा सकता है.

संभवतः यह भी पहली बार हुआ जब प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉक्लेव की श्रृंखला आयोजित कर निवेश के नए द्वार खोलने के प्रयास किये गए, जिसके माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य केंद्र में रखा गया. ध्यान देने वाली बात है कि प्रदेश में जन कल्याण पर्व मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में एक लाख सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया शुरू की गई है. इसमें स्कूल शिक्षा विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, जल संसाधन और पशुपालन व डेयरी जैसे विभाग शामिल हैं. यानी वादे के अनुरूप एक लाख भर्तियों की शुरुआत कर दी गई है, जिसकी फिलहाल सबसे अधिक जरुरत भी है. हालांकि विगत एक साल के दौरान डॉ यादव पर अपने गृहक्षेत्र उज्जैन पर अधिक फोकस करने जैसे इल्जाम भी लगे हैं, लेकिन इतने कम समय में पहली दफा प्रदेश के मुखिया का पदभार संभाल रहे मोहन यादव के लिए किसी प्रकार की नकारात्मक धारणा बनाना जल्दबाजी होगी. उम्मीद करते हैं कि आने वाले सालों में वह एक आदर्श मुख्यमंत्री बनकर न केवल प्रदेश बल्कि देश और विदेश में भी अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाएंगे.

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज का इतिहास

- **1757 :** 20 दिसंबर को ही क्लाइव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया था.
- **1924 :** जर्मनी में एडोल्फ हिटलर की समय से पहले जेल से रिहाई हुई थी.
- **1942 :** कलकत्ता पर जापानियों का पहला हवाई हमला आज ही के दिन हुआ था.
- **1955 :** भारतीय गोल्फ यूनियन की स्थापना हुई.
- **1971 :** जनरल याह्या खां ने पाकिस्तान का राष्ट्रपति पद छोड़ा था, इसके बाद जुल्फिकार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने थे.
- **1985 :** तिरूपति में भगवान वेंकटेश्वर को रत्नजड़ित मुकुट पहनाया गया.
- **1988 :** संसद ने मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी.
- **1990 :** भारत-पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमला नहीं करने पर सहमत हुए थे.

लालच के कारण अच्छे-बुरे में फर्क नजर नहीं आया

चिंतन

एक दिन महात्मा जी भिक्षा मांगने जा रहे थे, सड़क पर एक सिक्का दिखा, जिसे उठाकर उन्होंने झोली में रख लिया. उमके साथ जा रहे दोनों शिष्य इससे हैरान हो गए. वे मन में सोच रहे थे कि काश सिक्का उन्हें मिलता, तो वे बाजार से मिठाई ले आते. महात्मा जी जान गए. वह बोले यह साधारण सिक्का नहीं है, मैं इसे किसी योग्य व्यक्ति को दूंगा, पर कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सिक्का किसी को नहीं दिया. एक दिन महात्मा जी को खबर मिली कि सिंहगढ़ के महाराज अपनी विशाल सेना के साथ उधर से गुजर रहे हैं. महात्मा जी ने शिष्यों से कहा, सोनपुर छोड़ने की घड़ी आ गई. शिष्यों के साथ महात्मा जी चल पड़े. तभी राजा की सवारी आ गई. मंत्री ने राजा को बताया कि ये महात्मा जा रहे हैं. बड़े ज्ञानी हैं. राजा ने हाथी से उतर कर महात्मा जी को प्रणाम किया और कहा, कृपया मुझे आशीर्वाद दें. महात्मा जी ने झोले से सिक्का निकाला और राजा की हथेली पर उसे रखते हुए कहा, हे नरेश, तुम्हारा राज्य धन-धान्य से संपन्न है. फिर भी तुम्हारे लालच का अंत नहीं है. तुम और पाने की लालसा में युद्ध करने जा रहे हो. मेरे विचार में तुम सबसे बड़े दरिद्र हो. इसलिए मैंने तुम्हें यह सिक्का दिया है. राजा इस बात का मतलब समझ गया. उन्होंने सेना को वापस चलने आदेश दिया. लालच इंसान को इतना अंधा कर देता है कि उसे अच्छे और बुरे में फर्क दिखाई नहीं देता.

इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. #GoondaRahulGandhi
2. राहुल गांधी
3. #WinvivoX200Pro
4. #ZEISSImageGoFar
5. #KnowMoreHashtag
6. प्रताप सारंगी
7. #PratapSarangi
8. मुकेश राजपूत
9. $ITHACA
10. Aditya Birla

बहुरंग

यामी गौतम ने पति, बेटा व संजय दत्त के साथ स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

मुंबई । निर्देशक आदित्य धर की आने वाली फिल्म में अभिनेता संजय दत्त मुख्य भूमिका निभाएंगे. इसी बीच आदित्य धर और उनकी पत्नी यामी गौतम अपने बेटे वेदविद के साथ अमृतसर की स्वर्ण मंदिर पहुंचे. उनके साथ अभिनेता संजय दत्त भी थे. स्वर्ण मंदिर परिसर में इन तीनों को एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने पहुंची यामी गौतम के सिर पर सफेद दुपट्टा था और आदित्य ने शॉल ओढ़ा हुआ है. उनके साथ संजय दत्त भी कूल लुक में नजर आ रहे हैं. इन तीनों का फोटो अब वायरल हो रहा है. स्वर्ण मंदिर में जाने से पहले संजय दत्त ने पंजाब के मंत्री कुलदीप धालीवाल से भी मुलाकात की थी. अभी कुछ दिन पहले आदित्य धर ने रणवीर सिंह के साथ मंदिर में दर्शन किये थे. रणवीर ने भी अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं. दरअसल, अभिनेता रणवीर सिंह और संजय दत्त निर्देशक आदित्य धर की एक फिल्म में साथ काम कर रहे हैं. इसमें आर. माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी दिखेंगे. यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसी 'रॉ' के इतिहास की किताबों की कुछ आश्चर्यजनक घटनाओं पर आधारित है.

सलार : पार्ट 1 | डिज्नी+हॉटस्टार पर बनाया नया रिकॉर्ड

सीज़फायर ने बड़े पर्दे पर तूफान की तरह दस्तक दी और इसके डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ होने के बाद फैन्स का जोश और भी बढ़ गया. एक तरफ फिल्म ने सभी को प्रभावित किया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े, वहीं दूसरी तरफ डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ होने के बाद नया कमाल करते हुए 300 दिनों तक एक बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड करती रही.

प्रशांत नील के निर्देशन में बनी सलारः पार्ट 1

सीज़फायर ओटीटी पर धमाल मचा रही है. यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर 300 से ज्यादा दिनों तक ट्रेंड कर रही है, जो दर्शकों के प्यार को साफ दिखाता है. यह फिल्म लगातार टॉप 10 में बनी हुई है. यह देखना वाकई कमाल है कि रिलीज़ के काफी समय बाद भी फिल्म ओटीटी पर छाई हुई है. सलार : पार्ट 1 – सीज़फायर की यह सबसे बड़ी सफलता है, क्योंकि यह लगभग एक साल से ओटीटी पर ट्रेंड कर रही है. किसी फिल्म के लिए ऐसा जुनून देखना बहुत ही दुर्लभ होता है.

सलार : पार्ट 1 – सीज़फायर ने अपने हिंदी टीवी प्रीमियर के साथ नए रिकॉर्ड बनाए, जहां इसे 3 करोड़ दर्शकों ने देखा. बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ से ज्यादा कमाने और 200 से ज्यादा दिनों तक ओटीटी पर टॉप ट्रेंडिंग फिल्म बने रहने के बाद, इसने अपने सैटेलाइट रिलीज़ के साथ भी धमाल मचा दिया है. सीक्वल सलार पार्ट 2 : शौर्यांगा पर्वम के लिए पूरी तरह से मंच तैयार करता है. यह फिल्म 2026 में रिलीज़ होगी.

टीवीएफ की 'सपने वर्सेज एवरीवन' : जीता बेस्ट ब्रांडेड प्रोग्राम का अवॉर्ड

मुंबई । टीवीएफ (द वायरल फीवर) अपने दिलचस्प और सटीक कंटेंट के साथ काफी चर्चा में है. समय के साथ उन्होंने साबित कर दिया है कि वे दर्शकों की सही पसंद को समझते हैं, जिससे वे उन कंटेंट प्रोड्यूसर्स में से एक बन गए हैं जो दर्शकों को बखूबी समझते हैं. उनके शो दुनियाभर में पसंद किए गए हैं और अब उन्होंने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवाड्र्स में एक बड़ी जीत हासिल की है, जहां सपने वर्सेज एवरीवन को बेस्ट ब्रांडेड प्रोग्राम का अवार्ड मिला है. जी हां, टीवीएफ का 'सपने वर्सेज एवरीवन' इस साल रिलीज हुआ था और दर्शकों का दिल जीता. अब इस प्रेस्टिजियस इवेंट में बेस्ट ब्रांडेड प्रोग्राम का अवार्ड जीतकर चमका है. इस बड़ी सफलता का जश्न मनाते हुए फाउंडर अरुणाभ कुमार ने अपने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड सेरेमनी की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जहां उन्होंने अपनी टीम के साथ यह सम्मान अपने नाम किया है.

भारत को बड़ा झटका

'लापता लेडीज' ऑस्कर की रेस से बाहर

मुंबई । किरण राव की 'लापता लेडीज' को भारत में दर्शकों और समीक्षकों ने खूब पसंद किया था, लेकिन यह फिल्म ऑस्कर की रेस से बाहर हो गई है. इसे भारत की ओर से ऑस्कर के लिए आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजा गया था. ऐसे में भारत की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर मिलने की उम्मीद खत्म हो गई है. 'लापता लेडीज़' ऑस्कर में इस श्रेणी में चुनी गई 15 फिल्मों की सूची में जगह नहीं बना सकी. अब इन शीर्ष 15 फिल्मों में से पांच को ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और उनमें से एक पुरस्कार जीतेगी. ब्रिटिश-भारतीय हिंदी फिल्म 'संतोष' ने 15 फिल्मों की सूची में जगह बनाई है, लेकिन ये फिल्म ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करेगी. ठीक वैसे ही जैसे भारत ने 'लापता लेडीज़' को चुना. इसी के तहत यूके ने फिल्म 'संतोष' को चुना. इस फिल्म का निर्देशन संध्या सूरी ने किया है. यह फिल्म हिंदी भाषा में शूट की गई है. इसमें शहाना गोस्वामी मुख्य भूमिका में हैं. इस फिल्म में सुनीता राजवार, संजय बिश्नोई, कुशल दुबे और अन्य कलाकारों ने सहायक भूमिका निभाई हैं.

'लापता लेडीज़' 29 फिल्मों में से चुनी गई : 97वें अकादमी पुरस्कार यानी 'ऑस्कर 2025' के लिए भारत से 'लापता लेडीज़' को चुना गया था. भारत ने फिल्म 'लापता लेडीज' को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय (विदेशी) फिल्म श्रेणी के लिए भेजा था.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : मानसिक तनाव हो सकता है. माता के स्वास्थ पर विशेष ध्यान रखें. चतुर्थ चंद्रमा के प्रभाव से किसी से विवाद होगा. पर पराक्रम में बृद्धि करेगा. पर कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बताएं. शुभांक-3-4-6

वृष : समय शुभ है. धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करना होगा. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे. शुभांक-2-5-6

मिथुन : धन का आगमन से मन प्रसन्न हो जाएगा. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. व्यापार ठीक चलेगा. शुभांक-2-5-6

कर्क : समय सामान्य है, पर रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. व्यापार और व्यवसाय भी काफी अच्छा चलेगा. शुभांक-2-5-7

सिंह : कोई धार्मिक या सामाजिक यात्रा हो सकता है. खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा. सूर्य को जल दे. शुभांक-3-6-7

कन्या : आय और नया कार्य के लिए दिन बहुत ही शुभ है. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ रहेगा. पितरों के नाम से अन्न दान भी करें. शुभांक-4-5-8

तुला : आपका समय सामान्य है. ससुराल से कोई लाभ का योग है. धर्म मे मन लगेगा. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार और व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. शुभांक-2-6-7

वृश्चिक : समय सामान्य है. ससुराल से कोई लाभ का योग है. आपको धर्म में मन लगेगा. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार और व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. शुभांक-1-5-9

धनु : कुछ मानसिक तनाव वाला दिन गुजर सकता है. अपने क्रोध और उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. अन्न और जल पक्षियों को दे. शुभांक-2-5-7

मकर : जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होगा. कारोबार आपको मनोनुकूल लाभ नही देगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा. पर भाग्य का साथ रहेगा. शिव मंदिर में झाड़ू का दान करें. शुभांक-3-7-9

कुंभ : मौसमी बीमारियों से बचाव आवश्यक है. परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. शुभांक-5-7-9

मीन : शिक्षा में स्वास्थ को लेकर बाधा हो सकता है. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. सतत प्रयास जारी रखें. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा. शुभांक-3-5-7

न्यूज अपडेट

सीएम ने 6,659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को संकल्प से ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 5671 ग्राम पंचायतों में 6659 खेल मैदान के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया. ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों के 533 प्रखंडों के 5671 ग्राम पंचायतों में प्रथम चरण में 6659 खेल मैदानों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें कुल 63,827.35 लाख रुपये की राशि सन्निहित है. खेल मैदान निर्माण कार्य में अनुमानित 41 लाख मानव दिवस का सृजन होगा.कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कार्यारंभ की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी.

नीतीश ने 43 डीलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को परिवहन विभाग की 43 डीलक्स बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पूर्व डीलक्स बस का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और बस में दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली.नई डीलक्स बसों के परिचालन से राज्य के विभिन्न हिस्से में लोगों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। सस्ती, सुलभ, सुगम, सुरक्षित अत्याधुनिक सुविधायुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए इन 43 डीलक्स बसों का परिचालन राज्य के विभिन्न अंतरक्षेत्रीय मार्गों पर किया जाएगा.

कोहरे ने ली दो युवकों की जान परिजन का हाल हुआ बेहाल

पश्चिम चंपारण। पश्चिम चंपारण के रामनगर में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई. घटना रामनगर-भैरोगंज मुख्य मार्ग पर मोतीपुर पुल की है. घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि रात के अंधेरे में कोहरा होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई.जिसकी वजह से नहर में डूबने से दोनों युवकों की मौत हो गई. सुबह सुबह लोगों की नजर बाइक पर पड़ी तो इसकी सूचना 112 को दी गई. सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों मृतकों को नहर से बाहर निकाला. मृतकों की पहचान राजेंद्र ठाकुर के पुत्र मुन्ना कुमार ठाकुर और सरोज ठाकुर के पुत्र मनदीप ठाकुर के रुप में की गई.

पटना में आज से शुरू होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली

पटना। बिहार में भारतीय सेना में भर्ती का एक और सुनहरा अवसर युवाओं के लिए आ रहा है. पटना में 20 दिसंबर से अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन होने जा रहा है, जो 27 दिसंबर तक चलेगी. यह भर्ती दानापुर के न्यूकेएलपी ग्राउंड और चांदमारी मैदान में आयोजित की जाएगी.इस भर्ती रैली की तैयारियां अंतिम चरण में हैं,और प्रशासनिक अधिकारियों ने रैली स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा ने सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर खास ध्यान दिया.इस रैली के जरिए युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने का शानदार मौका मिलेगा.

एनएसएसओ : बिहार के गांव ने इंटरनेट इस्तेमाल का बनाया रिकॉर्ड

डिजिटल क्रांति की तरफ बिहार

संवाददाता।पटना

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता में तेजी से वृद्धि हुई है. इंटरनेट की पहुंच और स्मार्टफोन के व्यापक इस्तेमाल ने इस बदलाव को संभव बनाया है. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट का उपयोग कर सूचना ढूंढ़ने, ई-मेल का इस्तेमाल करने और ऑनलाइन बैंकिंग करने की दर देश के औसत से अधिक है. इसका मुख्य कारण डिजिटल साक्षरता,वित्तीय डिजिटल लेन-देन सक्षमता बढ़ने के पीछे बैंकिंग व्यवस्था में तकनीकी नवाचार, नए ग्राहक मित्र सॉफ्टवेयर का प्रचलन होना माना जा रहा है.ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष की मानें तो राज्य में ऑनलाइन बैंकिंग को लेकर युवाओं के बीच आई जागृति से ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी घर बैठे बैंकिंग लेन-देन कर रहे हैं. नेट से सूचना ढूंढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट में भी सामने आया है कि इंटरनेट के इस्तेमाल में ग्रामीण बिहार का औसत देश से ज्यादा है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले ग्रामीण आबादी (15 से 24 वर्ष) और ग्रामीण युवा(15 से 29 वर्ष) का राष्ट्रीय औसत क्रमश 21 और 22 है। वहीं इस वर्ग में बिहार का औसत क्रमशः 24.3 और 24.1 है, जो राष्ट्रीय औसत से 3.3 और 2.1 ज्यादा है.

महिलाओं में भी बढ़ रही डिजिटल साक्षरता

बिहार में न केवल पुरुष बल्कि महिलाएं भी डिजिटल साक्षरता के मामले में तेजी से आगे बढ़ रही हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में किशोर और युवा महिलाएं इंटरनेट का उपयोग करके सूचना ढूंढ़ने और ई-मेल भेजने में देश के अन्य हिस्सों की महिलाओं की तुलना में अधिक सक्षम हैं.

बदलाव का क्या महत्व

डिजिटल साक्षरता लोगों को सशक्त बनाती है और उन्हें कई तरह की सेवाओं तक पहुंच प्रदान करती है. डिजिटल लेनदेन से आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं. डिजिटल साक्षरता शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने में मदद करती है. डिजिटल साक्षरता समाज में बदलाव ला रही है.

बैंकिंग में सक्षम हैं लोग

ऑनलाइन बैंकिंग में बिहार के 15 वर्ष के 33.3 किशोर सक्षम है. वहीं राष्ट्रीय औसत 37.8 है. 15 से 29 के युवा वर्ग में राष्ट्रीय औसत 40.6 तो सूबे के 34.4 युवा सक्षम हैं. 15 वर्ष उम्रवर्ग में पुरुषों का राष्ट्रीय औसत 47.1, महिलाओं का 25.2 है. पुरुषों का औसत 42.9 तो महिलाओं का 18.1 है. 15 से 29 उम्रवर्ग में पुरुषों का राष्ट्रीय औसत 50.5 व महिलाओं का 28.5 की तुलना में बिहार का औसत 45.3 है.

क्या हैं इस बदलाव के पीछे के कारण

सस्ते इंटरनेट पैक और किफायती स्मार्टफोन ने ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच को आसान बनाया है. बैंकिंग क्षेत्र में आए तकनीकी बदलावों जैसे कि नए ग्राहक मित्र सॉफ्टवेयर ने ऑनलाइन बैंकिंग को आसान बना दिया है. युवाओं में ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है.

कौन-कौन क्षेत्र आगे

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इंटरनेट का उपयोग करके सूचना खोजने में देश के अन्य हिस्सों के लोगों की तुलना में अधिक रुचि रखते हैं. ग्रामीण क्षेत्रों में ई-मेल का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है.

ई-मेल भेजने में सक्षम

रिपोर्ट के अनुसार 15 वर्ष व उससे ऊपर की 51.4 ग्रामीण बच्चियां इंटरनेट संचालन में व 29.5 बच्चियां ई-मेल संचालन में सक्षम हैं. इसी वर्ग में ग्रामीण बच्चियां की दक्षता 63.6 और ई-मेल संचालन में दक्षता 40.7 है. वहीं 15 से 29 वर्ष की ग्रामीण महिलाओं का राष्ट्रीय औसत 54.8 की तुलना में 60.7 है.

क्या एनडीए से अलग होंगे सीएम नीतीश !

- अंबेडकर विवाद मामले में जारी हुई केजरीवाल की चिट्ठी
- बाबा साहेब को चाहने वाले बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते

संवाददाता।पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होने को लेकर एक बार फिर लेटर बम फोड़ा गया है. इस बार लेटर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जारी किया.आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने बीआर अंबेडकर से जुड़े गृह मंत्री अमित शाह के संसद में की गई टिप्पणी को लेकर पत्र सीएम नीतीश को भेजा है.उन्होंने नीतीश कुमार को भेजे पत्र में कहा कि बीजेपी ने संसद में बाबा साहेब का अपमान किया है. लोगों को लगता है कि बाबा साहेब को चाहने वाले बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते. आप भी इस पर विचार करें.उन्होंने पत्र में लिखा, आदरणीय नीतीश कुमार जी, मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर लिख रहा हूं, जो न केवल हमारे संविधान बल्कि बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा है. हाल ही में संसद में, देश के गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा बाबासाहेब के नाम पर की गई टिप्पणी ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है. उनका यह कहना कि अंबेडकर-अंबेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है, न केवल अपमानजनक है बल्कि

बीजेपी की बाबासाहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है.बाबासाहेब अंबेडकर, जिन्हें कोलंबिया विश्वविद्यालय ने डॉक्टर ऑफ लॉज से सम्मानित किया था, जिन्होंने भारत के संविधान को रचा और समाज के सबसे वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का सपना देखा,उनके बारे में ऐसा कहने का साहस आखिर बीजेपी ने कैसे किया? इस से देश भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं. ये बयान देने के बाद अमित शाह जी ने माफ़ी मांगने की बजाय अपने बयान को उचित ठहराया. प्रधान मंत्री जी ने सार्वजनिक रूप से अमित शाह जी के बयान का समर्थन किया. इसने जले पर नमक छिड़कने का काम किया. लोगों को लगने लगा है कि बाबा साहेब को चाहने वाले अब बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते. बाबासाहेब सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा हैं.

बाहुबली विधायक के भाई ने किया सरेंडर

संवाददाता।पटना

राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के भाई ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया. राजद विधायक रीतलाल यादव के घर पर देर रात पटना पुलिस की रेड पड़ी. पुलिस रेड में कई संदिग्ध वस्तु बरामद हुई है. पुलिस रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी, इसी बीच उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया.पुलिस की रेड में रीतलाल यादव के भाई के ठिकानों से कई संदिग्ध वस्तु बरामद हुई. साथ ही पुलिस ने साढे.11 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं. रीतलाल के घर से पुलिस को पैसे गिनने वाली मशीन भी मिली है.जानकारी अनुसार पिंकू यादव पर 22 अगस्त 2024 को पटना एम्स के सिक्युरिटी इंचार्ज के गाड़ी पर गोली चलाने का आरोप लगा था. घटना के बाद से ही पिंकू यादव फरार चल रहा था.

छापेमारी में मिले हथियार, नकदी, पैसा गिनने की मशीन

गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस : हालांकि इस मामले में विधायक रीतलाल यादव ने आपने भाई पिंकू यादव को निर्दोष बताया है. उन्होंने अपने भाई को फंसाने की बात कही है. वहीं दूसरी ओर पटना पुलिस पिंकू यादव की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग लोकेशन पर छापेमारी कर रही है. इसी क्रम में बीते दिन पुलिस ने पिंकू यादव के ठिकानों पर रेड की.

इसी मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. मालूम हो कि राजद विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू कुमार यादव को एक आरोप में फरार बताते हुए बीते दिन कोर्ट के आदेश से चिपकाया गया था.

देर रात डीजीपी विनय कुमार के आदेश के बाद पटना पुलिस ने खगौल थाना 284/24 के प्रथिमिकी अभियुक्त पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के कोथवा स्थित ठिकानों पर छापेमारी की. इस मामले में दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि खगौल थाना कांड संख्या 284/24 में कोर्ट से वारंट लेकर अभियुक्त पिंकू यादव उर्फ टिंकू यादव के ठिकानों पर छापेमारी की गई है.

महिला का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता।पटना

पटना के बिक्रम थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. बिक्रम नवोदय विद्यालय के पीछे धान के खेत में काम कर रही एक 26 वर्षीय महिला को चार युवकों ने जबरन खींचकर पास के बगीचे में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है. पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई है.पीड़ित महिला ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12:30 बजे की है. वह नवोदय विद्यालय के पास खेत में धान का बोझा बांध रही थी. उसी दौरान चार युवक वहां पहुंचे और जबरन उसे खींचकर पास के बगीचे में ले गए. वहां उन्होंने महिला के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया. इस

दौरान महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन उसकी आवाज सुनने वाला वहां कोई नहीं था.महिला ने पुलिस को बताया कि चार में से एक आरोपी को उसने पहचान लिया है. वह बिक्रम का ही निवासी है. बाकी तीन आरोपियों को वह देख कर पहचान सकती है.

घटना के वक्त अन्य मजदूर भी वहां काम कर रहे थे, लेकिन वे ट्रैक्टर पर धान का बोझा गिराने खलिहान की ओर चले गए थे. इसी दौरान यह घटना हुई.

घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रम थाना प्रभारी दीपक कुमार ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी. उन्होंने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है और उसके बयान को भी दर्ज किया गया है. प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए हैं. आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.घटना के बाद से क्षेत्र के लोग गुस्से में हैं. ग्रामीणों ने दोषियों को जल्द पकड़ने और सख्त सजा देने की मांग की है.

कारोबार

अमेरिका का एक फैसला और भारतीय शेयर बाजार धड़ाम

न्यूयार्क। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश अमेरिका के शेयर बाजारों में तेज गिरावट आने के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार भी बिखर गया. दरअसल, अमेरिका में बीती रात फेड रेट कट के फैसले के बाद अमेरिकी बाजारों में और तेज गिरावट आई है. बीती रात अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक ने 0.25 फीसदी रेट कट का ऐलान किया है, जो लगातार तीसरी बार कटौती है. इस कारण बाजार का मूड बिगड़ा है और ग्लोबल मार्केट समेत भारतीय शेयर बाजार में इसका असर दिखाई दिया. गुरुवार को सेंसेक्स और निफ़्टी दोनों में ही भारी गिरावट दर्ज की गई है. जहां सेंसेक्स में 900 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई है वहीं निफ़्टी भी 321 अंक टूट गया. अमेरिकी फेड ने उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती की है, फिर भी दुनिया भर में भारी बिकवाली के बीच घरेलू मार्केट भी ढह गए.

भारत में सस्ते होंगे अमेरिका के प्रोडक्ट! आयात शुल्क बढ़ेगा

एजेंसी।नयी दिल्ली । अमेरिका में सत्ता बदल रही है और इसी के साथ भारत के लिए भी बहुत कुछ बदलने वाला है. अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गद्दी पर बैठने से पहले ही ऐलान कर दिया है कि वे भारतीय प्रोडक्ट पर आयात शुल्क बढ़ाएंगे, क्योंकि भारत भी उनके प्रोडक्ट पर भारी टैरिफ लगाता है. वैसे तो ट्रंप को भारत का हितैषी बताया जाता है, लेकिन इस बयान के बाद टैरिफ वॉर से बचने की कवायद भारत ने भी शुरू कर दी है. माना जा रहा है कि अमेरिका के साथ टैरिफ वॉर से बचने के लिए भारत जल्द कुछ अमेरिकी प्रोडक्ट पर टैरिफ घटा सकता है, जिससे भारत में ये उत्पाद सस्ते हो जाएंगे. इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार, मामले से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि भारत ने सेक्टरवार समीक्षा शुरू की है.

आधी से ज्यादा कंपनियों ने किया फाइनेंशियल फ्रॉड का सामना

मुंबई। देश में पिछले 24 महीने यानी दो साल के अंदर कई भारतीय कंपनियों ने वित्तीय धोखाधड़ी का सामना किया है. इसमें खरीद से संबंधित धोखाधड़ी सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी है. पीडब्ल्यूसी के एक सर्वे में यह फैक्ट सामने आया है. पीडब्ल्यूसी के ग्लोबल इकोनॉमिक क्राइम सर्वे -2024 ने दुनियाभर के 2,446 कंपनियों के प्रमुखों की प्रतिक्रियाओं का का एनालिसिस किया, इनमें 91 भारत के थे. पीडब्ल्यूसी ने कहा कि 50 प्रतिशत से ज्यादा उत्तरदाता अच्छे पदों पर काम करने वाले थे. इनमें निदेशक मंडल के मेंबर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष शामिल थे. इसमें कहा गया है, सर्वे में शामिल 59 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने कहा कि उन्हें पिछले 24 महीने में वित्तीय या आर्थिक धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा है. यह वैश्विक औसत 41 प्रतिशत से 18 प्रतिशत ज्यादा है.

पेटीएम के लिए चुनौती बनेगा मोबीक्विक!

एजेंसी।मुंबई

भारतीय फिनटेक इंडस्ट्री में आज भी फोनपे, गुगल पे और पेटीएम का जलवा है. जुलाई 2024 में वॉल्यूम के हिसाब से फोनपे का मार्केट शेयर 48.3% और ट्रांजैक्शन वैल्यू के हिसाब से 49.8% था. गूगल पे वॉल्यूम के हिसाब से 37.3% और वैल्यू के हिसाब से 36% की बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है, जबकि वॉल्यूम के हिसाब से पेटीएम की बाजार हिस्सेदारी अगस्त में एक महीने पहले 7.8% से घट कर 7.2% रह गई. वैल्यू के हिसाब से, जुलाई में पेटीएम की बाजार हिस्सेदारी 5.9% से घटकर 5.5% रह गई.अब यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि बाजार हिस्सेदारी के मामले में अभी हाल ही में लिस्ट हुई एक दूसरी यूपीआई कंपनी मोबिक्विक का टॉप-5 में भी नाम नहीं है. ऐसे में सवाल ये खड़ा हो रहा है कि इतना अधिक मार्केट शेयर लेने के बाद पेटीएम के शेयर में अभी भी लिस्टिंग के बाद से 35% का नुकसान है. तो क्या ऐसे में मोबिक्विक का शेयर बाजार में टिक पाएगा. चलिए एक नजर दोनों कंपनी के फाइनेंस और बिजनेस पर डालते हैं.

मोबिक्विक का आईपीओ हुआ हिट : गुरुग्राम स्थित वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने 18 दिसंबर को अपना आईपीओ लॉन्च किया, जिसमें प्रति शेयर प्राइस बैंड 265-279 रुपए निर्धारित किया गया था. इसके शेयर 440 रुपए पर लिस्ट हुए. यह आईपीओ के इश्यू प्राइस के मुकाबले करीब 57.71 फीसदी अधिक है. यह आईपीओ पूरी तरह से नए शेयरों का था, जिसका उद्देश्य फाइनेंस, पेमेंट सर्विस में वृद्धि, टेक्नोलॉजी को आसान बनाने और पेमेंट डिवाइस को और बेहतर करने के लिए धन जुटाना था. मोबिक्विक ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपना पहला पूर्ण-वर्ष का प्रॉफिट दर्ज किया, जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. पेटीएम ऐसा अब तक नहीं कर पाई है.

कैसा रहा था पेटीएम का आईपीओ : पेटीएम, जिसे वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड संचालित करती है, भारत का टॉप डिजिटल इकोसिस्टम है, जो उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों को पेमेंट सर्विसेज, कॉमर्स और क्लाउड सर्विस के साथ फाइनेंस सर्विस भी प्रदान करता है. पेटीएम ने 2021 में अपना आईपीओ लॉन्च किया था और वर्तमान में इसका मूल्यांकन 7.60 बिलियन डॉलर है. तब इसके आईपीओ प्राइस 2150 रुपए प्रति शेयर था.

मोबिक्विक और पेटीएम कौन बेस्ट

मोबिक्विक और पेटीएम दोनों ही उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज प्रदान करते हैं. हालांकि, पेटीएम का बाजार में बड़ा हिस्सा है और यह अधिक डायवर्सिफाई सर्विसेज प्रदान करता है, जबकि मोबिक्विक ने हाल ही में प्रॉफिटिबिलिटी हासिल की है, जो निवेशकों के लिए आकर्षक हो सकता है. दोनों कंपनियाँ अपने-अपने क्षेत्रों में इनोवेशन और विस्तार के माध्यम से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं.

एलआईसी के पास 880 करोड़ की अनक्लेम्ड रकम

एजेंसी।नयी दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 की अनक्लेम्ड रकम का चौकाने वाला आंकड़ा पेश किया है, जिसमें एलआईसी ने बताया है कि उसके पास 2023-24 के करीब 880.93 करोड़ रुपए मैच्योरिटी बेनिफिट के पड़े हैं. इस आंकड़े के बाद सवाल किया जा रहा है कि आखिर इतना बड़ा अमाउंट किन लोगों का है और अगर कोई इसके लिए क्लेम नहीं करता है तो भारतीय जीवन बीमा निगम इस पैसे का क्या करेगा? अगर आपने अभी तक अपनी एलाईसी की मैच्योरिटी रकम क्लेम नहीं की है, तो उसे कैसे क्लेम कर सकता है.

3.72 लाख पॉलिसीधारकों का है ये पैसा : वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार एलआईसी के पास जो 880.93 करोड़ रुपए पड़े हैं, वो वित्त वर्ष 2023-24 में 3.72 लाख पॉलिसीधारकों के हैं, जिन्होंने इसके लिए अभी तक क्लेम नहीं किया है. आपको बता दें अगर इस रकम के लिए 10 साल तक कोई दावा नहीं करता है तो फिर इसे वापस पाना काफी मुश्किल हो जाएगा.

सोने की कीमतें औंधे मुंह गिरीं खरीदने का न छोड़ें मौका

एजेंसी।नयी दिल्ली

सोने में इनवेस्ट एक बहुत ही शानदार ऑप्शन है, क्योंकि यह आपको रिस्क फ्री रिटर्न देता है. नए साल के मौके पर सोने की खरीददारी का एक अच्छा ऑप्शन बाजार ने आपको दे दिया है. सोने में इनवेस्टमेंट करना फायदेमंद हो सकता है. गुरुवार को सोने के दाम में भारी गिरावट आई है. ऐसे में सस्ते में सोना खरीदना का मौक मिल रहा है. 24 कैरेट सोने की 100 ग्राम की कीमत में 10290 रुपए की कमी आई है. 19 दिसंबर को 24 कैरेट सोने की कीमत 75 हजार 629 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है. 18 दिसंबर की तुलना में सोने के भाव में आज 1029 रुपए की कमी आई है. चांदी के भाव में भी कमी देखी गई है. चांदी का भाव 88 हजार 846 रुपए प्रति किलो हो गया है. राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 18 दिसंबर से 214 रुपए की कमी आई है.

5 प्रमुख शहरों में 10 ग्राम सोने का भाव रुपए में

लखनऊ	75,290
रांची	75,080
मुंबई	75,080
दिल्ली	75,290
जयपुर	75,330

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 18 दिसंबर की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 76658 रुपए थी. 19 दिसंबर को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 75629 रुपए हो गई है. 18 दिसंबर की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 89060 रुपए थी. 19 दिसंबर को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 88846 रुपए हो गई है.

फैसिलिटी टैक्सपेयर्स के लिए शुरू हुई नई सुविधा

आईटीआर और एआईएस का डाटा नहीं होगा मिसमैच

एजेंसी।नयी दिल्ली

अक्सर रिटर्न फाईलिंग के दौरान एआईएस और इनकम टैक्स के डाटा में मिसमैच जैसी शिकायतें सामने आती रहती हैं. जिस कारण इनकम टैक्स विभाग टैक्सपेयर्स को नोटिस भी भेजता रहता है. लेकिन अब सीबीडीटी यानी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने टैक्सपेयर्स कि इस समस्या को हल करने के लिए नई सुविधा लॉन्च की है. सीबीडीटी ने वित्त वर्ष 2023-24 और 2021-22 के लिए एआईएस और आईटीआर में दर्ज आदमनी और लेन-देन के बीच मिसमैच को दूर करने के

लिए इलेक्ट्रॉनिक कैंपेन शुरू किया है. इस कैंपेन का मकसद ऐसे टैक्सपेयर्स की मदद करना है जो अपनी इनकम और खर्च की जानकारी सही नहीं दे पाते हैं और डाटा में मिसमैच हो जाता है. इस कैम्पेन में ऐसे लोगों को शामिल किया गया है जिनकी टैक्सेबल इनकम एआईएस में दर्ज हैं, लेकिन उन्होंने संबंधित सालों के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किए हैं.

सरकार के पास होती है जानकारी : सरकार के पास लोगों की आमदनी और खर्च से जुड़ी जानकारी होती है, जिसे एनुअल इंफॉर्मेशन स्टेटमेंट' (एआईएस) कहते हैं. अगर लोगों ने अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में सही जानकारी नहीं दी है, तो इस कैम्पेन से उन्हें उनके एआईएस के बारे में जानकारी मिल सकती है. यही नहीं इस कैंपेन की मदद से वो ठीक से आईटीआर भी फाइल कर पाएंगे. ये कैम्पेन उन लोगों पर भी फोकस करेगा, जिन्होंने ज्यादा पैसा कमाया है लेकिन टैक्स नहीं दिया. यानी आप सरकार से कोई भी आमदनी की जानकारी छिपा नहीं सकेंगे.

लोगों को गाइड करने का मकसद : यह पहल ई-वेरिफिकेशन योजना, 2021 के तहत की जा रही है. इस अभियान के तहत टैक्सपेयर्स को एसएमएस और ई-मेल के जरिए जानकारी दी जा रही है. ताकि उन्हें आईटीआर और एआईएस में दर्ज जानकारी के बीच अंतर को दूर करने में मदद मिल सके. सीबीडीटी के बयान के अनुसार, इन मैसेज का मकसद ऐसे लोगों को याद दिलाना और गाइड करना है, जिन्होंने अपने आईटीआर में इनकम का पूरा खुलासा नहीं किया है.

सेबी ने सख्त किये एसएमई आईपीओ से जुड़े नियम

निवेशकों के पैसे का नहीं होगा गलत' यूज

एजेंसी।नयी दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने छोटी और मिड साइज कंपनियों (एसएमई) के लिए नियमों को सख्त कर दिया है. सेबी की तरफ से यह सख्ती ऐसी कंपनियों के लिए की गई है जो शेयर मार्केट में लिस्टेड होने का प्लान कर रही हैं. सेबी की तरफ से मर्चेंट बैंकर के लिए भी नियम सख्त किये गए हैं. म्यूचुअल फंड मैनेजर्स के लिए नए फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए जुटाए गए पैसे को यूज करने की टाइम लिमिट तय की है. इसके अलावा, सेबी ने बिक्री पेशकश (ओएफएस) को सीमित करने का फैसला किया है और प्रवर्तकों के लिए स्टेप बॉय स्टेप 'लॉक-इन' पेश किया है. सेबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग में इसको लेकर फैसला किया गया.

स्वदेश लौटे आर अश्विन का हुआ भव्य स्वागत, टीम इंडिया छोड़कर राहत मिली है , कहा-

सीएसके के लिए खेलेंगे, अभी मेरे अंदर क्रिकेट बाकी है

एजेंसी। नई दिल्ली

आर अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संन्यास लेकर सभी फैंस को चौंका दिया था.संन्यास के अगले ही दिन अश्विन वापस इंडिया भी लौट आए और उन्होंने यहां पहुंचते ही एक बड़ा बयान दिया. अश्विन ने कहा कि उन्होंने टीम इंडिया से खेलना छोड़ा है लेकिन वो अभी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे.अश्विन ने साफ-साफ कहा कि वो चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलेंगे और ज्यादा चौंकिएगा नहीं कि क्योंकि वो इस टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा खेलना चाहते हैं. अश्विन ने कहा कि बतौर क्रिकेटर उनका करियर अभी खत्म नहीं हुआ है.बतौर इंडियन क्रिकेटर उन्होंने खेलना छोड़ा है

लेकिन वो लंबे समय ततक खेलना चाहते हैं.आर अश्विन ने कहा, 'मैं अब चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलूंगा. मैं इस टीम के लिए लंबे समय तक खेलना चाहता हूं.अश्विन जो कि इंडियन क्रिकेटर था उसका समय खत्म हो गया है लेकिन बतौर क्रिकेटर मेरा समय बाकी है.अश्विन से पूछा गया कि उनके लिए रिटायर होना मुश्किल समय था तो उन्होंने कहा,'मेरे लिए ये मुश्किल फैसला नहीं था.कई लोगों के लिए ये एक इमोशनल फैसला होता है लेकिन मेरे लिए ये राहत और तसल्ली वाली फीलिंग है.मेरे दिमाग में ये काफी समय से चल रहा था. मुझे गाबा टेस्ट के चौथे दिन संन्यास का ख्याल आया और पांचवें दिन मैंने संन्यास ले लिया.

रिटायरमेंट पर उठ रहे हैं सवाल

वैसे अश्विन के अचानक रिटायरमेंट पर सवालिया निशान भी खड़े हो रहे हैं. पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने उनके संन्यास की टाइमिंग पर सवाल खड़े किए. वहीं सोशल मीडिया पर ऐसा दावा भी है कि अश्विन और गौतम गंभीर के बीच कुछ तो ऐसा हुआ जिसके बाद इस खिलाड़ी ने अचानक संन्यास ले लिया. रिपोर्ट्स के मुताबिक अश्विन का परिवार बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए मेलबर्न पहुंचने वाले था लेकिन उन्होंने अपनी फ्लाइट कैंसिल करा दी और अश्विन ने संन्यास ले लिया.

चेन्नई सुपरकिंग्स का हिस्सा बने हैं अश्विन

आर अश्विन अब चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए आईपीएल 2025 में खेलते नजर आएंगे. इस खिलाड़ी को चेन्नई ने 9.75 करोड़ रुपये की बड़ी कीमत पर खरीदा है. अश्विन पहले भी चेन्नई के लिए खेलते थे लेकिन इसके बाद वो दिल्ली, पंजाब, राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले, अब एक बार फिर सीएसके में अश्विन की वापसी हुई है

विनिसियस जूनियर और बोनमाटी को फीफा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

एजेंसी। दोहा

रियल मैड्रिड के स्टार विनिसियस जूनियर को फीफा 'द बेस्ट'पुरस्कार में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुना गया जबकि बार्सिलोना की ऐटाना बोनमाटी ने महिला वर्ग में पुरस्कार जीता. 24 वर्ष के विनिसियस को पछाड़कर अक्तूबर में मैनचेस्टर सिटी के रौड्री ने बलोन डिओर जीता था. इसके विरोध में विनिसियस और मैड्रिड टीम ने पेरिस में पुरस्कार समारोह में भाग ही नहीं लिया था. इस बार रौड्री पांच अंक से विनिसियस से पिछड़ गए. ब्राजील के फॉरवर्ड विनिसियस फीफा के समारोह में पुरस्कार लेने पहुंचे थे. उन्होंने कहा, समझ में नहीं आ रहा कि कहां से शुरू करूं. लगा नहीं था कि यहां तक पहुंच सकूंगा. मैं गरीबी और अपराध के लिए

बदनाम साओ गोंकालो की गलियों में नंगे पैर सड़क पर फुटबाल खेला करता था. यहां तक पहुंचना मेरे लिए काफी अहम है. मैं उन बच्चों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं जिन्हें लगता है कि सब कुछ असंभव है.

स्पेन की मिडफील्डर बोनमाटी ने लगातार दो साल बलोन डिओर जीतने के बाद यह पुरस्कार जीता. उन्होंने कहा,जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि यह टीम प्रयासों से मिला है. यह साल बहुत शानदार रहा. मैं अपने क्लब,साथी खिलाड़ियों और सभी को धन्यवाद देती हूं. दोनों पुरस्कारों के लिए 11 खिलाड़ियों को नामित किया गया था. जिसके बाद मौजूदा कप्तानों, कोचों, प्रशंसकों और मीडिया के वोट से विजेता का चयन हुआ. इसके लिए 21अगस्त 2023से 10अगस्त 2024 के प्रदर्शन को आधार रखा गया.

न्यूजीलैंड के खिलाफ केवल बल्लेबाज के रूप में खेलेंगी हीली

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली के घुटने में दर्द के कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं कर पाएंगी। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जनवरी में होने वाली एशेज सीरीज के लिए खुद को तैयार करने के लिए तीनों मैचों में बल्लेबाज के तौर पर खेल पाएंगी. बेथ मूनी गुरुवार को वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में होने वाले सीरीज के पहले मैच में बतौर विकेटकीपर हीली की जगह लेंगी.हीली ने बुधवार को कहा, मैं इस सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करूंगी. लेकिन एशेज से पहले बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं है, इसलिए मेरे लिए यह एक मौका है कि मैं एक बल्लेबाज के तौर पर मैदान पर वापसी करूं और कुछ रन बनाने की कोशिश करूं. मुझे लगता है कि मैंने पिछले आठ या नौ महीनों में शायद ही कोई क्रिकेट खेला हो और ऐसा करने का यह अच्छा मौका है. घुटने की स्थिति ठीक है, यह दिन-प्रतिदिन की बात है और हम आगे बढ़ने के साथ ही आकलन करेंगे.

संजू सैमसन व मनीष पांडे विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर

एजेंसी। नई दिल्ली

21 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी को लेकर दो चौकाने वाली बात सामने आई है। एक और केरल ने संजू सैमसन को टीम से बाहर रखा है. वहीं कर्नाटक ने सीधे तौर पर मनीष पांडे से किनारा कर लिया है.संजू सैमसन को केरल की टीम से बाहर रखने के पीछे केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने कैंप में शामिल खिलाड़ियों में से ही टीम चुनने को वजह बताया है. जिसके बाद सैमसन ने अपना नाम वापस ले लिया. सैमसन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी 2024-25 में केरल का नेतृत्व किया था,जहां वह अपने छह मैचों में से चार जीतकर नॉकआउट के लिए क्वालिफ़ाई करने से चूक गए थे. इस दौरान सैमसन ने पांच मैच में 135 रन बनाए थे. हालांकि सैमसन का नाम 30 सदस्यीय संभावित सूची में था,लेकिन उनको अब 19 सदस्यीय टीम में नहीं चुना गया.दूसरी ओर,कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) ने साफ तौर पर कहा है कि मनीष पांडे का टीम से बाहर होना उनके प्रदर्शन के आधार पर लिया गया फैसला है. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मनीष पांडे ने पांच पारियों में सिर्फ 117 रन बनाए थे.

एसोसिएशन ने यहां तक कहा है कि अब भविष्य में भी टीम में चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा.इस तरह मनीष पांडे के लिए रणजी क्रिकेट में यह उनके शानदार करियर के अंत का प्रतीक है,जिसमें वह कई सफेद्द गेंद चैंपियनशिप जीतने के अलावा,दो रणजी ट्रॉफ़ी विजेता टीमों (2013-14 और 2014-15) का हिस्सा थे. दिलचस्प बात यह है कि कर्नाटक ने उनके नेतृत्व में 2018-19 और 2019-20 में लगातार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया था.मनीष पांडे के नाम 118 प्रथम श्रेणी मैचों में 50.78 की औसत से 25 शतकों के साथ 7973 रन हैं. कुल मिलाकर,सफेद्द गेंद के प्रारूपों में उनके नाम कुल 13,000 से अधिक रन हैं.

केरल टीम

सलमान निज़ार (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, शॉन रॉजर, मोहम्मद अज़हरुद्दीन (विकेटकीपर), आनंद कृष्णन, कृष्णा प्रसाद, जलज सक्सेना, आदित्य सरवटे, सिजोमॉन जोसेफ़, बासिल थंपी, बासिल एनपी, निधीश एमडी, ईडन एप्पल टॉम, शरफ़ुद्दीन, अखिल सकारिया, विश्वेश्वर सुरेश, वैशाक चंद्रन, अजनस एम (विकेटकीपर).

कर्नाटक टीम

मयंक अग्रवाल (कप्तान), श्रेयस गोपाल (उप-कप्तान), एस निकिन जोस, केवी अनीश, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, हार्दिक राज, विशाक विजयकुमार, वासुकी कौशिक, विद्याधर पाटिल, किशन बेदारे, अभिलाष शेट्टी, मनोज भंडागे, प्रवीण दुबे, लवनित सिसौदिया.

महिला क्रिकेट

न्यूजीलैंड व ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे रद्द

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीमों के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला वनडे गुरुवार को वेलिंगटन में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया. दोनों टीमों के बीच दूसरा एकदिनी 21 और तीसरा व आखिरी मैच 23 दिसंबर को खेला जाएगा.यह श्रृंखला वर्तमान आईसीसी महिला चैंम्पियनशिप का हिस्सा है और मैच रद्द होने से दोनों टीमें निराश हैं, क्योंकि वे अगले वर्ष होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में हैं.ऑस्ट्रेलिया पहले ही 2025 के आयोजन के लिए क्वालीफाई कर चुका है, लेकिन न्यूजीलैंड में शेष मुकाबलों में से दो में जीत के साथ महिला चैंम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकता है.भारत ऑस्ट्रेलियाई टीम से 10 अंक पीछे है, लेकिन उसे अभी भी छह मैच खेलने हैं और उन सभी मैचों में जीत के साथ वह मौजूदा विश्व कप चैंपियन से आगे निकल सकता है.

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

न्यूजीलैंड : सूजी बेट्स, लॉरेन डाउन, सोफी डिवाइन (कप्तान), ब्रुक हॉलिडे, मैडी ग्रीन, इसाबेला गेज (विकेट कीपर), अमेलिया केर, ईडन कार्सन, फ्रैन जोनास, जेस केर, मौली पेनफोल्ड, इसाबेला रोज जेम्स, रोजमेरी मैयर.

ऑस्ट्रेलिया : एलिसा हीली (विकेट कीपर/कप्तान), फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्राथ, हीथर ग्राहम, जॉर्जिया वेयरहैम, डार्सी ब्राउन, अलाना किंग, किम गर्थ, मेगन शुट्ट, जॉर्जिया वोल.

केशव महाराज पाकिस्तान के खिलाफ शेष वनडे मैचों से बाहर

एजेंसी। केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज बाएं हाथ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ शेष वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं.महाराज को मंगलवार को पार्ल में पहले वनडे से पहले अभ्यास के दौरान चोट लगी थी। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका की एकादश में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर एंडिले फेहलुकवायो को शामिल किया गया है.महाराज पुनर्वास के लिए डरबन लौटेंगे,जबकि ब्योर्न फोर्टुइन को पाकिस्तान के खिलाफ शेष दो वनडे मैचों के लिए उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है,जो क्रमशः केपटाउन और जोहान्सबर्ग में गुरुवार और रविवार को खेले जाने हैं.क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा,₹केशव महाराज पाकिस्तान के खिलाफ शेष वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं, क्योंकि स्कैन में बाएं हाथ की मांसपेशियों में खिंचाव का पता चला है. वह पुनर्वास के लिए डरबन लौटेंगे और पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले उनकी स्थिति का फिर से आकलन किया जाएगा.₹इसमें कहा गया है,₹अंतिम दो वनडे के लिए ब्योर्न फोर्टुइन को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है.₹ महाराज की चोट दक्षिण अफ्रीका के अनुपलब्ध गेंदबाजों की बढ़ती सूची में जुड़ गई है। मेजबान टीम पहले से ही एनरिक नोर्टजे (पैर की अंगुली में फ्रैक्चर),गेराल्ड कोएट्ज़ी (कमर में),लुंगी एनगिडी (कूल्हे),नांद्रे बर्गर (पीठ के निचले हिस्से) और वियान मुल्डर (उंगली में फ्रैक्चर) से वंचित है. हाल ही में, महाराज ने गकेबरहा में श्रीलंका के खिलाफ अंतिम दिन दक्षिण अफ्रीका की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी,उन्होंने 76 रन देकर 5 विकेट लिए थे जिससे बल्लेबाजी ढह गई थी.उनकी अनुपस्थिति में,दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए स्पिन गेंदबाजी विकल्पों डेन पीट और सेनुरन मुथुसामी की ओर रुख कर सकता है.

एशिया कप के सुपर फोर

भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने वीमेंस अंडर 19 एशिया कप 2024 में अब तक दमदार प्रदर्शन किया है. टीम इंडिया ने सुपर फोर मुकाबले में बांग्लादेश को 8 विकेट से हरा दिया है. टीम इंडिया की इस जीत में आयुषी शुक्ला और गोंगाडी त्रिशा की अहम भूमिका रही. त्रिशा ने दमदार प्रदर्शन अर्धशतक जड़ा.उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.वहीं आयुषी ने बॉलिंग में कमाल दिखाया.बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट के नुकसान के साथ 80 रन बनाए. कप्तान सौम्या अख्तर महज 1 रन बनाकर आउट हुईं. सादिया अख्तर 2 रन बनाकर पवेलियन लौटीं.आफिया जीरो पर आउट हुईं.इस दौरान भारत के लिए आयुषी शुक्ला ने घातक गेंदबाजी की.उन्होंने 4ओवरों में 9 रन देकर 3 विकेट लिए. शुक्ला ने 1 विकेट भी लिया. सोनम यादव ने 2 विकेट झटके. शबनम और मिथिला विनोद ने 1-1 विकेट लिया.बांग्लादेश के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने महज 12.1 ओवरों में

मैच जीत लिया. टीम इंडिया के लिए ओपनर त्रिशा ने अर्धशतक जड़ा. उन्होंने 46 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 58 रन बनाए. इस दौरान 10 चौके लगाए. कप्तान निकी प्रसाद ने नाबाद 22 रन बनाए. उन्होंने 14 गेंदों का सामना करते हुए 1 चौका और 2 छक्के लगाए. जी कमलिनी खाता ही नहीं खोल पाईं. उन्हें अनीसा ने आउट किया.बता दें कि भारत का सुपर फोर में अगला मुकाबला श्रीलंका से है. यह मैच शुक्रवार को खेला जाएगा. भारत ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश से पहले पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेला था. टीम इंडिया ने यह मैच 9 विकेट से जीता था.

यूरोपीय पुरुष हैंडबॉल चैम्पियनशिप 2026 की मेजबानी करेगा रोमानिया

बुखारेस्ट। रोमानिया क्लुज-नेपोका और टुरडा में 2026 यूरोपीय पुरुष हैंडबॉल युवा चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा,रोमानियाई हैंडबॉल महासंघ (एफआरएच)के महासचिव निकोला लुका ने उक्त घोषणा की.यह 2026 में रोमानिया में आयोजित होने वाला दूसरा प्रमुख यूरोपीय हैंडबॉल आयोजन होगा,साथ ही महिला सीनियर यूरोपीय चैम्पियनशिप भी होगी.जिसकी मेजबानी देश चेक गणराज्य,पोलैंड,स्लोवाकिया और तुर्किये के साथ करेगा. एफआरएच के अध्यक्ष कॉन्स्टेंटिन दीन ने सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए एक ठोस आधार तैयार करने के लिए पुरुषों की युवा चैंपियनशिप के महत्व पर प्रकाश डाला,और आने वाली पीढ़ी की क्षमता में विश्वास व्यक्त किया.अपने कार्यकाल के दौरान दीन ने रोमानिया के लिए चार प्रमुख यूरोपीय हैंडबॉल स्पर्धाएं हासिल की हैं.जिनमें 2022 में पिटेस्टी और क्रायोवा में आयोजित महिला युवा यूरोपीय चैम्पियनशिप भी शामिल है. रोमानियाई पुरुषों की सीनियर टीम जनवरी 2025 में स्पेन में एक तैयारी टूर्नामेंट में भी भाग लेगी.

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हो गया फाइनल

भारत की टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान

- हाइब्रिड मॉडल पर आईसीसी ने लगाई मुहर

एजेंसी। नई दिल्ली

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर तनातनी आखिरकार खत्म हो गई है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को ऐलान किया कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच मेजबान पाकिस्तान की बजाय किसी तटस्थ स्थान पर खेलेगा. पाकिस्तान के लिए भी 2027 तक यही व्यवस्था लागू होगी. पाकिस्तान की टीम भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के मैच तटस्थ स्थलों पर खेलेगी. चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट है, जो 2017 के बाद पहली बार खेला जाना है. साल 2017 में पाकिस्तान ने भारत को हराकर ट्रॉफी जीती है. यह इत्तफाक ही है कि गत चैंपियन को ही टूर्नामेंट की मेजबानी भी मिली है. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शेड्यूल जल्द घोषित किया जाएगा. आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी की

मेजबानी पर चल रहे विवाद पर कहा, 'आईसीसी बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दे दी है. अब 2024 से 2027 तक मौजूदा चक्र (जो भारत या पाकिस्तान में आयोजित किए जाने हैं) के दौरान आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे. इस दौरान भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी. इसी तरह पाकिस्तान की टीम भी भारत नहीं जाएगी.' यह व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अलावा महिला विश्व कप और पुरुष टी20 विश्व कप में लागू होगी. महिला विश्व कप अगले साल भारत में होना है. इसके बाद 2027 में पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी भारत और श्रीलंका मिलकर करेंगे.भारत ने अपनी टीम को सुरक्षा चिंताओं के कारण फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजने से इंकार कर दिया था. भारत ने 2023 के एशिया कप की तरह हाइब्रिड मॉडल पर मैच कराने की मांग की थी. एशिया कप 2023 में भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे, जबकि टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान था.

न्यूजीलैंड को मिला नया कप्तान, विलियम्सन की संभालेंगे जिम्मेदारी

नई दिल्ली। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आखिरकार व्हाइट बॉल फॉर्मेट के लिए नए कप्तान का ऐलान कर दिया हैं.उसने आधिकारिक तौर पर केन विलियम्सन की जगह टीम के ऑल राउंडर मिचेल सैंटनर को टीम का कप्तान घोषित कर दिया है.केन विलियम्सन ने टी20 वर्ल्ड कप मे खराब प्रदर्शन के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था.साथ ही न्यूज़ीलैंड के सेंट्रल कान्ट्रैक्ट से भी खुद को बाहर कर लिया था.केन विलियम्सन टेस्ट टीम की कप्तानी पहले ही छोड़ दी थी जिसके बाद टिम साउदी और टॉम लेथम ने टीम की कप्तानी की.मिचेल सैंटनर की बात करें तो उन्होंने कई बार टीम को व्हाइट बॉल मैच में लीड किया है.पूर्ण रूप से कप्तानी का भार मिलने के बाद सैंटनर ने कहा कि उनके लएए यह बहुत बड़े सम्मान की बात है.उन्होंने कहा,'यह स्पष्ट रूप से एक बड़ा सम्मान और विशेषाधिकार है कि आपसे कप्तानी करने के लिए पूछा जाए.जब आप युवा होते हो तो आपका सपना हमेशा न्यूज़ीलैंड के लिए खेलने का होता है.

कबूलनामा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अपने तूफानी बल्लेबाजी का खोला राज, कहा—

मैदान में अपनाते हैं एमएस धोनी वाला तरीका

एजेंसी। नई दिल्ली

ट्रेविस हेड इन दिनों लगातार बल्ले से आग उगल रहे हैं.उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी से पूरी दुनिया को अपना दीवाना बना लिया है. टी20 हो या वनडे या फिर टेस्ट हेड का बल्ले हमेशा एक ही रफ्तार से चलता है. उनकी ताबड़तोड़ बैटिंग का सबसे ज्यादा भारतीय टीम ही शिकार हुई है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी उन्होंने रनों का अंबार लगा दिया है. अभी 3 मुकाबले हुए हैं, जिसमें वह 2 तूफानी शतक और 1 अर्धशतक जड़ चुके हैं. अब सवाल है कि आखिरी ट्रेविस हेड इतनी तूफानी बल्लेबाजी कैसे करते हैं? ये राज उन्होंने खुद खोला है.ट्रेविस हेड पहले भी अपनी बल्लेबाजी से

भारतीय टीम को चोट पहुंचा चुके हैं. वहीं मौजूदा सीरीज में उनकी शतकीय पारी के कारण ही एडिलेड में टीम इंडिया की हार हुई थी.ब्रिसबेन में भी उनकी 152 रन की पारी के कारण ऑस्ट्रेलिया की टीम हावी हो सकी थी. अब उन्होंने इस सीरीज में आगे भी अपनी शानदार फॉर्म और बैटिंग जारी रखने की उम्मीद जताई है.हेड ने खुलासा किया कि वो नेट में कम प्रैक्टिस कर रहे हैं,ताकि मैच में वह फ्रेश रह सकें और अच्छा प्रदर्शन कर सकें.

हेड ने कहा कि वो नेट में कम गेंदें ही खेलने की कोशिश करते हैं.यही तरीका उनके लिए काम करता है.आगे भी इस सीरीज वह इसी फॉर्मूला को जारी रखेंगे. हेड ने कहा कि टीम में प्रैक्टिस करने के लिए हर किसी का अपना तरीका है. बता दें धोनी भी नेट में बहुत ज्यादा प्रैक्टिस नहीं करते थे.आकाश चोपड़ा समेत धोनी के साथी खिलाड़ी बता चुके हैं कि वह बैटिंग और कीपिंग बहुत ज्यादा प्रैक्टिस नहीं करते थे.बल्लेबाजी में ज्यादातर बड़े शॉट की प्रैक्टिस किया करते थे.धोनी भी अपनी तूफानी बैटिंग के लिए मशहूर हैं.

सीरीज में हेड का प्रदर्शन

ट्रेविस हेड बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3 मैच की 5 पारियो में 81.80 की औसत और 94 के स्ट्राइक रेट से 409 रन बना चुके हैं. इसमें 2 सेंचुरी और एक फिफ्टी शामिल है. इस दौरान वो 47 चौके और 4 छक्के भी लगा चुके हैं. हेड मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं.उनके आसपास भी कोई बल्लेबाज नहीं है. सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले केएल राहुल और हेड के बीच 174 रनों का अंतर है. राहुल ने 47 की औसत से 235 रन बनाए हैं.

रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

एजेंसी। लुसैल (कतर)

- एमबाप्पे, विनीसियस के गोल की बदौलत पचुका को 3-0 से हराया

रियल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता. इससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए.रियल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता.एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज़ को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे.एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा,'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं. हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया. 'किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया.इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था.

जनचेतना के स्वर विषय पर हुआ विशेष व्याख्यान

रामगढ़ । राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग द्वारा भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के सहयोग से गुरुवार को विशेष व्याख्यान सह खोरठा गीत प्रस्तुति का आयोजन किया गया. स्थानीय खोरठा जन गायक जगलाल सिंह की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रश्मि, कुलसचिव डॉ मिथिलेश कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, शिक्षाविद डॉ बीएन ओहदार व इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इसके उपरांत खोरठा विभाग की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम के नेतृत्व में किया गया.कुलसचिव डॉ मंडल ने स्वागत भाषण दिया.

उपविकास आयुक्त के नेतृत्व में शोक सभा, विकास भवन के सभी कर्मियों ने लिया हिस्सा

मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर की ठंड लगने से मौत

संवाददाता । चतरा

जिला मुख्यालय में कार्यरत मनरेगा ऑपरेटर राजकुमार यादव की बुधवार का ठंड लगने से मौत हो गई. राजकुमार बुधवार को ड्यूटी समाप्त कर शाम 5:00 बजे चतरा से निकले थे. शाम के 7:00 बजे घर पहुंचे, इस दौरान उन्होंने ठंड लगने की बात परिजनों से कही.

परिजन तत्काल उन्हें लेकर हजारीबाग गए और आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया. गंभीर स्थिति ko देखते हुए इन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया. सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई. राजकुमार यादव जिले के प्रखण्ड कान्हाचट्टी के मदगडा पंचायत अंतर्गत बिंधानी गाँव के रहने वाले थे. प्रखण्ड-सदर चतरा में मनरेगा कम्प्युटर आपरेटर के रूप में विगत 20 वर्षो से कार्यरत थे.

राजकुमार यादव के परिवार में पत्नी दो पुत्र एवं एक पुत्री है . बच्चे सभी नबालिग है. ये अपने परिवार में एकमात्र कमाउ व्यक्ति थे. एक पुत्र 10 वर्ष दूसरा पुत्र 05 वर्ष एवं पुत्री 08 वर्ष की है. इनके गुजरने के बाद इनकी पत्नी, बच्चों के साथ जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई है. बच्चों के पालन-पोषण का एकमात्र सहारा भी छिन गया है.

मृतक राजकुमार यादव के माता-पिता एवं भाई नही है. राजकुमार यादव काफी अनुभवी, मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे. उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा चतरा के द्वारा जिला ग्रामीण विकास शाखा चतरा में मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की. जिसमें सुशील कुमार प्रधान सहायक, प्रदीप कुमार सहायक परियोजना पदाधिकारी, सुरज कुमार सहायक साख्यिकी पदाधिकारी, श्रीमती सुनीता कुजूर आंशुटंकन, रामकुमार राम सहायक, यासीन अनवर, उपाध्यक्ष कम्प्युटर आपरेटर संघ चतरा जिला, मरगुब आलम, सचिव कम्प्युटर आपरेटर संघ चतरा जिला, मनोज कुमार एन0आई0सी0, चतरा, धमेन्द्र कुमार यू0आई0सेल रितेश कुमार गुप्ता ई0डी0एम0 एवं सभी कार्यालय के कर्मी उपस्थित हुए.

हजारीबाग सिविल कोर्ट से निकली प्रभात फेरी

संवाददाता । हजारीबाग

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार के देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले गुरुवार को प्रभात फेरी सिविल कोर्ट से निकाली गई. इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य लोगों में विधिक जागरूकता फैलाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग व सचेत करना था.

इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एस.एन.लमय, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अवनिका गौतम, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना, सिविल कोर्ट निबंधक दिव्यम चौधरी, न्यायिक दंडाधिकारी अभिनव कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी जूही कुमारी, सिविल कोर्ट के सभी कर्मचारी, मध्यस्थ, एलएडीसी के सदस्य और पारा लीगल वालेंटियर शामिल हुए. यह प्रभात फेरी सुबह सात बजे निकाली गई थी.बातचीत के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि झालसा के निर्देश पर अगले 90 दिनों तक जिले के सभी प्रखंडों में गांव-गांव जाकर और विधिक जागरूकता शिविर लगाकर लोगों के बीच विधिक जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा. इस कड़ी में कटकमदाग प्रखंड और शहर के कोर्रा में पूर्व में ही विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा चुका है. जो आगे भी अनवरत जारी रहेगा.

उन्होंने बताया कि लोगों को सर्व सुलभ न्याय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है. और समय समय-समय पर लोक अदालत, विशेष मध्यस्थता अभियान, जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर, निःशुल्क कानूनी सुविधा, एवं एलएडीसी के माध्यम से बंदियों को विशेष सुविधा, कोर्ट शूल्क माफी और कई कार्यक्रम चलाकर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है.

वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर जारी है ग्रामीणों का विरोध

ग्रामीणों ने नहीं मानी बात सीओ ने दिया अल्टीमेटम

- रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के 45000 घर और नगर परिषद क्षेत्र के 24000 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है

संवाददाता । रामगढ़

रामगढ़ जिले के गोबरदहा गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है.गुरुवार को पुलिस फोर्स और मशीन के साथ जब अधिकारियों के टीम वहां पहुंची तो ग्रामीणों ने एक बार फिर इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से मना कर दिय. करोड़ों रुपए की लागत से गोबरदहा गांव में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है. यहां पतरातु डैम से पानी लाकर उसे फिल्टर किया जाएगा।

इसके बाद रामगढ़ नगर परिषद और छावनी परिषद क्षेत्र में घर-घर सप्लाई किया जाएगा. ग्रामीणों के द्वारा लगातार इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है कि गंदे पानी को फिल्टर करने के दौरान उस इलाके में गंदगी का अंबार लग जाएगा. साथ ही गांव का वातावरण प्रदूषित हो जाएगा. मौके पर पहुंचे रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप एक्का ने ग्रामीणों को समझने का काफी प्रयास किया। साथ ही वहां कार्य शुरू करने के लिए सहमति देने की भी बात कही.

घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उनकी बात नहीं मानी. इस दौरान अंचल अधिकारी से 48 घंटे का वक्त मांगा गया. अंचल अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण 48 घंटे के अंदर आपसी बैठक कर अपना निर्णय जिला प्रशासन के समक्ष रखेंगे. उनके निर्णय के आधार पर जिला प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा.गोबरदहा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 4.9 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है. इसमें 23 एमएलडी पानी को फिल्टर कर उसका सप्लाई किया जाएगा. रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के 45000 घर और नगर परिषद क्षेत्र के 24000 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है. यह पूरा प्रोजेक्ट 205 करोड रुपए का है. लेकिन ग्रामीणों की सहमति नहीं होने के कारण यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है.

मयूर कंपनी के नाम पर बेची जा रही थी नकली हल्दी, गिरफ्तार

रामगढ़ । रामगढ़ शहर में नामी गिरामी खाद्य कंपनियों के नाम पर नकली सामानों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है. इसका खुलासा तब हुआ जब हल्दी बेचने वाली मयूर कंपनी के मालिक अशोक अग्रवाल ने रामगढ़ के बाजार में उनकी कंपनी के नाम पर नकली हल्दी का पैकेट पाय. छानबीन के दौरान पता चला कि रामगढ़ शहर के न्यू कॉलोनी में मयूर कंपनी के नाम पर नकली हल्दी की पैकिंग हो रही है और उसे बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है.मयूर ब्रांड अशोक पैकर्स मसाला के संचालक अशोक अग्रवाल को सूचना मिली थी कि रामगढ़ में मयूर कंपनी की हल्दी पैकिंग की जा रही है. सूचना पर वे रामगढ़ थाना पहुंचे और रामगढ़ पुलिस को इस अवैध कारोबार की सूचना दी. अशोक अग्रवाल की सूचना पर पुलिस ने न्यू कॉलोनी निवासी पवन कुमार साहू के घर में छापेमारी की. इस दौरान पुलिस को वहां से 250 ग्राम के पैकेट में बड़े पैमाने पर हल्दी मिला. सभी पैकेट पर मयूर कंपनी का नाम छपा हुआ था.

उर्दू के गैर-मुस्लिम विद्वानों के राष्ट्रीय संगोष्ठी से लौटे डॉ एस जेड हक

भाषा को किसी धर्म की सीमा मे नहीं बांधा जाना चाहिए: डॉ एस जेड हक

संवाददाता । हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ एस जेड हक कोलकाता मे आयोजित गैर-मुस्लिम उर्दू विद्वानों के राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता कर लौटे. बुधवार को आयोजित संगोष्ठी का आयोजन कोलकाता के हाजी मोहम्मद मोहसिन हाल में द मुस्लिम इंस्टिट्यूट के द्वारा किया गया था.डॉ हक ने इस संगोष्ठी के विद्वत सत्र की अध्यक्षता की.

इस सत्र में उर्दू के ख्याति प्राप्त गैर-मुस्लिम विद्वानों मे मुख्य रूप से लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के अमित कुमार, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलदीप राज आनंद, एमएएनएनयू हैदराबाद, तेलंगाना के सथूपति झांसी तथा तरंग मौर्य, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के उमा वसीता, मगध विश्वविद्यालय, बिहार के चंद्रभूषण तथा जेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के अनूप सिंह ने अपने-अपने पत्र प्रस्तुत किया.उक्त कार्यक्रम में स्वागत संबोधन राज्यसभा के सांसद तथा द मुस्लिम इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष मोहम्मद नदीम उल हक ने किया. कार्यक्रम का संचालन द मुस्लिम इंस्टिट्यूट के साहित्यिक सचिव डॉ जावेद अख्तर ने किया.

नाटक एवं संगीत सचिव साजिद परवेज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया.हजारीबाग लौट कर डॉ हक ने बताया कि यह एक बहुत ही सुखद अनुभव रहा. यह अनूठी संगोष्ठी मे इस बात को स्थापित किया की भाषा को किसी धर्म तक सीमित नहीं समझना चाहिए. विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने ऐसे संगोष्ठी की अध्यक्षता के लिए डॉ हक के चुने जाने पर उन्हें साधुवाद हुआ दिया.

रेंज कार्यालय को डीएफओ ने दिया निर्देश

चौपारण । वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग ने डीजीपी के आदेशानुसार निर्देश जारी किया है कि वन क्षेत्र में होने वाले सभी प्रकार के अवैध कार्य करने वाले तस्करों पर मामला दर्ज किया जाय. जिसमे वन विभाग द्वारा वनवाद एवं संबंधित थाने में भी एफआईआर दर्ज किया जाय. जिसमे जंगलों में अवैध शराब भट्टी, पत्थर खनन, ढिबरा निकासी, लकड़ी काटने वालो पर करवाई करने के उपरांत अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को चिन्हित कर शक्ति पूर्वक वनवाद और एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर कर उसकी कॉपी डिवीजन कार्यालय में भेजा जाय. उक्त जानकारी प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने बताते हुए कहा कि डीएफओ सर से शक्त निर्देश मिला है कि 16 दिसंबर 2024 को वन विभाग टीम द्वारा किया गया अफीम विनष्टीकरण अभियान में चौपारण थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर कर अतिशीघ्र कॉपी भेजा जाय. बतादें कि यह कार्य वर्षो पूर्व किया जाता तो चौपारण के एक तिहाई जंगल का भौगोलिक परिदृश्य तार तार नही होता.

संजर मलिक ने नगर आयुक्त से की मुलाकात

हजारीबाग में जाम बड़ी समस्या, निदान जल्द हो

संवाददाता । हजारीबाग

एक बार फिर से अपने आप में समस्याओं का गढ़ बनता जा रहा है. यहां के समाज सेवी और शांति समिति के सदस्य सह झारखंड आन्दोलन कारी, फहिम उद्दिन अहमद उर्फ संजर मलिक, ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और शहर में फैली अतिक्रमण की समस्याओं को उठाया. संजर मलिक ने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़कें संकरी होती जा रही हैं और टोटो रिक्शा की बेतहाशा संख्या ने यातायात को और भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है. इन टोटो रिक्शाओं के चालक नियमों का पालन नहीं करते, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है.नगर निगम ने पहले भी फुटपाथ पर रोजगार करने वालों को चिन्हित कर उनके लिए स्थाई जगहें निर्धारित की थीं. इसके तहत निगम ने कई दुकानों का निर्माण भी किया था. लेकिन इन दुकानों को बड़े व्यापारियों ने ऊंची बोली लगाकर खरीद लिया, जिससे छोटे व्यापारी और ठेले वाले लोग फिर से सड़क पर आ गए. संजर मलिक ने जोर देकर कहा कि जब तक इन ठेला चालकों को ईमानदारी से स्थाई जगहें नहीं दी जातीं, तब तक सड़क पर अराजकता बनी रहेगी.संजर मलिक ने वार्ड नंबर 21 में इंद्रपुरी से पगमिल क्षेत्र तक के जल जमाव की समस्या का भी उल्लेख किया. उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में जल जमाव के कारण आवागमन बाधित हो रहा था, जिसके खिलाफ उन्होंने जल सत्याग्रह किया. इसके परिणामस्वरूप पीडब्ल्यूडी द्वारा दोनों साइड के नालों की सफाई का काम शुरू हुआ.हालांकि, यह क्षेत्र नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए नगर निगम को भी इस कार्य को संज्ञान में लेकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जल निकासी प्रणाली कहीं भी अवरुद्ध न हो.

परंपरा बरकरार

हिंदी विक्रम संवत कैलेंडर का पौष महीना कृषि प्रधान क्षेत्र के लिए खास अहमियत

पौष में पौषालू मनाने का रिवाज, आज भी परंपरा है जीवंत

संवाददाता । चतरा

हिन्दी विक्रम संवत कैलेंडर का पौष महीना कृषि प्रधान क्षेत्र के लिए खास अहमियत रखता है. इस माह नई फसल खेत खलिहान से होकर किसानों के घरों तक पहुंचती है. नई फसलों की आगमन की खुशी में पौषालू (पिकनिक) मनाने की परंपरा सदियों से भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है.

पूरे पौष माह जंगलों, पहाड़ों, गुफाओं में स्थित नदी, झरने और जल स्रातों के किनारे लोग पूरे परिवार, दोस्त और अन्य अजीजों के साथ पहुंचकर अनाज की अच्छी उपज की खुशी में जश्न मनाते थे और नाना प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाते थे. लेकिन अब इसका स्वरूप बदल गया है. पौषालू का बदला हुआ स्वरूप ही पिकनिक है.पश्चिमी संस्कृति का शिकार और चमक-दमक की इस आधुनिक युग में यह पौषालु से पिकनिक में बदल गया है. अब इसे मनाने का तौर-तरीके भी बदल गये हैं. नब्बे के दशक तक फसल की अच्छी उपज की खुशी में खासकर किसान वर्ग के लोग इसे मनाते थे. लोग जंगलों, पहाड़ों के जलस्रोतों पर सपरिवार पहुंचकर सर्वप्रथम वन देवी की पूजा पाठ किया करते थे.

विभिन्न प्रकार के पुआ, पकवान आदि स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर वनदेवी का भोग लगाया जाता था. फिर सभी इकट्ठे होकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाते थे. इस दौरान भजन कीर्तन का दौर भी खूब चलता था. परंतु अब परिदृश्य बदल गया है. लोग इसे नए अंदाज में मनाने लगे हैं. स्वादिष्ट पुआ पकवानों की जगह मांस और मदिरा ने स्थान ले लिया है. जबकि भजन कीर्तन की जगह कान फाड़ डीजे साउंड और अश्लील गाने बजने लगे हैं. जिस पर युवा वर्ग थिरकते नहीं थकते. कई जगह नए वर्ष का जश्न के बहाने अश्लीलता हावी होती है. यह आने वाले पीढ़ी को बर्बाद कर ही रहा है. गांव समाज को भी शर्मसार कर रहा है.

क्या कहते हैं लोग

चतरा के कर्मकांडी और वास्तु विशेषज्ञ चेतन पांडेय कहते हैं कि पौषालू जिसे अब पिकनिक कहते हैं मनाने का स्वरूप अब बदल चुका है. इस पर भारतीय संस्कृति का ह्रास और पश्चिमी सभ्यता हावी हुई है. पहले यह पर्व भारतीय संस्कृति का एक अंग हुआ करता था. परंतु अब मांस मदिरा और अश्लीलता इस संस्कृति को उबाऊ बना दिया है. पूर्व मुखिया पत्थलगडा के बासुदेव तिवारी ने बताया कि पहले लोग अच्छे फसल की उपज की खुशी में पौषालू मनाते थे. परंतु अब अंग्रेजी के नए वर्ष का जश्न के रूप में इसे मनाया जाने लगा है. पहले पूरे पौष माह में लोग पौषालू मनाते थे. पौषालू के बहाने वन देवी की पूजा होती थी और जंगल, पहाड़ और जल के संरक्षण का लोग संकल्प लेते थे. परंतु परिदृश्य बदल गया है

डालसा का लेटर पीएलवी ने मुखिया को सौंपा

चौपारण। चौपारण प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना ने छह नए पारा लीगल वोलेंटियर नियुक्त किये हैं. जिनके माध्यम से पंचायत के अंतिम और जरूरतमंद व्यक्ति तक कानून की जानकारी मिल सके. जिससे हर व्यक्ति अपना अधिकार को जान व समझ सके. सचिव खुराना ने चौपारण थाना में नवीन कुमार साव, रामपुर पंचायत भवन में रेखा देवी, पाण्डेयबारा पंचायत भवन में नंदा देवी, बसरिया पंचायत भवन में लक्ष्मण कुमार साव, झापा पंचायत भवन में रेहाना खातून, चोरदाहा पंचायत में अमित कुमार साव को पीएलवी के रूप में नियुक्त किये हैं. उन्होंने कहा है कि अपने अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक लोगो को कानून के बारे में जानकारी देना है. पीएलवी रेहाना ने झापा पंचायत की मुखिया अन्नपूर्णा देवी से मिलकर उन्हें डालसा हजारीबाग द्वारा दी गई लेटर को दिया.

न्यूज अपडेट

राजद कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री का पुतला फूंका.

चतरा । राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री का पुतला जलाया. इस दौरान अमित शाह मुर्दा, केंद्र सरकार होश में आओ, आपत्तिजनक टिप्पणी करना बंद करो के नारे लगाए. चतरा के केशरी चौक मे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी के विरुद्ध मे तमाम जिला राजद कार्यकर्त्ता ने पुतला दहन किया साथ ही गृह मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय सरकार में शामिल मंत्रियों से आपत्तिजनक टिप्पणी पर माफी मांगने की बात कही. मौके पर प्रदेश सचिव रश्मि प्रकाश, हारून रसीद, जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप, नगर अध्यक्ष पप्पू यादव, रिंकू खान, उपेंद्र वर्मा, दिनेश दांगी, अशोक दांगी, दीपक कुमार शर्मा, आकाश कुमार, खेदु यादव, विनोद पासवान, अशोक राणा, विकास यादव, मुकेश भोगता, देव कुमार गौतम, जितेंद्र सिंह, अरविन्द सिंह, बिनोद दास सहित सेकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे.

दिनदहाड़े महिला के गले से चैन की छिनतई

चरही । चरही थाना क्षेत्र के लालबंगला में गुरुवार को एक महिला के गले में पहने सोने के चेन को मुंह बंध बाईक सवार अपराधियों ने छिनतई कर ले भागे. जानकारी के अनुसार घटना करीब दो बजे कि बताई जाती है. चरही निवासी महिला गायत्री देवी, पति स्वर्गीय राम नारायण साव, लालबंगला स्थित शिव मंदिर से पूजा करके वापस लौट रही थी. इसी बीच सड़क किनारे महिला को अकेला देख अपराधियों ने महिला के गले में पहने सोने के चैन को छीनकर चरही के तरफ फरार हो गए. हालांकि इस घटना के बाद चरही पुलिस मौके पर पहुंच कर अगल-बगल लोगों से पूछताछ कर सबूत जुटाने में लगी थी. मामले को लेकर समाचार लिखे जाने तक भुक्तभोगी महिला ने थाने में कोई आवेदन नहीं दिया था.

आदिम जनजाति परिवारों के लिए लगा विशेष शिविर

कुन्दा/चतरा । जिले के कुंदा प्रखंड क्षेत्र के डांडू में गुरुवार को आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड समेत कई अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन लिए गए. इस दौरान उपस्थित 34 आदिम जनजाति परिवारों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया.वही जेएसएलपीएस,पेयजल, बैंक आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, सीओ दीपक मिश्रा,मुखिया भरत यादव,रोजगार सेवक,पंचायत सेवक,ऑपरेटर समेत कई अन्य उपस्थित थे.

बरगड्डा गांव में दो समाजसेवी की मौत

हजारीबाग । कटकमसांडी प्रखंड के बरगड्डा गावं में गुरुवार को एक साथ दो समाज सेवियो की मौत हो गयी . इसमें बरगड्डा गांव के धनेश्वर पांडेय 75 वर्ष, और भीमनाथ यादव74 वर्ष का नाम शामिल है. दोनों का अर्थी गांव में एक साथ निकला. और एकही श्मशान घाट पर दोनों को अंतिम संस्कार किया गया. घटना के बाद गांव में मातम छा गया .दोनों को एकही दिन मौत से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया. दोनों समाज के कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे .अंतिम संस्कार में ब्राह्मण समाज के पंडित शिवनंदन शर्मा, दिगम्बर शर्मा, शम्भू शर्मा , सुजीत शर्मा उपेंद्र पांडेय, अधिवक्ता उमाकांत शर्मा, प्रभु नारायण पांडेय, सुधीर पांडेय, निरंजन शर्मा, रंजीत शर्मा, मंटू शर्मा, पिंटू शर्मा,पीयूष पांडेय पत्रकार उमेश पांडेय, चतरा के बिनोद शर्मा, अनिल पांडेय, विनोद पांडेय, मोहन पांडेय,बहिमर, सारुगारु ,कुंभियाटॉड गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित थे. ब्राह्मण समाज के लोगो ने इनकी आत्मा की शांति के लिए शौक सभा का आयोजन किया.

केरेडारी में निशुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया

केरेडारी । एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा बुधवार को राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, केरेडारी मे नि:शुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया. इस कैंप मे फ्री बुखार, सर्दी और खांसी की जाँच ग्राम निवासियों को उपलब्ध करवाई गयी. एनटीपीसी परियोजना द्वारा आयोजित कैंप मे 160 लाभार्थियों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया. बीमार ग्राम निवासियों को दवाइयाँ भी उपलब्ध करायी गई .यह नि:शुल्क हेल्थ कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था. यह मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित लोगो के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है.

उत्पाद विभाग का छापा, भारी मात्रा में शराब बरामद

रामगढ़ । रामगढ़ जिले की गोला प्रखंड में अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही थी। इसकी सूचना लगातार उत्पाद विभाग को ग्रामीणों के जरिये दिए जा रही थी. इस सूचना के आधार पर गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के निर्देश पर एक्साइज इंस्पेक्टर कौंग्रेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की .गोला प्रखंड के हेटगढ़ा और जोभिया गांव में छापेमारी के दौरान अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली ब्लैक डायमंड एंड ब्लैक टाइगर शराब की 194 बोतल, 90 लीटर स्पीरिट, 10 बोरा में विभिन्न ब्रांड एवं साइज के 1200 खाली बोतल जब्त किए गए. हेटगढ़ा गांव से शंकर साहू और जोभीया गांव से ताराचंद महतो एवं अन्य के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है .इस छापेमारी अभियान में अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही नरेश महतो, कमलेश कुमार, विनय सिंह, प्रेम सिंह एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे.

शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

रामगढ़ । राज्य परियोजना निदेशक रांची के निर्देश के आलोक में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025-26 के निर्माण हेतु राज्य स्तरीय टीम द्वारा 19 एवं 20 दिसंबर को जिला अनुश्रवण कार्यक्रम निर्धारित है. गुरुवार को मुकेश कुमार सिन्हा ओएसडी मध्याह्न भोजन रांची की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय टीम द्वारा रामगढ़ जिला का भ्रमण किया गया. राज्य स्तरीय टीम द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए विद्यार्ति पंजी,टोला टैगिंग,बच्चों का चिन्हितीकरण,जीरो ड्रॉप आउट स्कूल,अपार आईडी निर्माण,मध्याह्न भोजन,विद्यालय विकास योजना आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया .राज्य स्तरीय टीम में अनुराधा रानी, कपिलदेव प्रसाद, शिवेंद्र मिश्रा जैसीइआरटी रांची के साथ जिला स्तर से एडीपीओ नलिनी रंजन, एपीओ कुमार राज, बीईओ सुलोचना कुमारी, बीपीओ मिथुन सागर उपस्थित थे.

बुलेट के चकमा देने से बाइक सवार युवक की मौत

हजारीबाग । गुरुवार को बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत हुरुहुरु मे बुलेट बाइक सवार के चकमा देने से दुसरे बाइक सवार की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई. यह घटना गुरुवार को 8:30 बजे की है. मृतक की पहचान लोहसिंधना थाना के शिवपुरी निवासी धर्मवीर सोनी पिता सत्यनारायण सोनी के रूप में की गई है. बताया जाता है कि वह किसी काम से अपाची मोटरसाइकिल से डेमोटाड़ जा रहे थे. इसी दौरान कल हुरुहुरु कलावती अस्पताल के पास बुलेट सवार ने चकमा दिया. जिससे गिर पड़ा और बीच सड़क पर उसकी मौत हो गई .पुलिस सूचना मिलने पर पहुंची। फिर शव को अपने कब्जे में लेकर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।इस दुर्घटना के बाद मृतक के घर में मातम का माहौल है. पूरे परिवार में रो-रो कर बुरा हाल है. बड़ा बाजार पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है.

आदिम जनजाति के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य जांच

चतरा । जिले के गिद्धौर प्रखंड़ अंतर्गत जपुआ गांव में निवास करने वाले बिरहोर परिवारों के आधा दर्जन बच्चों का प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुमित कुमार जायसवाल ने गुरुवार को इलाज कर निशुल्क दवा दिया. इस दौरान प्रभारी चिकित्सा प्रभारी सुमित डॉ सुमित कुमार जायसवाल ने बताया कि सहिया ने जानकारी दी कि जपुआ गांव में बिरहोर परिवार के आधा दर्जन बच्चे चर्म रोग से ग्रसित हैं. जानकारी के बाद प्रभारी चिकित्सक गांव पहुंच बच्चों को अपने वाहन में बिठाकर उप स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज कर निशुल्क दवा दिया.

जन-पक्षीय खोरठा गीतों से सराबोर रहा महफिल

खोरठा विभाग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खोरठा गीतों से महफिल सराबोर रहा. लइयो इप्टा से आये कलाकारों की मण्डली ने कई जनगीत प्रस्तुत किये. वहीं खोरठा भाषा के स्थापित कलाकार प्रदीप कुमार दीपक, बसु बिहारी, सुरेश विश्वकर्मा व डॉ एमएन गोस्वामी ने अपने अंदाज में शानदार खोरठा गीत प्रस्तुत कर सबको झारखंडी कला व साहित्य से परिचय कराया.

न्यूज अपडेट

शाहजहांपुर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, कई घायल

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के मदनापुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाई-वे पर बुधवार रात हुए सड़क हादसे में घायल एक और महिला ने गुरुवार को दम तोड़ दिया. इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़ कर छह हो गयी है. इस हादसे में घायल हुए अन्य चार लोगों का इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में हो रहा है.पुलिस के अनुसार, मृतक महिला का नाम गुल्फ़सा (25) है. वह उत्तराखंड की रहने वाली थी. महिला का कांट थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में मायका था. गुल्फ़सा अपनी बेटी नूरी (4) के साथ यहां आयी हुई थी. नूरी की कल रात इस हादसे में मौत हो गई थी. उपचार के दौरान गुल्फ़सा ने भी दम तोड़ दिया.

ट्रेन से कट कर युगल ने दी जान

जोधपुर। जोधपुर - जयपुर रेल मार्ग पर गुरुवार अलसुबह नटिया फाटक के पास डबल इंजन रेलवे ट्रेक पर एक युगल ने ट्रेन से कट कर अपनी जान दे दी. आत्महत्या का कारण पता नहीं लगा है. संदेह है कि इनमें प्रेम प्रसंग हो सकता है. दोपहर में शवों की पहचान की गई है. शवों को सुबह के समय अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाया गया. परिजन के आने पर अग्रिम कार्रवाई की गई. मौके पर एक बिना नंबर मोपेड मिली थी. पुलिस ने जब्त कर थाने में रखवाया है. महिला शादीशुदा बताई गई है. महामंदिर पुलिस को गुरुवार सुबह सवा पांच बजे के करीब कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि आर्मी स्कूल के सामने एक कपल की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है. सूचना मिलने पर महामंदिर पुलिस आर्मी स्कूल के सामने नटिया रेल्वे फाटक के पास दुर्घटना स्थल पर पहुंची.

नौसेना के विरुद्ध मामला दर्ज

मुंबई। मुंबई के पास नीलकमल नाव हादसा मामले में इस घटना में बचाये गए यात्री नथाराम चौधरी की शिकायत पर गुरुवार को कोलाबा पुलिस स्टेशन में नौसेना की गश्ती स्पीड बोट के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. नौसेना गुरुवार सुबह हादसाग्रस्त नांव को टोइंग कर समुद्र के किनारे लायी और उसकी छानबीन कर रही है. साथ ही नौसेना, तटरक्षक दल और बचाव दल की टीमें इस हादसे में लापता हुए दो लोगों की सुबह से समुद्र में तलाश कर रही हैं. यह जानकारी कोलाबा पुलिस ने दी. इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, 101 लोगों को बचाया गया है. इसमें जर्मनी के दो विदेशी यात्री भी शामिल थे. मृतकों में 7 पुरुष, 4 महिलाएं, 2 बच्चे शामिल हैं. जबकि तीन शवों की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी.

रवाना हुआ 72 श्रद्धालुओं का जत्था

चंडीगढ़। भारतीय श्रद्धालुओं का एक जत्था गुरुवार को अमृतसर स्थित अटारी-बाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान में कटासराज दर्शन के लिए रवाना हुआ. देशभर से 72 श्रद्धालु इस बार पाकिस्तान यात्रा पर गए हैं. गुरुवार को देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए श्रद्धालु अमृतसर के दुर्गियाना तीर्थ पर इकठ्ठा हुए, जहां प्रधान लक्ष्मीकांता चावला के नेतृत्व में उन्हें पाकिस्तान की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया. यह जत्था 25 दिसंबर को भारत वापस लौटेगा. इस दौरान दुर्गियाना तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री लक्ष्मी कांता चावला ने कहा कि टाटा नगर से शिव परिवार ग्रुप आज कटासराज की यात्रा के लिए पाकिस्तान रवाना हो रहा है. 72 हिंदू श्रद्धालु जो भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हैं,

मो. यूनुस काहिरा में, समर्थन मांगा

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने को लेकर मलेशिया से समर्थन मांगा है. उन्होंने कहा कि म्यांमार के रखाइन राज्य में नए सिरे से हिंसा के कारण हाल ही में 80,000 से अधिक रोहिंग्या बांग्लादेश में प्रवेश कर चुके हैं. बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, मोहम्मद यूनुस ने मलेशिया के उच्च शिक्षा मंत्री जाम्ब्री अब्दुल कादिर के साथ बैठक में यह मामला उठाया. यूनुस आर्थिक सहयोग के लिए डी-8 संगठन के 11वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए काहिरा (मिस्र) में हैं. मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग ने यहां बयान जारी कर कहा कि उन्होंने सेंट रेजिस होटल में कादिर से मुलाकात की.

आतंकी हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े

कुलगाम। दक्षिण कश्मीर रेंज के डीआईजी जाविद इकबाल मट्टू ने गुरुवार को बताया कि कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी संभवतः हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े हैं. दक्षिण कश्मीर रेंज के डीआईजी जाविद इकबाल मट्टू ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि दो सैनिक घायल हुए हैं और उनकी हालत स्थिर बताई गई है. उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं और वह संभवतः हिज्ब-उल-मुजाहिदीन संगठन से जुड़े हैं, लेकिन सटीक विवरण ऑपरेशन समाप्त होने के बाद ही साझा किए जा सकते हैं. उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बेहीबाग इलाके के कद्देर में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मार गिराए हैं.

अंबेडकर विवाद : इंडिया ब्लॉक के सांसदों का प्रदर्शन

अंबेडकर पर शाह की टिप्पणी के मुद्दे पर राजनीति गरमायी

विरोध के बीच राज्यसभा और लोकसभा दिनभर के लिए स्थगित

एजेंसी। नयी दिल्ली

संसद की कार्यवाही गुरुवार को एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई. कांग्रेस नेता राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह की आंबेडकर पर टिप्पणी से जुड़े अलग-अलग विवादों को लेकर हंगामे के बीच राज्यसभा और लोकसभा दोनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया. गुरुवार को उच्च सदन की कार्यवाही दोबारा दोपहर दो बजे शुरू होते ही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई. इस बार हंगामे का मुद्दा बदला हुआ था. संसद में बाबा साहेब को लेकर विरोध प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और भाजपा सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की की घटना का मुद्दा राज्यसभा में उठाया गया. सभापति ने सचिव को सदन के पटल पर रखे गए उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 10 दिसंबर को प्राप्त संचार पर राज्यसभा के उपसभापति द्वारा दिया गया विस्तृत निर्णय रखने को कहा.

इसके बाद सदन में सबसे पहले सभापति ने भाजपा के राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक को बोलने का मौका दिया. कोन्याक ने सदन में बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उनके सम्मान और स्वाभिमान को गहरी ठेस पहुंचाई है. आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस बारे में सभापति से भी लिखित शिकायत कर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार का ब्यौरा दिया.

इसके बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि राहुल गांधी ने आज भाजपा के दो सांसदों को धक्का दिया, जो अब अस्पताल में भर्ती हैं. राहुल गांधी के व्यवहार के लिए पूरी कांग्रेस को संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए. संसद कुश्ती का अखाड़ा नहीं है. यह लोकतंत्र के इतिहास का काला दिन है. राहुल गांधी और कांग्रेस को इस बारे में पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए. केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने भाजपा सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की घटना की निंदा करते हुए कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की. उन्होंने इस पर निंदा प्रस्ताव पेश करने की बात कही.

इस बीच राज्यसभा में लगातार हंगामा होता रहा. सभापति जगदीप धनखड़ ने त्रिची शिवा को प्वांइट ऑफ आर्डर रखने का आग्रह किया. सांसद त्रिची शिवा ने आरोप लगाया कि वे सत्ता पक्ष को बोलने का मौका देते हैं और सदन में विपक्ष को मौका नहीं देते. संसद में भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी को रोकने की कोशिश की. इस पक्ष को कोई नहीं सुन रहा. इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया. विपक्षी सदस्य अमित शाह से माफी की मांग कर रहे थे, तो सत्ता पक्ष के सदस्य राहुल गांधी से माफी की मांग कर रहे थे. भारी हंगामे के बीच सभापति ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

इससे पहले सुबह बाबा साहेब आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी के मुद्दे पर राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ. हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू की, विपक्षी नेताओं ने गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर चर्चा कराने की मांग की. इस बीच सदस्य घनश्याम तिवाड़ी के जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ संबंधित मंत्रियों ने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखे.

असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में आठ जिहादी गिरफ्तार

एजेंसी। गुवाहाटी

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है. इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है. आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था. ऑपरेशन 'प्रगति' के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है.

गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन 'प्रगति' तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश किया गया है. पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया है. इन जिहादियों की पहचान अब्दुल करीम, मु. अब्बास अली, एनामुल हक, हमिदुल इस्लाम, मिनरूल एसके, शुरू इस्लाम मंडल, मु. साद रंदी उर्फ शाब शेख, मजिबर रहमान के रूप में की गई है. इनके पास से दौरान बांग्लादेशी दस्तावेज, कट्टरपंथी साहित्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं.

बांग्लोदश का है मास्टरमाइंड : उन्होंने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, बीते नवंबर में भारत आया था. यह आरोपित असम और पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे.

भाजपा नेता के बेटे पर जानलेवा हमला

चंडीगढ़। भाजपाके राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के बेटे आशुतोष धनखड़ पर हरियाणा के पंचकूला में जानलेवा हमला हुआ है. उन्हें पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया गया है कि आशुतोष बुधवार रात सेक्टर-12 से सेक्टर-14 स्थित अपने घर जा रहे थे. घर पहुंचने से कुछ पहले एक गाड़ी ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक किया. इस गाड़ी में करीब आधा दर्जन युवक थे. उन्होंने आशुतोष पर बेसबॉल व डंडों से हमला किया. आशुतोष की चीख सुनकर वहां कई लोग पहुंच गए और उनके परिजनों और पुलिस को सूचित किया.

'एक्स' से ट्वीट हटाने के लिए कहने पर कांग्रेस ने केंद्र पर बोला हमला

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्र की भाजपा-नीत सरकार की निंदा करते हुए कहा कि उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संसद में दिए गए उस विवादित भाषण को हटाने के लिए कहा है, जिसमें उन्होंने बाबा साहब का अपमान किया था. कांग्रेस की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि पार्टी के नेताओं, कई सांसदों, पार्टी के आधिकारिक हैंडल सहित उन्हें 'एक्स' से एक ई-मेल मिला, जिसमें कहा गया था कि भारत सरकार ने शाह के भाषण को हटाने के लिए कहा है. हालांकि, उन्होंने कहा कि 'एक्स' ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की भावना से इसे हटाने से इनकार कर दिया था. उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अगर अमित शाह को लगता है कि उनके भाषण में कुछ भी गलत नहीं है, तो उनके मंत्रालय ने 'एक्स' से इसे हटाने के लिए क्यों कहा. उन्होंने दावा किया कि यह मूल भाषण था और इसे संपादित या विकृत नहीं किया गया था.

गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला

चंडीगढ़। पंजाब के जिला गुरदासपुर की एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया गया है. बीते 26 दिन में यह छठी घटना है. बुधवार की रात हुए इस हमले की जिम्मेदारी गुरुवार को खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है. इससे पूर्व भी गुरदासपुर व अमृतसर में ग्रेनेड हमले व धमाके की घटनाएं हो चुकी हैं. पुलिस इस मामले में चुप है. जानकारी के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते कलानौर कस्बे की बख्शीवाल चौकी पर बीती रात ग्रेनेड फेंका गया. इस धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह ग्रेनेड ऑटो में सवार व्यक्ति ने फेंका है. घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. गुरुवार को दिन में बख्शीवाल चौकी में आलाधिकारी पहुंचे, लेकिन किसी ने भी हमले को लेकर अधिकारिक बयान नहीं दिया.

डॉ. सुरेंद्र थापा ने किया स्वागत

नेपाल की विदेश मंत्री राणा पहुंचीं दिल्ली

एजेंसी। नयी दिल्ली

नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा पांच दिवसीय दौरे पर गुरुवार सुबह नई दिल्ली पहुंचीं. यूरोप की 10 दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद डॉ. राणा जर्मनी से नेपाल लौटने के क्रम में यहां पहुंची हैं.डॉ. राणा के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास के कार्यवाहक राजदूत डॉ. सुरेंद्र थापा ने उनका स्वागत किया.

इस मौके पर भारतीय विदेश मंत्रालय के नेपाल डेस्क के निदेशक अमित कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे. डॉ. थापा ने एक बयान में बताया कि अपने पांच दिवसीय दौरे में डॉ. राणा दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जांच कराएंगी. इसके बाद विदेश मंत्री डॉ. राणा अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से भी मुलाकात कर सकती हैं. हालांकि अभी समय तय नहीं हो पाया है. सूत्रों ने बताया कि बीआरआई प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर करने के बाद नई दिल्ली पहुंचीं डॉ. राणा अपने भारतीय समकक्ष से मुलाकात कर अपना पक्ष रखना चाहती हैं.

ग्रीस नौका हादसा : 40 पाकिस्तानियों की मौत

पाक दूतावास ने भेजी रिपोर्ट

एजेंसी। इस्लामाबाद

ग्रीस के पास समुद्र में तीन नावों के पलटने से पाकिस्तान के कम से कम 40 नागरिकों की मौत हो गई. इनमें से सिर्फ पांच के शव खोजे जा सके हैं. बाकी के जीवित बचने की कोई संभावना नहीं है. इसलिए उनको भी मृत मान लेना चाहिए. वजह यह है कि ग्रीस तटरक्षक बल ने समुद्र में बचाव अभियान को बंद कर दिया है. ग्रीस की राजधानी एथेंस से पाकिस्तान के दूतावास ने सरकार को भेजी रिपोर्ट में यह सूचना साझा की है. जियो न्यूज चैनल में प्रसारित खबर के अनुसार, लीबिया में अभी भी 5,000 से अधिक पाकिस्तान के नागरिक हैं. वह लीबियाई और पाकिस्तानी एजेंटों के साथ यूरोप की यात्रा करने के लिए तैयार हैं. उन्होंने पाकिस्तान से वीजा प्राप्त किया और कानूनी रूप से लीबिया पहुंचे. ग्रीस के समुद्रीय जल क्षेत्र में पलटने वाली तीन नावें लीबिया के टोब्रुक बंदरगाह से आई थीं. पहले जहाज में 45 यात्री सवार थे. इनमें से छह पाकिस्तानी थे. दूसरी नाव पर सवार 47 यात्रियों में से पांच पाकिस्तानी थे. तीसरी नाव में सवार 83 यात्रियों में तीन बांग्लादेशी, दो मिस्र, दो सूडानी और 76 पाकिस्तानी शामिल थे.

हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में लगी भीषण आग

जोधपुर। शहर के बोरानाडा क्षेत्र में आई एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई. आग ज्यादा होने पर बोरानाडा, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से दमकलों को रवाना किया गया. तकरीबन एक दर्जन दमकलों ने दोपहर बाद आग पर काबू पाया. बताया गया कि बॉयलर में लगी आग के बाद वह फैल गई. बायलर से निकल रहा धुंआ काफी दूर-दूर तक नजर आया. सूचना पर बोरानाडा पुलिस भी मौके पर पहुंची. आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ. बोरानाडा थानाधिकारी शकील अहमद ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित डिजाइनर्स क्राफ्ट में सुबह आग की सूचना मिली. इस पर पुलिस वहां पहुंची. बोरानाडा, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से दमकलें आग को बुझाने के लिए पहुंची. आग बॉयलर में लगने से उसका धुंआ काफी दूर- दूर तक दिखाई दिया. आग से काफी मात्रा में लकडियां आदि जल गए. आग से कोई हताहत नहीं हुआ.

सराहनीय — राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान, गुफा इलाके में बलिदानी हुए थे 76 जवान

धुर नक्सल क्षेत्र चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय पुरस्कार

एजेंसी। सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला में देश की सबसे बड़ी नक्सली वारदात हुई थी. इसमें 76 जवान बलिदानी हो गए थे. आज उस गांव और आसपास के इलाके ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है. चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है. इसे 89.69 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर मिला है, यह उपलब्धि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई है. उल्लेखनीय है कि 15-16 नवंबर 2024 को भारत सरकार की टीम ने चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया. ओपीडी, आईपीडी लैब, लेबर रूम और प्रशासनिक कार्य जैसे सभी विभागों की समीक्षा में उच्च रैंक हासिल किया है.

राज्य के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्र चिंतागुफा ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी. यह क्षेत्र बुनियादी संसाधनों से दूर है. सड़कें, नेटवर्क और बाजार जैसी सुविधाएं सीमित हैं. लंबे समय तक नक्सल प्रभाव ने विकास कार्यों और भवन निर्माण को रोके रखा था. बारिश के मौसम में क्षेत्र टापू में बदल जाता है, जिससे पहुंचना कठिन हो जाता है. वर्ष 2020 में स्वास्थ्य भवन और आवासीय सुविधाओं का निर्माण हुआ, जिससे सेवाओं का विस्तार हुआ. राज्य और जिला के अधिकारियों, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट्स और स्थानीय लोगों के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर के मानकों को पूरा करने की तैयारी हुई. चिंतागुफा स्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत पांच उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं, जिसमें 45 धुर नक्सल प्रभावित गांव आते हैं. चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र में हर महीने औसतन 20 संस्थागत प्रसव, 1000 से अधिक ओपीडी और 100 से ज्यादा भर्ती मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं. आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिंतागुफा अब इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रतीक बन चुका है.

उल्लेखनीय है कि कोंटा ब्लॉक का यह क्षेत्र धुर नक्सल प्रभावित है, जिसके अंदरूनी गांवों में आज भी नक्सलियों की दहशत है. इस इलाके के गांव ताड़मेटला में देश की सबसे बड़ी नक्सली वारदात हुई थी, जिसमें 76 जवान बलिदानी हुए थे. वह ताड़मेटला गांव भी इसी सेक्टर में आता है, इसके अलावे सुकमा के कलेक्टर का अपहरण सहित बुरकापाल में हुए बड़ा नक्सली हमला भी इसी इलाके की घटना है.

सीएम साय से अनुराधा पौडवाल ने सौजन्य मुलाकात की : रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित उनके कक्ष में पद्मश्री अनुराधा पौडवाल ने सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ आगमन पर शॉल और बेल मेटल की नन्दी भेंट कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया. मुख्यमंत्री साय और पद्मश्री अनुराधा पौडवाल के मध्य छत्तीसगढ़ की लोककला, गीत-संगीत और संस्कृति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. इस अवसर पर विधायक और पद्मश्री अनुज शर्मा उपस्थित थे.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)